
सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 09 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 95, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 2989 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी रही और सेंसेक्स 2,989 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 890 अंक मजबूत हुआ। } 10

## मुद्रा योजना ने छोटे व्यापारियों स्टार्टअप को बनाया मजबूत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 11 वर्षों में छोटे कारोबारियों और स्टार्टअप को बिना गारंटी ऋण देकर उन्हें मजबूत बनाया है और स्वरोजगार तथा छोटे उद्योगों को नई गति दी है। } 12

# सीजफायर के बाद भी इजराइल व ईरान के हमले जारी

❍ अमेरिका के साथ दो सप्ताह तक रहेगा संघर्ष विराम ❍ दोनों पक्षों ने शर्तों के संबंध में अलग-अलग दृष्टिकोण किये प्रस्तुत

### भारतीयों को ईरान छोड़ने की सलाह

दुबई। भारत ने बुधवार को ईरान में अपने नागरिकों को हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर तेहरान स्थित अपने दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए देश से शीघ्र बाहर निकलने की सलाह दी। एक परामर्श में, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने यह भी दोहराया कि बिना दूतावास से पूर्व परामर्श और समन्वय किए किसी भी अंतरराष्ट्रीय भू सीमा के पास जाने या उस ओर जाने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए।

भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सात अप्रैल 2026 की सलाह के क्रम में और हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर, ईरान में अब भी मौजूद भारतीय नागरिकों को दूतावास के समन्वय से और दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए शीघ्रता से ईरान छोड़ने की दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है। दूतावास ने जरूरतमंद लोगों के लिए आपातकालीन संपर्क नंबर और ईमेल भी उपलब्ध कराए। यह सलाह अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के सशर्त युद्धविराम पर सहमति बनने के कुछ घंटों बाद जारी की गई, जिसमें जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना भी शामिल था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 28 फरवरी को जब संघर्ष शुरू हुआ, तब छात्रों सहित लगभग 9,000 भारतीय ईरान में थे। अब तक लगभग 1,800 भारतीय भारत लौट चुके हैं। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को संयुक्त रूप से ईरान पर हमला किया, जिसमें ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और ...शेष पृष्ठ 10 पर



**एजेंसी**

दुबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी सभ्यता को मिटा देने की धमकियों से अंतिम समय में पीछे हटने के बाद ईरान, अमेरिका और इजराइल दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। फिलहाल समझौते की शर्तों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। यह भी अभी पता नहीं है कि क्या इससे स्थायी शांति स्थापित हो सकती है, क्योंकि दोनों पक्षों ने शर्तों के संबंध में बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किए हैं। युद्धविराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान की ओर से मिसाइल हमले की सूचना दी, और कुवैत की सेना ने कहा कि उसकी सेना ड्रोन हमलों का जवाब दे रही है। वहीं, ईरान ने कहा कि उसकी एक तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने समझौते को एक नाजुक युद्धविराम बताया। बातचीत जल्द शुरू होने के संकेत मिल रहे थे, फिर भी समझौते के बारे में कई बातें अज्ञात हैं। ईरान ने कहा कि इस समझौते से उसे होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने की नयी व्यवस्था को औपचारिक रूप देने की अनुमति मिल जाएगी, लेकिन समझौते की शर्तें स्पष्ट नहीं हैं। यह भी ज्ञात नहीं है ...शेष पृष्ठ 10 पर

### इजराइल ने बेरूत पर किये हवाई हमले



बेरूत। ईरान के साथ युद्ध-विराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद इजराइल ने बुधवार दोपहर बिना किसी चेतावनी के मध्य बेरूत के घनी आबादी वाले कई आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों पर हवाई हमले किए। इजराइल ने कहा कि ईरान के साथ हुआ युद्ध-विराम समझौता लेबनान में तेहरान के समर्थन वाले उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के साथ उसकी लड़ाई पर लागू नहीं होता। हालांकि, समझौते में मध्यस्थता करने वाले पाकिस्तान ने कहा कि ईरान युद्ध में दो हफ्ते के युद्ध-विराम के तहत इजराइल अपने हमले रोक देगा। इजराइली सेना ने मध्य बेरूत, दक्षिणी लेबनान और पूर्वी बेका घाटी में 10 मिनट के अंतराल में हिजबुल्ला के 100 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया। उसने इस कार्वाई को मौजूदा युद्ध में सबसे बड़ा समन्वित हमला करार दिया। बेरूत के कई हिस्सों में आसमान में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का निधन



नयी दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने उनके निधन पर दुख जताया और इसे पार्टी एवं देश के लिए बड़ी क्षति बताया। किदवई को बुधवार शाम दिल्ली के निजामुद्दीन में स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### शराब का ठेका खोलने पर ग्रामीणों का हंगामा

मथुरा। बलदेव थाना क्षेत्र के एक गांव में शराब का ठेका खोले जाने के विरोध में गांव की महिलाओं एवं पुरुषों ने कथित रूप से ठेके में घुसकर शराब की बोतलें और दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को ठेका संचालक की शिकायत पर नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि अब पुलिस वीडियो रिकॉर्डिंग देखकर शेष आरोपी ग्रामीणों को चिह्नित कर गिरफ्तार करेगी। वर्मा ने बताया कि बलदेव थाना क्षेत्र के भरतिया गांव में कंपोजिट शराब का सरकारी ठेका खोला गया है। उन्होंने बताया कि ऐसी शिकायत मिली थी कि सोमवार को बड़ी संख्या में जुटे गांव के पुरुषों व महिलाओं ने अचानक ठेके पर धावा बोल दिया और उसे बंद कराते हुए कई घण्टों तक वहां हंगामा किया।



**आज का मौसम**

अधिकतम : 40.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

❍ भाजपा दल नहीं संकल्प : पंकज चौधरी (पृष्ठ-02)
❍ ड्रोन शक्ति का हब बन रहा है उत्तर प्रदेश (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 47 पैसे की बढ़त के साथ 92.59 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
❍ रेपो दर स्थिर रहने से रियल एस्टेट को मिलेगा समर्थन (पृष्ठ-14)

# अब खेत ही बनेंगे नवाचार की प्रयोगशाला : योगी

## कृषि को प्रोडक्शन, प्रोडक्टिविटी, प्रॉफिटेबिलिटी से प्रॉस्पेरिटी की ओर ले जाने का समय



**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ करते हुए कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए व्यापक व दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय आ गया है कि कृषि को प्रोडक्शन से प्रोडक्टिविटी, प्रोडक्टिविटी से प्रॉफिटेबिलिटी और अंततः प्रॉफिटेबिलिटी से प्रॉस्पेरिटी तक ले जाया जाए। विकसित व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब किसान समृद्ध होगा। उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे लाभप्रद और टिकाऊ बनाना आवश्यक है। प्रोडक्शन से प्रॉस्पेरिटी तक की यह यात्रा ही भविष्य का मार्ग तय करेगी और उत्तर प्रदेश इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना 2025 ...शेष पृष्ठ 10 पर

### फसलों का आंकलन कर किसानों को नुकसान का शीघ्र दें मुआवजा : सीएम

लखनऊ। असमय वर्षा, ओलावृष्टि तथा कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार प्रातः इस संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विपरीत परिस्थिति में अन्नदाता का चिंतित होना स्वाभाविक है और राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति ...शेष पृष्ठ 10 पर

### चित्रकूट में अत्याधुनिक राडार और वायु रक्षा प्रणालियां बनायेगी बीईएल

**विशेष संवाददाता**

❍ सीएम ने बीईएल को सौंपा 75 हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में 75 हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन को सौंपा। यह पहल चित्रकूट डिफेंस नोड के व्यवस्थित एवं चरणबद्ध विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण संस्थागत कदम मानी जा रही है, जो प्रदेश में रक्षा विनिर्माण अवसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक आधार के विस्तार को नई गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल उत्तर प्रदेश को रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में एक सशक्त और विश्वसनीय पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। मध्य भारत में रणनीतिक रूप से स्थित चित्रकूट नोड अपनी उत्कृष्ट लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी व भौगोलिक अनुकूलता के कारण रक्षा उत्पादन के लिए एक उभरता हुआ केंद्र बन रहा है, जो आने वाले समय में निवेश, रोजगार सृजन और उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार सिद्ध होगा। सीएम योगी ने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ...शेष पृष्ठ 10 पर

### पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी 12 प्रतिशत बढ़ी

#### केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी, जयपुर मेट्रो परियोजना का दूसरा चरण पास

**एजेंसी**

❍ राजस्थान तेल रिफाइनरी की लागत बढ़ाकर 79,459 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी से किसानों को राहत देने के लिए खरीफ सत्र 2026 के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर सब्सिडी को 12 प्रतिशत बढ़ाकर 41,534 करोड़ रुपये कर दिया है। खरीफ सत्र 2025 में सरकार ने पीएंडके उर्वरकों पर 37,216 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी।

वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जयपुर मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण को बुधवार को मंजूरी दे दी।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना के तहत 41 किलोमीटर लंबा परिपथ होगा जिसमें 36 स्टेशन शामिल होंगे और इसकी कुल लागत 13,000 करोड़ रुपये से अधिक होगी। इस परियोजना का कार्यान्वयन राजस्थान मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (आरएमआरसीएल) द्वारा किया जाएगा, जो भारत सरकार और राजस्थान सरकार का एक संयुक्त उद्यम है। सरकार ने घरेलू रिफाइनिंग और पेट्रोरसायन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को राजस्थान तेल रिफाइनरी परियोजना की लागत बढ़ाकर 79,459 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दे दी। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही हिंदुस्तान ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ अरुणाचल में जलविद्युत परियोजनाओं के लिए 40,000 करोड़ रुपये मंजूर

### मकान तोड़ने पहुंची राजस्व विभाग की टीम के सामने फांसी लगाने की कोशिश

शाहजहांपुर। जिले में सरकारी जमीन पर बने एक मकान को ध्वस्त करने गयी राजस्व विभाग की टीम और पुलिस के सामने ही मकान स्वामी और उसके दो बेटे पेड़ पर चढ़ गए और फांसी लगाने का प्रयास किया। फांसी का फंदा कस जाने पर एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जलालाबाद के उप जिलाधिकारी प्रभात कुमार राय ने बुधवार को पीटीआईभाषा को बताया कि जलालाबाद थाना क्षेत्र के मगटोरा गांव में रहने वाले धनपाल ने चकरोड की सरकारी जमीन पर अपना मकान बना लिया था, जिसकी तहसीलदार की अदालत में बेदखली का आदेश भी दिया गया था। राय ने बताया कि इसके बाद धनपाल ...शेष पृष्ठ 10 पर

### उत्तराखण्ड में धार्मिक पर्यटन को मिलेगी मजबूती

#### सचिवालय में सीएम धामी की अध्यक्षता में हुई यूआईआईडीबी की बैठक

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। गंगा और शारदा से जुड़ी परियोजनाएं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अतएव हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इनसे धार्मिक पर्यटन को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड निवेश एवं आधारभूत संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में राज्य की प्रमुख विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने



अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। इसके लिए विभागीय समन्वय को मजबूत करते हुए प्रक्रियाओं को सरल बनाने और बाधाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने आगामी छह महीनों में इन परियोजनाओं में ठोस प्रगति सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना और नियमित समीक्षा व्यवस्था लागू करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री धामी ने शारदा रिवरफ्रंट के विकास को लेकर विशेष सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले भूमि की उपलब्धता और क्षेत्र की भौगोलिक संवेदनशीलता, विशेषकर भूस्खलन के जोखिम का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए। साथ ही, घाटों के सौंदर्यीकरण और आधुनिक सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** रिजर्व बैंक ने सतर्कता बरतते हुए देखो और इंतजार करो की नीति का रुख अपनाया

### आरबीआई ने यथावत रखा रेपो रेट, वृद्धि दर 6.9 रहने का अनुमान

**एजेंसी**

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए बुधवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। आरबीआई ने इसके साथ सतर्कता बरतते हुए देखो और इंतजार करो की नीति का रुख अपनाया है। इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में लगभग 40 दिन चले युद्ध के कारण कच्चे तेल दाम में उल्लेखनीय तेजी आई है। इससे ईंधन के आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका-



इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम से वैश्विक स्तर पर पुनरुद्धार की उम्मीद भी बंधी है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की छह अप्रैल से शुरू तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए इन निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा, एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही एमपीसी ने मौद्रिक नीति के मामले में तटस्थ रुख को बनाये रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई के रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त जस-की-तस बने रहने की संभावना है। सरकार की पिछले महीने आरबीआई के लिए नए मुद्रास्फीति लक्ष्य की घोषणा के बाद यह पहली मौद्रिक नीति समीक्षा है। सरकार ने आरबीआई को मार्च, 2031 तक अगले पांच वर्षों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने की जिम्मेदारी दी है। मल्होत्रा ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### यूपी : आंधी-बारिश से फसलों को नुकसान

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश में मंगलवार से शुरू हुआ बारिश का क्रम बृहस्पतिवार तक जारी रहने के आसार हैं। इसके चलते प्रदेश के अधिकतम तापमान में आगामी 48 घंटों के दौरान छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, इसके बाद तापमान में उतनी ही बढ़ोतरी होने का भी अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। बुधवार को पूरे प्रदेश में आंधी-पानी का असर देखने को मिलेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यह मौसमी बदलाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्वी दिशा की ओर बढ़ेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मो. दानिश ने बताया कि अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और आसपास के इलाके में ओलावृष्टि की संभावना है। गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन एवं आसपास के इलाकों में 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। हरदोई, फर्रुखाबाद, ...शेष पृष्ठ 10 पर



# कृषि व खाद्य सुरक्षा मामले में आत्मनिर्भरता जरूरी : सीएम

## 2017 के पहले था अव्यवस्था-अविश्वास का दौर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को छठे उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस में कहा कि वर्ष 2017 से पहले कृषि क्षेत्र अव्यवस्था, असंगठित व्यवस्था और किसानों के गहरे अविश्वास का प्रतीक बन गया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर प्रभावी खरीद नहीं हो पाती थी, क्रय केंद्र कमजोर और बिचौलिए हावी थे। किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में कठिनाई होती थी। गन्ना किसानों को भुगतान के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता था, जिससे वे कर्ज के बोझ तले दबते चले जाते थे। वहीं 2017 के बाद सरकार ने कृषि को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी, तकनीक आधारित और किसान-केंद्रित नीतियां लागू कीं। किसान की लागत से डेढ़ गुना अधिक मूल्य पर एमएसपी खरीद सुनिश्चित की गई, डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान दिया गया। इससे किसानों में विश्वास बढ़ा और कृषि को एक लाभकारी एवं सम्मानजनक व्यवसाय के रूप में नई पहचान मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक हालातों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कृषि व खाद्य सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता अत्यंत आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, पेट्रोलियम उत्पादों की अनिश्चित उपलब्धता और उर्वरकों की कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसी परिस्थितियां यह संकेत देती हैं कि बाहरी निर्भरता देश के लिए जोखिमपूर्ण हो सकती है। ऐसे समय में भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए अपनी पारंपरिक कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाना और आधुनिक तकनीक के साथ उसे जोड़ना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर उत्पादन, प्रसंस्करण और वितरण की मजबूत व्यवस्था विकसित की जाए, तो न केवल वैश्विक संकटों का प्रभाव कम किया जा सकता है, बल्कि किसानों की आय और देश की आर्थिक स्थिरता भी सुनिश्चित की जा सकती है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उप्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव (कृषि) रविंद्र कुमार, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन (सेवानिवृत) विकास गुप्ता, इक्रीसैट हैदराबाद के महानिदेशक प्रो. हिमांशु पाठक, उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## योगी ने वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को छठे उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना 2025-26 के अंतर्गत 15 वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। वहीं, वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान अकादमी के 30 वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक एवं नवाचार पर विचार-विमर्श भी हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई पुस्तिकों का विमोचन भी किया।

लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार से डॉ. सत्य प्रकाश, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, सब्जी विज्ञान विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को, विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार से डॉ. लोकेश कुमार गंगवार, प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को, सब्जी एवं उद्यान विज्ञान के लिए डॉ. अखिलेश चन्द्र मिश्रा, प्राध्यापक, सब्जी विज्ञान विभाग, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा को, पशुपालन, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं मत्स्य विज्ञान के लिए प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार गंगवार, अध्यक्ष, पशु शल्य चिकित्सा एवं विकिरण विज्ञान विभाग, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, जैव प्रौद्योगिकी में डॉ. वैशाली, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, कृषि जैव प्रौद्योगिकी विभाग, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ, सामाजिक विज्ञान (कृषि प्रसार शिक्षा, कृषि अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, कृषि सांख्यिकी) में डॉ. कृष्ण कुमार सिंह, प्रभारी एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ/सहायक प्राध्यापक (पादप प्रजनन), सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, नगीना, बिजनौर को, विशिष्ट महिला वैज्ञानिक पुरस्कार के लिए डॉ. श्वेता, सहायक प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर, युवा वैज्ञानिक पुरस्कार में कृषि विज्ञान के लिए डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन विभाग, वानिकी महाविद्यालय, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा, सब्जी एवं उद्यान विज्ञान के लिए डॉ. मनीष पांडेय, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान विज्ञान), आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, कल्लीपुर, वाराणसी, पशुपालन, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं मत्स्य विज्ञान के लिए डॉ. प्रमिला उमराव, सहायक प्राध्यापक, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ, जैव प्रौद्योगिकी के लिए डॉ. विशाल चुग, सहायक प्राध्यापक, मौलिक एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, उद्यान महाविद्यालय, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा, साामाजिक विज्ञान (कृषि प्रसार शिक्षा, कृषि अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, सांख्यिकी) के लिए डॉ. रूपन रघुवंशी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार), आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाराबंकी, उत्कृष्ट पीएच.डी. थीसिस पुरस्कार में कृषि विज्ञान के लिए डॉ. उत्कर्ष सिंह, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, सब्जी एवं उद्यान विज्ञान के लिए डॉ. निमित सिंह, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, सामाजिक विज्ञान कृषि प्रसार शिक्षा, कृषि अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, कृषि सांख्यिकी के लिए डॉ. संदीप कुमार, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या को सम्मानित किया गया।

### इन वैज्ञानिक, संस्थान व स्टार्टअप को मिला पुरस्कार

- लैंडस्केप रीस्टोरेशन लीडरशिप अवॉर्ड-डॉ रमेश सिंह, थीम लीडर, इक्रीसेट, हैदराबाद को झांसी जिले के टहरौली क्लस्टर में उपकार के साथ उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरस्कार, उत्कृष्ट कृषि पुरस्कार विज्ञान संस्थान / कृषि विश्वविद्यालय पुरस्कार के लिए रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी, यूपी एग्री स्टार्टअप पुरस्कार के लिए ड्रोनटेक लैब, नोएडा, गरिमा डी-हाईड्रेटेड फूड एल.एल.पी., मेरठ, ग्रीनॉक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा, श्रीदेश आर्गेनिक फार्म, बागपत, वेलविद इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा तथा उत्कृष्टता प्रणामपत्र सुरेश कुमार गुप्ता को मिला। इनकी हापुड़ में 121 वर्ष पुरानी गोशाला है। वहां यह उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

## जेम पोर्टल पर खरीद में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर

विशेष संवाददाता (vol)

- इस साल 22,337 करोड़ की हुई खरीद
- स्टार्टअप उद्यमियों के व्यवसाय में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेम पोर्टल पर उत्तर प्रदेश की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए गए क्रय एवं 26 नवंबर 2024 को जारी की गई जेम क्रय नीति की बुधवार को समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश की जेम क्रय नीति की सराहना की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि केंद्र सरकार ने इसे आदर्श नीति घोषित करते हुए अन्य प्रदेशों को भी इसी प्रकार की व्यवस्था लागू करने को कहा। इस नीति से शासकीय क्रय में शुचिता, पारदर्शिता व समावेशिता में भारी वृद्धि हुई, जिससे प्रदेश सरकार को निरंतर आर्थिक व सामाजिक लाभ भी प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जेम पोर्टल पर खरीद में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 22,337 करोड़ की खरीद जेम पोर्टल की ओर से की गई, जो सरकार की पारदर्शी नीति को प्रमाणित करती है। उत्तर प्रदेश की खरीद में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का योगदान 43 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गया है। इस बढ़ोतरी में उत्तर प्रदेश आधारित सूक्ष्म व लघु उद्योग का योगदान 82 प्रतिशत पाया गया है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जेम पोर्टल के रिवर्स ऑक्शन पद्धति की ओर से 9700 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई। इसके साथ ही महिला उद्यमियों के व्यवसाय में 44 प्रतिशत, एससी-एसटी उद्यमियों के व्यवसाय में 48 प्रतिशत एवं स्टार्टअप उद्यमियों के व्यवसाय में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस पारदर्शी प्रक्रिया के कारण शासकीय क्रय प्रक्रियाओं में शिकायतों में भी 80 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई, जिससे क्रय प्रक्रिया त्वरित एवं प्रभावी हो सकी। बेहतर जेम क्रय प्रणाली के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश के क्रेताओं को कुल 42,648 करोड़ का व्यवसाय प्राप्त हुआ। इसमें से इन्हें 15,617 करोड़ का व्यवसाय उत्तर प्रदेश से प्राप्त हुआ, जबकि शेष 27 हजार से अधिक का व्यवसाय केंद्र सरकार व अन्य राज्यों द्वारा मिला। यह राज्य सरकार के विक्रेताओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को राज्य के जेम पोर्टल पर यूपी के शीर्ष 10 विभाग की ओर से की गई खरीद से भी अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि अन्य विभाग भी अनिवार्य जेम पोर्टल पर खरीद को प्रभावी बनाएं। राज्य की क्रय प्रक्रिया को और बेहतर-पारदर्शी बनाने के लिए जेम पोर्टल को कोषागार से एकीकरण एवं केंद्रीय व्यवस्था के अनुरूप पद आधारित स्थायी क्रय समिति का गठन किए जाने का निर्देश दिया, जिससे क्रय प्रक्रिया सुव्यवस्थित, उत्तरदायी, पारदर्शिता व त्वरित ढंग से हो सके।

## जनगणना 2027 के पहले चरण की तैयारी 10 तक करें पूरी : मुख्य सचिव

### प्रदेश में 5.5 लाख प्रगणकों का डिजिटल डेटाबेस तैयार, स्व-गणना पोर्टल 7 मई से होगा शुरू

विशेष संवाददाता (vol)



**22 मई से होगी मकानों की गणना**

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दो दिनों में जनगणना-2027 के पहले चरण की तैयारियां पूरी कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना-2027 के प्रथम चरण में राज्य में मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आनलाइन जुड़े भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने भी दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि घनी शहरी, झुग्गी तथा उच्च गतिशील आबादी वाले क्षेत्रों में पूर्ण और सटीक गणना सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में लगभग 5.5 लाख प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उनके सत्यापित विवरण समेत अद्यतन डिजिटल डेटाबेस 10 अप्रैल तक तैयार कर लिया जाए।

कहा कि सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को फील्ड तैनाती से पूर्व अनिवार्य, समग्र तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण 16 अप्रैल से सात मई के बीच पूरा कराया जाए। मकान सूचीकरण व गणना ब्लाकों का स्पष्ट सीमाओं के साथ सटीक तथा त्रुटिरहित निर्धारण सुनिश्चित किया जाए। तकनीकी सहायकों की भर्ती शीघ्र पूरी कर जियो-टैगिंग और सीमांकन कार्य को मजबूत बनाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी जनगणना में आम जनता के लिए स्व-गणना का प्रावधान किया गया है। सभी नागरिकों के लिए समावेशी व्यवस्था और आवश्यक सहायता सुनिश्चित करते हुए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर स्व-गणना को प्रोत्साहित किया जाए। उत्तर प्रदेश में स्व-गणना पोर्टल सात से 21 मई तक उपलब्ध रहेगा, जिस पर कोई भी नागरिक अपने परिवार की जानकारी स्वयं भर सकेगा। भारत के महारजिस्ट्रार व जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि जनगणना कार्य में अनेक अवरोध आ सकते हैं, लेकिन जिला जनगणना अधिकारी के रूप में एडीएम को देश के विकास में अपनी भूमिका को समझते हुए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। जनगणना को जन-जन की भागीदारी से जोड़ा जाए तथा इसे एक जन-अभियान बनाया जाए ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें। उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें सभी डाटा संग्रहण, प्रविष्टि, सत्यापन और निगरानी डिजिटल प्लेटफार्मों पर होगी। बैठक में जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 के पहले चरण में मकानों की गणना 22 मई से 20 जून के मध्य और दूसरे चरण में नौ फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 के मध्य होगी।

## विजय पुरुष से राष्ट्रप्रहरी राजनाथ सिंह पुस्तक का होगा विमोचन

**लखनऊ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने जनभवन जाकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेटकर विजय पुरूष से राष्ट्रप्रहरी राजनाथ सिंह पर आधारित पुस्तक विमोचन के लिए मुख्य अतिथि के किए आमंत्रित किया। उपयुक्त तिथि देने के लिए राज्यपाल ने आश्वासन दिया। तिथि मिलने के बाद पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित करेगा। अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि पुस्तक में भारत सरकार रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक में सूचनात्मक और तथ्यात्मक, सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों के साथ उनकी संगठन से लेकर सत्ता तक की यात्रा को लिपिबद्ध किया गया हैं। इस पुस्तक में एक सामान्य किसान परिवार से एक शिक्षक, एक कार्यकर्ता और एक कुशल शासक के साथ सांगठनिक क्षमता और दक्षता का रोचक तरीके से वर्णन किया गया है। संगठन में मण्डल स्तर से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक की यात्रा को बताया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के शिक्षा मन्त्री और मुख्यमंत्री से लेकर देश के गृह एवं रक्षा मंत्री रहते हुए, उनके द्वारा किये गये कार्यों को विस्तारपूर्वक समझाया गया है तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों का विभिन्न वर्गों पर पड़ने वाले सामाजिक, आर्थिक प्रभाव को बताया गया है।

## दूध उत्पादन में दूसरे राज्यों के मुकाबले यूपी नंबर वन

- 40 फीसदी दुग्ध उत्पादन बढ़ा, अकेले यूपी की 16 फीसदी हिस्सेदारी
- ग्रामीण क्षेत्रों में पांच कंपनियों के जरिए जुड़ीं चार लाख महिला किसान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पहले की तुलना में 40 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन बढ़ गया है। यही नहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यूपी सबसे सशक्त बनकर उभरा है।

देश के कुल दुग्ध उत्पादन में पांच अग्रणी राज्यों की 54 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश का योगदान 16 फीसदी तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा प्रदेश की बढ़ती ताकत और मजबूत डेयरी संरचना का स्पष्ट उदाहरण है। सीएम योगी के कार्यकाल में दुग्ध उत्पादन में जबरदस्त उछाल दर्ज हुआ है। वर्ष 2016-17 में जहां उत्पादन 277 लाख मीट्रिक टन था, वहीं वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 388 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंच गया है।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि करीब 40 प्रतिशत की यह वृद्धि प्रदेश में योजनाबद्ध विकास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जमीनी स्तर पर किए गए ठोस प्रयासों का परिणाम है। इस दुग्ध क्रांति की बड़ी ताकत ग्रामीण महिलाएं बनीं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लाखों महिलाएं डेयरी गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रदेश के 31 जिलों में महिला समूह प्रतिदिन करीब 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रहे हैं और करीब 5000 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुके हैं।

प्रदेश में पांच प्रमुख दुग्ध उत्पादक कंपनियों के जरिए करीब चार लाख महिला किसान जुड़ीं हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। फरवरी 2026 तक इन कंपनियों का कुल कारोबार पांच हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बुंदेलखंड क्षेत्र में बलिनी एमपीसीएल, पूर्वांचल में काशी एमपीसीएल, अवध क्षेत्र में सामर्थ्य एमपीसीएल, गोरखपुर मंडल में श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीसीएल, तराई क्षेत्र में सृजन एमपीसीएल से जुड़कर महिलाएं रिकॉर्ड बना रही हैं।

## मोहसिना किदवई का निधन एक युग का अंत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रही मोहसिना किदवई के निधन पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्व. मोहसिना किदवई को पुष्पाजंलि अर्पित की।

मोहसिना किदवई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मोहसिना किदवई का राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन अत्यंत प्रेरणादायी रहा है। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में ही नेहरू भवन कांग्रेस का अपना कार्यालय बन पाया और उसके उपरांत अभी कुछ दिनों पहले ही उन्होंने पॉवर ऑफ अटर्नी पर हस्ताक्षर करके नेहरू भवन को अध्यक्ष उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के नाम करने का मार्ग प्रशस्त किया। श्री राय ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में हमेशा जनसेवा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य किया। उनका निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा और उनका आदर्श हम सभी के लिए मार्गदर्शक बना रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, अखिलेश प्रताप सिंह, पप्पू चौधरी, निवर्तमान प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, सचिन रावत, डा. अमित राय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन्द्र मदान, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, ओंकारनाथ सिंह, अनुसुईया शर्मा, आरपी सिंह, साबरा खातून आदि शोक सभा उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. मोहसिना किदवई को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## सीएम के निर्णय का स्वागत सरोजनीनगर बना महापुरुष

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदेश सरकार की ओर से महापुरुषों की प्रतिमाओं के उन्नयन एवं सम्मान के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समरसता, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक वर्ष से इसी भावना के साथ व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।



क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पिछले एक वर्ष में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 20 से अधिक प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन किया गया है, जिससे सामाजिक सम्मान और जागरूकता को नई दिशा मिली है।

साथ ही, सरोजनीनगर में महाराजा बिजली पासी किला के पुनरुद्धार का मेगा प्रोजेक्ट भी तेजी से प्रगति पर है, जो क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करते हुए आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य करेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि सरोजनीनगर आज प्रदेश में महापुरुषों के सम्मान, उनकी विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी को प्रेरित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा महापुरुष किसी एक वर्ग के नहीं होते, वे पूरे राष्ट्र की प्रेरणा होते हैं। उनका सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह पहल पूरे उत्तर प्रदेश में एक जनआंदोलन का रूप लेगी और समाज को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हुए एकता और प्रेरणा का संदेश देगी।

## सांस्कृतिक पुनरुद्धार से होगा ग्रेटर आगरा का नवनिर्माण

**लखनऊ/आगरा।** पर्यटन नगरी आगरा अब केवल अपने ऐतिहासिक स्मारकों के लिए ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनरुद्धार और आधुनिक शहरी विकास के संगम के रूप में नई पहचान बनाने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर विकसित हो रहे ग्रेटर आगरा में सांस्कृतिक पुनरुद्धार के जरिए नवनिर्माण की अनूठी अवधारणा को केंद्र में रखा गया है, जहां सिंधु से लेकर कावेरी तक 10 पवित्र नदियों के नाम पर टाउनशिप बसाई जाएंगी। सबसे खास बात ये है कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने में भी ग्रेटर आगरा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह परियोजना संतुलित क्षेत्रीय विकास के विजन के अनुरूप एक नए शहरी केंद्र के रूप में उभरेगी। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण व नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम रायपुर और रहनकलां में लगभग 450 हेक्टेयर क्षेत्र में यह महत्वाकांक्षी परियोजना विकसित की जा रही है। करीब 5142 करोड़ रुपए की लागत वाली यह योजना आगरा को एक आधुनिक, योजनाबद्ध और बहुआयामी शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रेटर आगरा की सबसे बड़ी खासियत इसका सांस्कृतिक दृष्टिकोण है। यहां विकसित की जा रही 10 टाउनशिप सिंधुपुरम, गोमतीपुरम, गंगापुरम, यमुनापुरम, बेतवापुरम, महानदीपुरम, नर्मदापुरम, गोदावरीपुरम, कृष्णापुरम और कावेरीपुरम भारतीय सभ्यता की पवित्र नदियों के नाम पर बसाई जा रहीं हैं। यह पहल न केवल भारतीय संस्कृति को सम्मान देती है, बल्कि शहर के विकास को एक नई पहचान भी प्रदान करती है। इन टाउनशिप में लगभग 1.5 लाख लोगों के लिए आधुनिक आवासीय सुविधाएं विकसित की जा रहीं हैं। कुल 4712 भूखंडों में आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, कमर्शियल और मिश्रित उपयोग के प्लॉट शामिल हैं। यहां स्कूल, अस्पताल, कम्युनिटी सेंटर, होटल, बैंक, डाकघर, पुलिस चौकी और फायर स्टेशन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे यह क्षेत्र पूरी तरह आत्मनिर्भर बन सके।

## अखिलेश की नीयत में संविधान के प्रति सम्मान नहीं : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह वक्तव्य न केवल लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विरुद्ध है, बल्कि देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी है।

पंकज चौधरी ने कहा कि आजकल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष को संविधान की याद कुछ ज्यादा ही आ रही है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि उनकी नीयत में संविधान के प्रति सम्मान नहीं, बल्कि सिर्फ सत्ता प्राप्ति की बेचैनी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जब-जब समाजवादी पार्टी को जनता का समर्थन नहीं मिलता, तब-तब वह लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल खड़े कर अपनी राजनीतिक हताशा को छिपाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि जब चुनाव जीतें तो व्यवस्था अच्छी और जब हार जाएं तो चुनाव आयोग खराब, यह दोहरा चरित्र अब प्रदेश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है। जनता ऐसे अवसरवादी और सुविधानुसार बदलने वाले राजनीतिक आचरण को स्वीकार करने वाली नहीं है। श्री चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष की वर्तमान भाषा और राजनीतिक व्यवहार यह दशार्ता है कि वे अपनी खिसकती हुई राजनीतिक जमीन से अत्यंत परेशान हैं। अपने सहयोगियों की पराजय और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर व्याप्त असुरक्षा के कारण अब वे राष्ट्र, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को भी कटघरे में खड़ा करने से नहीं हिचक रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर संविधान की दुहाई देना और दूसरी ओर चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों एवं जांच एजेंसियों जैसी संस्थाओं को लगातार निशाना बनाना, समाजवादी पार्टी की अराजक मानसिकता को उजागर करता है। यह वही राजनीति है, जिसने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की बजाय परिवारवाद, तुष्टिकरण और सत्ता-स्वार्थ को प्राथमिकता दी।

पंकज चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी जिस परिवारवादी सियासत के महल में बैठकर राजनीति कर रही है, उसकी नींव अब प्रदेश की जनता के बीच कमजोर पड़ चुकी है। उत्तर प्रदेश की जनता अब विकास, सुशासन, सुरक्षा और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है और भ्रम, प्रपंच तथा संस्थाओं के अपमान की राजनीति को पूरी तरह नकार चुकी है।

## मतदाताओं के वोट काटने की हो रही साजिश : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है। मतदाताओं के वोट काटने की साजिश हो रही है। मतदाताओं का वोट काटकर भय पैदा किया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के पीडीए प्रहरियों ने फर्जी दस्तखत से वोट कटवाने वालों को पकड़ा लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को कानपुर के एक दिवसीय दौरे के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर कानपुर को अपनी पहचान दिलाने क लिए कानपुर-इटावा-कन्नौज को टेज्ड ट्राइंगल के रूप में विकसित किया जाएगा। कानपुर की लाल इमली कारखाना को चलाया जाएगा। लाल इमली कारखाना, लाल टोपी वाले ही चला सकते है। हम कानपुर के विकास को गति देंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने कानपुर में विकास के बहुत काम किये थे। कानपुर में मेट्रो रेल बनाया। पनकी में बिजली कारखाना, घाटमपुर में निवेली लिग्नाइट बिजली कारखाना, अमूल प्लांट समेत कई कारखाने समाजवादी सरकार ने दिये हैं। ये सब कारखाने समाजवादी सरकार की औद्योगिक नीति के तहत आये थे।

श्री यादव ने कहा कि कानपुर रोजगार उद्योग, कारखानों, रिसर्च के मामले आगे हैं। समाजवादी इसे और आगे ले जाएगी। कानपुर में नदियों का बुरा हाल है। भाजपा सरकार ने नदियों में गंदगी और ज्यादा फैला दी है। भाजपा सरकार ने नदियों की सफाई का झूठा वादा किया था। नदियों की सफाई का आया बजट का बंदरबांट हो गया। नदियों की सफाई नहीं हुई। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे समेत प्रदेश की कई सड़कें ऐसी है जो उद्घाटन के साथ ही उखड़ और धंस गयी।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में शिक्षामित्रों को 40 हजार रुपये वेतन मिलता था। इस सरकार ने नौ साल तक शिक्षामित्रों को धोखा दिया है। अब मानदेय बढ़ाया तो भी समाजवादी सरकार से 22 हजार रुपए कम है।

संक्षेप

## हत्या और गैर इरादतन हत्या में 7 को सजा

सिद्धार्थनगर- जिला न्यायालय ने मंगलवार, 7 अप्रैल को हत्या और गैर इरादतन हत्या के मामलों में कुल सात आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। अदालत ने अलग-अलग मामलों में सुनवाई के बाद दोषियों को आजीवन कारावास से लेकर 10 वर्ष तक की सजा और आर्थिक दंड से दंडित किया। पहले मामले में, जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के गोनहा गांव निवासी तोलन, किसलावती और बरसाती को हत्या सहित अन्य धाराओं में दोषी पाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रफी की अदालत ने तीनों को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। हत्या के प्रयास के मामले में उन्हें 10-10 वर्ष का कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया गया। अन्य धाराओं के तहत तीन-तीन वर्ष की सजा और जुर्माना भी निर्धारित किया गया। दूसरे मामले में, बांसी थाना क्षेत्र के सिकटा टोला लोधपुरवा निवासी राजाराम, इन्नल, सुनील और लालबहादुर लोध को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश आर्य की अदालत ने चारों आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने से संबंधित अन्य मामलों में भी उन्हें अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई गई। दोनों ही मामलों में पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के कारण अदालत ने आरोपियों को दोषी मानते हुए सख्त सजा सुनाई। न्यायालय के इन निर्णयों से गंभीर अपराधों के प्रति एक कड़ा संदेश गया है और पीड़ित पक्षों को न्याय मिला है।

## रात्रि पुलिस गश्त तेज

सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए रात्रि पुलिस गश्त तेज कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए कोतवाल बांसी के नेतृत्व में पुलिस लगातार सक्रिय बनी हुई है। उनकी सतर्क कार्यशैली और सख्त निगरानी के चलते असामाजिक तत्वों में खौफ का माहौल है और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होती नजर आ रही है।

# 55.88 लाख रुपये से चमकेगा बनीनाथ धाम

## वॉयस ऑफ लखनऊ के खबर का हुआ असर

### जल्द ही आवागमन के लिए मार्ग भी बनेगा : विधायक



एस.पी. सिंह परिहार

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जनपद के विकास खण्ड इकौना स्थित पौराणिक एवं आस्था के केंद्र स्वयंभू पांडवकालीन बाबा बनीनाथ धाम के कायाकल्प, संवर्धन और सौंदर्यीकरण को लेकर अब ठोस पहल प्रारंभ हो चुका है। लंबे समय से उपेक्षित इस दिव्य और आध्यात्मिक तीर्थस्थल के विकास हेतु स्वीकृत 55.88 लाख रुपये की परियोजना ने क्षेत्रवासियों के मन में नई आशा, उत्साह, आत्मीयता और धार्मिक चेतना का संचार किया है।

उल्लेखनीय है कि इस मंदिर के समग्र विकास को लेकर हिंदी दैनिक ह्लवॉयस ऑफ लखनऊह्व द्वारा पूर्व में कई बार प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए गए थे। निरंतर उठाई गई इस मांग के परिणामस्वरूप यह विषय शासन-प्रशासन के संज्ञान, प्राथमिकता और गंभीरता के केंद्र में आया तथा अब इसे धरातल पर उतारने की प्रक्रिया सक्रिय हो गई है।

श्रावस्ती विधायक, जिन्हें क्षेत्र में धर्मध्वज रक्षक के रूप में भी जाना जाता है, ने भी अपने वॉयस ऑफ लखनऊ को दिए गए बयान में कहा था कि इस मंदिर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता, समर्पण और दृढ़ संकल्प व्यक्त किया हूं।

उन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित विभागों से निरंतर संवाद और प्रयास किया। पर्यटन विभाग द्वारा परियोजना को स्वीकृति मिलने के बाद विधायक ने इसे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक, महत्वपूर्ण और मील का पत्थर बताया।

उन्होंने कहा कि मंदिर तक जाने वाला मार्ग अत्यंत जर्जर और कच्चा होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों और असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु प्रस्ताव भी भेजा गया है और शीघ्र ही शासन स्तर पर समन्वय स्थापित कर मार्ग को सुगम एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा।

विभाग की स्वीकृति परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर में आधुनिक



सुविधाओं का समावेश, विकास और व्यवस्थित विस्तार किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं के लिए भव्य मल्टीपरपज हॉल, स्वच्छ एवं सुलभ प्रसाधन, निर्मल पेयजल की समुचित व्यवस्था, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, विश्राम हेतु बेंच तथा नवीन तकनीक से युक्त बारकोड साइनज स्थापित किए जाएंगे। यह सभी व्यवस्थाएं तीर्थस्थल को अधिक आकर्षक, सुगम, सुविधाजनक और पर्यटन अनुकूल बनाएंगी। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, लखनऊ के माध्यम से संचालित इस परियोजना की निगरानी महाप्रबंधक (तकनीकी) द्वारा की जाएगी तथा इसे निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह विकास कार्य न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को नई दिशा, गति और पहचान प्रदान करेगा। साथ ही, इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, आर्थिक सशक्तिकरण और क्षेत्रीय विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। इस प्रकार, बनीनाथ धाम का यह कायाकल्प श्रावस्ती को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सार्थक और प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

## अमेरिका - इजराइल व ईरान के बीच हुए सीज फायर देश दुनिया के लिए राहतः प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने ईरान इजराइल व अमेरिका के बीच दो सप्ताह के लिए हुए सीजफायर को देश दुनिया के लिए राहत भरा कदम करार दिया है।

उन्होने कहा कि भयानक और विध्वंसकारी युद्ध के इस दो सप्ताह के सीजफायर से अमन चैन की इच्छा रखने वाले हर किसी को प्रसन्नता महसूस हुई है। बुधवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि सभी पक्षों को सदबुद्धि के साथ इस सीजफायर को पूर्ण युद्ध विराम में बदलने के लिए सकारात्मक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होने अपेक्षा जतायी है कि युद्ध के सदासर्वदा के लिए रूक जाने के साथ व्यापक पैमाने पर धन जन की हानि भी समाप्त हो सकेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी ने हैरानी जताते हुए कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी है। उन्होने कहा कि देश की विदेश नीति के लिए यह गहरा आघात होगा कि आगामी दस अप्रैल को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में यह तीनों देश संधि वार्ता करेंगे। उन्होने कहा कि इस संधि वार्ता की पृष्ठभूमि का सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि चीन द्वारा इस युद्ध विराम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी है। उन्होने कहा कि पाकिस्तान से पोषित आतंकवाद और संरक्षण के कारण सबसे बड़ी पीड़ा और दंश तथा जहर भारत को भुगतना पड़ता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यदि संधि वार्ता इस्लामाबाद में हुई तो हम दिल्ली से मात्र संधि वार्ता होते हुए देखेंगे और मात्र मूकदर्शक बने रहेंगे।

## नव मनोनीत सभासदों को समारोहपूर्वक दिलायी गयी शपथ





प्रतापगढ़। शासन द्वारा नगर पंचायत के लिए नामित सभासदो का बुधवार को समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने नामित सभासद राजेश तिवारी, राजकुमार बरनवाल व बिन्दु शर्मा को पद का प्रतिज्ञान कराया। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने नगर के विकास में रचनात्मक सोच के साथ सामूहिक संकल्प पर जोर दिया। उन्होने कहा कि लालगंज आदर्श नगर पंचायत में विकास तथा जनसुविधाओं के लिए सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। नगर पंचायत के समग्र विकास को लेकर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि अनीता द्विवेदी के प्रयासों को जमकर सराहा। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने भी विकास तथा शासकीय योजनाओं के संचालन में स्वायत्तशाषी संस्थाओं की रचनात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल प्रभारी बृजेशचंद्र पाण्डेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र एवं अनिल शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। प्रारम्भ में अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने नव मनोनीत सभासदों व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह को भाजपा नेता ललित तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, पूर्व सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, हरिशंकर द्विवेदी, बृजेन्द्र तिवारी, ललित तिवारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉ0 रामसमुझ मिश्र अकेला, मिथलेश जायसवाल, हेमन्त पाण्डेय, अरूण गुप्ता, प्रवीण शुक्ला, सुधा पाण्डेय, रिंकू शुक्ला, लालजी तिवारी, कपिल तिवारी, रमाशंकर तिवारी, पप्पू मिश्र आदि रहे।

## अग्नि के आपदा प्रबंधन व बचाव को लेकर छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक



प्रतापगढ़। अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बुधवार को अग्निशमन जागरूकता को लेकर छात्र छात्राओं के बीच फायर एवं आपदा प्रबंधन को लेकर बचाव के उपाय को लेकर जानकारियां प्रदान की गयी। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेण्ट तथा जिले की अग्निशमन एवं आपात सेवा के तत्वाधान में जागरूकता को लेकर फायर बिग्रेड टीम द्वारा फायर ड्रिल, मॉक ड्रिल तथा इवेक्वेशन ड्रिल के जरिए बचाव का गुर बताया गया। अग्निशमन केन्द्र प्रतापगढ़ के प्रभारी राधेश्याम दुबे ने आपातकालीन परिस्थितियों में आग लगने पर सुरक्षित निकासी व प्राथमिक सुरक्षा के उपायों पर प्रकाश डाला गया। वहीं विभाग के विजय बहादुर यादव, अवनीश कुमार, अमितेश एवं शिवम द्वारा आग बुझाने की तकनीकी का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा ने किया। उन्होने विद्यालय में इस कार्यक्रम को शैक्षिक ज्ञान के साथ जीवन रक्षक कौशल की जानकारी के लिए लाभप्रद बताया। संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्र, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र व सीमा मिश्रा ने अग्निशमन विभाग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम को लेकर आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर हिमांशु शुक्ला, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, श्यामशंकर मिश्र, मनोज शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, शरद मिश्र, राजीव रत्न त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ल, विवेक पाण्डेय, श्रुति शुक्ला, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव व अनिल द्विवेदी आदि रहे।

## गैर शुल्क अदायगी के साथ ईंट निर्माण को लेकर प्रशासन ने कसा शिकंजा



प्रतापगढ़। विनियमन शुल्क जमा करने में लापरवाही को लेकर प्रशासन द्वारा ईट भटठो पर शिकंजा कसे जाने के अभियान को लेकर तहसील क्षेत्र में हडकंप का माहौल दिखा है। लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने खनन टीम के साथ पतुलकी गांव में संचालित हो रहे बीपीएस ईट उद्योग के द्वारा पिछले दो वर्षो से बिना विनियमन शुल्क के मिटटी के खनन को लेकर गहन पड़ताल की। मंगलवार की देर शाम एसडीएम की अगुवाई में फोर्स व टीम के अचानक ईट उद्योग आ धमकने पर हडकंप मच गया। जांच में पाये गये कि संचालको द्वारा पिछले दो वर्षो से अवैध रूप से मिटटी का खनन करते हुए ईट निर्माण को लेकर भटठे का संचालन किया जा रहा है। विभाग द्वारा नोटिस के बावजूद शुल्क अदायगी में अनसुनी को लेकर एसडीएम ने कडी नाराजगी जतायी। टीम ने राजस्व क्षति को देखते हुए भटठे पर मिटटी खनन में लगे एक टैज्क्टर ट्राली को कब्जे में लेकर लीलापुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि बिना विनियमन शुल्क जमा किये ईट निर्माण में लगे भटठों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासनिक कार्रवाई से ईट भटठो के संचालकों में बुधवार को भी हडकंप मचा हुआ दिखा।

## श्रावस्ती मॉडल से 60 भूमि विवादों का मौके पर निस्तारण



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर जनपद में ह्यश्रावस्ती मॉडलह्ण के तहत भूमि विवादों के निस्तारण का अभियान शुरू कर दिया गया है। इस पहल के तहत राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गांवों में पहुंचकर मौके पर ही विवाद सुलझा रही है। 07 अप्रैल को अभियान के पहले दिन तीनों तहसीलों में कुल 60 मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें तहसील भिनगा में 6, इकौना में 44 और जमुनहा में 10 मामले शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि लोगों को भूमि विवादों में जल्दी न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। पहले चरण में 190 गांवों को इस अभियान में शामिल किया गया है। हर थाने पर राजस्व और पुलिस की दो-दो टीमें बनाई गई हैं, जो हर मंगलवार और शुक्रवार को गांवों में जाकर दोनों पक्षों की सहमति से विवाद सुलझाएंगी। प्रशासन का कहना है कि इस अभियान से गांवों में छोटे-बड़े भूमि विवाद जल्दी खत्म होंगे और लोगों को राहत मिलेगी।

## मिठवल ब्लॉक क्षेत्र में बाल पुष्टाहार योजना का हाल बेहाल

बांसी सिद्धार्थनगर जनपद के मिठवल ब्लॉक क्षेत्र में संचालित सरकारी पोषण योजनाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों को मिलने वाला पुष्टाहार कथित रूप से जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। सूत्रों के अनुसार, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की मनमानी के चलते सरकारी राशन—जैसे दाल, रिफाइंड तेल व अन्य पोषाहार सामग्री—पात्र लाभार्थियों को वितरित करने के बजाय अवैध रूप से बेचे जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। इससे क्षेत्र में कुपोषण से निपटने के सरकारी प्रयासों को गहरा झटका लग रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। यदि समय रहते जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो इसका सीधा असर बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने की मांग की है।

## ग्रामीणों की जिंदादिली ने आग से बचाया हजारों टन गेहूं

**पटखौली खुर्द,श्रावस्ती।** बीती रात लगभग 7 बजे ब्लॉक इकौना अंतर्गत पटखौली खुर्द ग्राम सभा में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सड़क किनारे लगे सूखे कुश और झाड़ियों में अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 50 मीटर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। इसी दौरान मौसम ने भी करवट बदली और तेज आंधी चलने लगी, जिससे आग और तेजी से फैलने लगी। स्थिति बेहद गंभीर थी, क्योंकि आसपास करीब आधा किलोमीटर तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। ऐसे कठिन हालात में ग्रामवासियों ने अद्भुत साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। बच्चे, बुजुर्ग और युवा—एकजुट होकर आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने पास के खेतों की मिट्टी निकालकर आग पर डालना शुरू किया, जिससे आग की तीव्रता धीरे-धीरे कम होने लगी। धीरे धीरे आग ने बढ़ना कम कर दिया। गांव निवासी व समाजसेवी राजेश कुमार सिंह ने तत्काल दमकल विभाग और 112 सेवा को सूचना दी। करीब 25 मिनट में दमकल टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामवासियों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस साहसिक प्रयास के चलते कई किलोमीटर तक फैली गेहूं की फसल सुरक्षित बचा ली गई। ग्रामवासियों की एकजुटता और वीरता की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

## अग्निकांड रोकथाम को डीएम ने जारी किए सख्त निर्देश

**श्रावस्ती।** जनपद में बढ़ती अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने प्रभावी नियंत्रण के लिए अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव को नोडल अधिकारी नामित करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि बिजली के ढीले तारों को तुरंत ठीक कराया जाए, ताकि हवा या आंधी के दौरान तारों के टकराने से आग लगने की घटनाएं न हों। साथ ही, तेज हवा के समय ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। किसानों को जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। उन्हें बताया जाएगा कि बिजली के तारों के नीचे खलिहान का कार्य न करें और ट्रांसफार्मर के आसपास की फसल समय रहते काट लें, जिससे आग फैलने का खतरा कम हो सके। ट्रांसफार्मरों का ऑडिट कर सही क्षमता के अनुसार स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फूस के मकानों में चूल्हे से लगने वाली आग को रोकने के लिए चूल्हों के ऊपर टीन शेड या एजबेस्टस शीट लगाने की सलाह दी गई है। जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि अग्निशमन विभाग पूरी तरह सक्रिय है। हाल ही में हुए अग्निकांडों में आपदा मित्रों की भूमिका सराहनीय रही है।

## कटहना चौराहे पर मिठाई की दुकान में लगी आग



सिद्धार्थनगर- जोगिया क्षेत्र के कटहना चौराहे पर लव कुश मोदनवाल की दुकान में बुधवार की सुबह करीब 3 बजे में अचानक आग लग गई, जिससे पूरी दुकान जलकर राख हो गई। उस समय आसपास कोई मौजूद नहीं था। आग की लपटें बढ़ने के बाद इसकी जानकारी लव कुश मोदनवाल को हुई। वे मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। भोर होते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह राख में तब्दील हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि लव कुश मोदनवाल का परिवार इसी दुकान से अपना जीवनयापन करता था और उनके पास आय का कोई अन्य साधन नहीं है। दुकान जलने से परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना के समय समाजसेवी सतीश चौबे, करिया विश्वकर्मा, सचिंद्रनाथ मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। वहीं, राजस्व निरीक्षक राजेश गुप्ता ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन करने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, जोगिया थाना के उपनिरीक्षक अवधेश यादव ने बताया कि आग लगने की किसी भी घटना की तहरीर नहीं मिली है। यदि इस प्रकार की कोई भी तहरीर मिलती है तो जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी

## नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म,सात पर केस दर्ज

बरेली। जिले के भोजीपुरा क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा का अश्लील वीडियो प्रसारित करने का डर दिखाकर उससे सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में एक रेस्टोरेंट मालिक समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी क्षेत्र) मुकेश चंद्र मिश्र ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बुधवार को बताया कि भोजीपुरा क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट में ऊपर बने एक कमरे में गत दो अप्रैल को 16 वर्षीय एक छात्रा से उसी के समुदाय के उसके दोस्त असद समेत छह लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया।

उन्होंने बताया कि भोजीपुरा थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पिछले महीने 19 मार्च को जादौपुर खजुरिया के रहने वाले असद हैदर ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर खजुरिया स्थित सैफी कैफे के ऊपर बने एक कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोप है कि इसी दौरान असद ने वारदात का वीडियो भी बना लिया और किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जिससे डरी-सहमी छात्रा ने असद से मिलना बंद कर दिया था। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि पिछली दो अप्रैल की दोपहर जब छात्रा अपना परीक्षा अंक पत्र लेने के लिए स्कूल जा रही थी तभी रास्ते में धौरा टांडा निवासी चांद नामक युवक ने उसे रोका और धमकी दी कि अगर वह असद से नहीं मिली तो उसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल कर दिया जाएगा।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदनामी के डर से घबराई छात्रा को चांद अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर दोबारा उसी सैफी कैफे के ऊपर बने कमरे में ले गया। उन्होंने बताया कि छात्रा का आरोप है कि कमरे में असद, समीर अहमद, बंटी और दो अन्य अज्ञात लड़के पहले से मौजूद थे। छात्रा का आरोप है कि वहां सभी छह आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि घटना के दिन पीड़िता रास्ते में एक व्यक्ति को बदहवास हालत में मिली, जिसने उसे उसके घर पहुंचाया। परिजन का दावा है की डर की वजह से छात्रा ने दो दिन तक उन्हें कुछ भी नहीं बताया लेकिन उसकी खराब हालत को देखकर जब उससे पूछा गया तो उसने चार अप्रैल को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया।

## खेसरहा में दो आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिले



सिद्धार्थनगर- खेसरहा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान दो आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए गए। इस पर विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित कार्यकताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ये केंद्र नगवा तृतीय और पचमोहनी में स्थित हैं, जहां जांच के दौरान ताले लटके मिले। नीति आयोग के तहत जारी सूचकांकों के अनुपालन की समीक्षा के लिए मंगलवार को आकांक्षी ब्लॉक के शोधार्थी दुर्गेश गुप्त निरीक्षण पर थे। उन्होंने सबसे पहले नगवा तृतीय आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया, जो बंद पाया गया। इसके बाद पचमोहनी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया, वह भी बंद मिला। स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि ये दोनों केंद्र अक्सर बंद रहते हैं। शोधार्थी दुर्गेश गुप्त ने तत्काल इसकी सूचना बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) मनोज कुमार शुक्ल को दी। सीडीपीओ मनोज कुमार शुक्ल ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने नगवा तृतीय की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारा, तथा पचमोहनी की कार्यकर्ता अफरोज और सहायिका पुष्पा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही, इन सभी का मानदेय भी रोक दिया गया है सीडीपीओ मनोज कुमार शुक्ल ने स्पष्ट किया कि दोनों केंद्रों के बंद मिलने के बाद संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि कोई अन्य आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से आंगनबाड़ी कर्मियों में हड़कंप मच गया है। सभी को नियमित रूप से केंद्र संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## डिंडई थाना में पीस कमेटी की बैठक



सिद्धार्थनगर- जिले के डिंडई थाना में अंबेडकर जयंती के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न हुई, जिसमें त्योहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह बैठक पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बाँसी शुभेंदु सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई थी। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, ग्राम प्रधान, अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजक और अंबेडकर जयंती के अवसर पर जुलूस निकालने वाले लोग शामिल हुए। सभी उपस्थित लोगों से त्योहार के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस अवसर पर थाना डिंडई के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

## जोगिया उदयपुर ब्लॉक में सचिवों पर टेंडर घोटाले के आरोप, जांच की मांग तेज

सिद्धार्थनगर। जिले जोगिया उदयपुर ब्लॉक में तैनात कुछ ग्राम पंचायत सचिव इन दिनों गंभीर आरोपों के चलते सुर्खियों में हैं। आरोप है कि ये सचिव शासनादेश की अनदेखी करते हुए ग्राम पंचायतों के सरकारी टेंडर की निविदाएं ऐसे समाचार पत्रों में प्रकाशित करा रहे हैं, जिनके पास डीएबीपी और आरएनआई की मान्यता नहीं है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले में मोटे कमीशन का खेल चल रहा है। आरोप है कि नियमों के विपरीत प्रकाशन कराकर टेंडर प्रक्रिया में करीब 50 प्रतिशत तक कमीशन लिया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और लाखों रुपये के वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है।

शासनादेश के अनुसार, ग्राम पंचायतों की टेंडर निविदा का प्रकाशन केवल डीएबीपी मान्यता प्राप्त समाचार पत्रों में ही किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद नियमों की खुलेआम अनदेखी से संबंधित सचिवों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर मान्यता प्राप्त समाचार पत्रों के पत्रकारों में भी रोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि अनियमित तरीके से कमीशन के लालच में गैर-मान्यता प्राप्त पत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस तरह के कारनामों को अंजाम देने में काफी वर्षों से कुंडली मार कर बैठे खेसरहा ब्लाक में तैनात कई ग्राम पं0 सचिव साहेबान भी सामिल है जो अबतक अल्प नौकरी के कार्य काल में करोड़ों की अनुकूत सम्पत्ति हासिल कर चुके हैं, उक्त मामले में अब निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह भ्रष्टाचार और अधिक बढ़ सकता है।

## अनुबंधित बस ने खड़ी ट्रेलर में मारी ठोकर, एक महिला समेत 6 घायल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डुमरी खुर्द के समीप बुधवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे गिट्टी लदीं खड़ी ट्रेलर में पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनुबंधित बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार 06 लोगों को हल्की फुल्की चोटें आई। संयोग अच्छा रहा कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। बताते चलें कि चौरीचौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खुर्द के पास एक गिट्टी लदीं ट्रेलर खड़ी थी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोरखपुर से देवरिया की ओर आ रही सवारियों से भरी अनुबंधित बस ने पीछे से जोरदार टक्कर ट्रेलर में मार दिया।

### सूचना

मेरा वास्तविक नाम मनोज कुमार गुप्ता पुत्र विशम्भर नाथ गुप्ता जन्म 05/01/1981 पता- वार्ड नं 9 भीखीगंज, नगर पंचायत गोला बाजार, पोस्ट/थाना व तहसील- गोला, जिला- गोरखपुर का निवासी हूँ। जो त्रुटिवश पासपोर्ट में पिता का नाम विशम्भर तथा जन्म तिथि 15/12/1976 गलत अंकित हो गया था। अतः मुझे उपरोक्त नाम व पिता का नाम तथा उपरोक्त पता के जाना व पहचाना जाता है। **मनोज कुमार गुप्ता पुत्र विशम्भर नाथ गुप्ता, पता- वार्ड नं 9 भीखीगंज, नगर पंचायत गोला बाजार, जिला- गोरखपुर।**

# विकास योजनाओं पर हुआ मंथन

## गगहा ब्लाक : क्षेत्र पंचायत की बैठक में गूंजा गांवों के समग्र विकास का मुद्दा

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा ब्लाक सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गांवों के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बैठक में सड़क, नाली, आवास, पेंशन, साफ-सफाई समेत बुनियादी सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।




ब्लॉक प्रमुख ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में ह्लडबल इंजनह्व की सरकार होने के कारण विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जिन ग्राम पंचायतों में अब तक क्षेत्र पंचायत निधि से कार्य नहीं हो सके हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाएगा, ताकि कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विमलेश पासवान ने कहा कि भारत गांवों का देश है और केंद्र व राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे आवागमन सुगम हो सके। ब्लॉक प्रमुख गगहा ने जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष में लोहरापार, नरें, जमीन लौहरपुर, गांगूपार, मिश्रौली, जमीन भींटी, नेवास, बैदौली, हटवा, मंझरिया और मेहदिया समेत करीब एक दर्जन गांवों में क्षेत्र पंचायत निधि से सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। शेष गांवों में भी शीघ्र विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायतों की मजबूती से ही देश मजबूत होगा। वर्तमान समय में जहां विश्व के कई देशों में ईंधन जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संकट की स्थिति है, वहीं भारत में स्थिति संतुलित और नियंत्रित है। खंड विकास अधिकारी गगहा रजत गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों में यदि कहीं कोई बाधा आती है, तो जनप्रतिनिधि सीधे उन्हें अवगत कराएं, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी, आयुष्मान कार्ड और पीएम सूर्य घर योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव आशुतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी सुनील यादव, दिनकर चंद, युवा नेता दीपक चंद, थाना प्रभारी गगहा जगदीश प्रसाद पाल, अरविंद शाही, राकेश गौड़, सीएचसी प्रभारी बृजेश वरनवाल, भास्कर तिवारी, अनिल शाही, विक्की निषाद, मुन्ना चंद, सुजीत पांडेय, धीरज कुमार, संतोष चंद, ब्रह्मानंद यादव, विनय कुमार, वरुण शंकर पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध से बचना है तो, किसी को न बतायें अपनी बैंक डीटेल और ओटीपी



गोला, गोरखपुर। केशवापार स्थित स्वामी विवेकानंद स्मारक महाविद्यालय चाडी केशवापार में बुधवार को साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम एवं स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि थाना गोला के उपनिरीक्षक व साइबर क्राइम प्रभारी राम मुकुंद कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। तदुपरांत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों से लोगों का डाटा चोरी कर उसका दुरुपयोग करते हैं, जैसे मोबाइल से ओटीपी प्राप्त कर खाते से पैसा निकाल लेना या एआई के जरिए धोखाधड़ी करना। उन्होंने कहा कि अपराधी लालच देकर, जैसे लॉटरी या पुराने सिक्कों के बदले अधिक पैसे देने का झांसा देकर, या डराकर लोगों से धन ऐंठते हैं। कांस्टेबल अविनाश सोनकर ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराधी हमारे आसपास ही सक्रिय रहते हैं, इसलिए किसी को भी अपने बैंक खाते या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर समय रहते शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। वहीं कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बेहतर प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बबीता सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा नजमा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम में डॉ. संजीव सिंह, मारकंडे दुबे, विनोद सिंह, कमलेश कुमार, लव तिवारी व पुलिस बल से कांस्टेबल अविनाश सोनकर सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पंचायत भवन पर फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन



चरगांवा, गोरखपुर। तहसील सदर अन्तर्गत चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल धूसड़ स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय (पंचायत भवन) परिसर में ग्राम पंचायत प्रधान राजेन्द्र निषाद व उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के सदर तहसील इकाई के अध्यक्ष अनिल राय के संयुक्त नेतृत्व में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन किया गया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष श्री राय ने बताया कि जंगल धूसर ग्राम पंचायत शहर के निकतवर्ती जुड़ा हुआ ग्राम पंचायत हैं यहां बाहरी लोगों ने प्लॉट क्रय कर के छोड़ दिया हैं या आवास बनवा लिया है, आवासीय प्लाट के भू स्वामियों की संख्या अधिक होने व कृषि योग्य संक्रमण भूमिधर किसानों की संख्या कम होने की वजह से 45 प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य ही जंगल धूसर में पूर्ण हो पाया हैं। खतौनी में जो भी मामूली विसंगतियां हैं उसे तहसील स्तर से दूर करने के लिए प्रयास किया जा रहा हैं। दिन में 10 बजे से शुरू हुए फॉर्मर रजिस्ट्री कैम्प में लेखपाल अनिल राय, ग्राम प्रधान राजेंद्र निषाद, हेमलता चौहान, बिरजू चौहान एवम्ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सचिन गौरी वर्मा ने विधायक से किया सड़क बनवाने व नामकरण की मांग




चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौरीचौरा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सचिन गौरी वर्मा ने बुधवार को विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद को औपचारिक पत्र देकर अपने आवास के पास से लगभग 250 मीटर लम्बी सड़क बनवाने व मरम्मत कराने तथा सड़क का नामकरण करने की मांग किया है। सचिन गौरी वर्मा ने बताया कि यह मार्ग खेत से मुख्य सड़क को सरगम बैंड से जोड़ता है। तथा स्थानीय आगमन की दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विधायक ई0 सरवन निषाद ने गत चार फरवरी को शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त सड़क बनवाने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क से नगर के तमाम शिक्षण संस्थानों तक आने वाले छात्रों को सुविधा मिलेगी। क्यों कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में क्षात्र व आमजन का उस रास्ते आवागमन होता है।

## डेड बॉडी डीप फ्रीजर सीएचसी अधीक्षक को सौंपा



सफीपुर, उन्नाव। समाजसेवी संस्था के पदाधिकारियों ने विधायक की मौजूदगी में डेड बॉडी डीप फ्रीजर सीएचसी अधीक्षक को सौंपा। विधायक ने शव वाहन उपलब्ध कराए जाने का आश्वाशन दिया। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित डेड बाडी फ्रीजर बाक्स की आवश्यकता की हुई पूर्ति। ईश्वर करे किसी को इसकी आवश्यकता न पड़े लेकिन जब आवश्यकता पड़ती थी तो जन सामान्य दर दर भटकता था। सामाजिक संस्था सफीपुर जन कल्याणम सेवा समिति की पहल पर जनसहयोग से क्रय किया गया डेड बाडी फ्रीजर बाक्स आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी राम सहोदर सिंह को विधायक बम्बालाल दिवाकर की उपस्थिति में सामाजिक जन कल्याणम सेवा समिति द्वारा सीएचसी सफीपुर को समर्पित कर इसका रखरखाव कर जनता को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। सामाजिक संस्था से जुड़े नागेंद्र सिंह सेंगर की पहल पर विधायक बंबा लाल दिवाकर ने विधायक क्षेत्र विकास निधि से सफीपुर सीएचसी में एक शव वाहन भी शीघ्र उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन देते सेवा समिति के समाज हित के कार्यों की सराहना करते हुए कहा समिति के सहयोग के लिए वह सदैव संकल्पित है। इस मौके पर डॉक्टर बृजेश सिंह, डॉक्टर फरीद, डॉक्टर लवकुश, वरिष्ठ नागरिक रामकुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्नेश गौड़, सतीश चंद्र गुप्ता गुड्डू सेठ, व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, सुनील चैरसिया, अनुराग तिवारी, सोनू श्रीवास्तव, वीरेंद्र मिश्र, देवकी नन्दन सैनी, शिक्षक नेता सत्य प्रकाश द्विवेदी, सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मनोनीत सभासदों ने शपथ ग्रहण की



सफीपुर, उन्नाव। मुख्य अतिथि विधायक एवं नगर पंचायत अध्यक्षा की मौजूदगी में एसडीएम ने मनोनीत सभासदों को शपथ ग्रहण कराई। नगर पंचायत सफीपुर कार्यालय परिसर में शासन से मनोनीत तीन सभासदों में श्रीकृष्ण लोधी, अनूप अवस्थी और रंजीत बसु को उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने सभी सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान विधायक बम्बालाल दिवाकर ने सभी पार्टी के समर्पित सभासदों को बधाई दी। चेयरमैन गरिमा बाजपेई ने अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव, चेयरमैन पति सौरभ बाजपेई प्राजा बेटाष ने सभी को बधाई दी एवं नगर विकास में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर लिपिक होरीलाल, सोनू श्रीवास्तव आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत हुआ



पाटन, उन्नाव। यू पी एस सी परीक्षा 2024 मे कामयाबी हासिल करने के बाद पहली अपने पैतृक गांव सरायं मनिहार पहुंचे गौरव प्रताप सिंह का ग्राम प्रधान प्रिन्सू सिंह ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ उन्नाव लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अकवाबाद टोल प्लाजा पर डी जे, बैण्ड बाजा के साथ आतिशबाजी कर भव्य स्वागत कर सम्मानित किया। टोल से लगभग आधा सैकडा से अधिक चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ गांव के लिए रवाना हुए। रास्ते मे इन्दामऊ चैराहा पर पूर्व प्रधानाचार्य नरेन्द्र विक्रम सिंह एवं कस्बा पाटन मे महात्मा गाँधी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य शैलेश प्रताप सिंह ने एवं सुमेरपुर तिराहा पर बी पी एवं धुन्नी सिंह अपने साथियों के साथ गौरव प्रताप को माला फूल पहना कर स्वागत किया। पैतृक घर पहुंचने पर घर की महिलाओं ने आरती उतार कर माला फूल एवं अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया। इस मौके पर गौरव प्रताप ने कहा कि यह सफलता आप सबके आशीर्वाद से मिली है। मै आप सबकी एवं देश की सेवा करना चाहता हूं। जिससे हर गरीब को उसका अपना मान सम्मान मिल सके। इस अवसर पर राहुल सिंह रायबरेली, दीपांशू चैधरी, गुड्डू सिंह निहस्था, तेजभान सिंह, अशोक सिंह, जुग्गी सिंह, वीरेंद्र सिंह, जीतेन्द्र सिंह, बच्चा सिह, धुन्नी, उपेन्द्र, शिवम्यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार भारी मात्रा में चोरी का माल बरामद



मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान भी बरामद किया है। जिससे क्षेत्र में हुई कई चोरी की घटनाओं के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पर्यवेक्षण में मौरावां पुलिस लगातार सक्रिय थी। 8 अप्रैल को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोतेश्वर तिराहे के पास बस स्टॉप के निकट घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का माल बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आलम 21 वर्ष और सलमान उर्फ शाह आलम 19 वर्ष निवासी शंकर नगर थाना बीघापुर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं और इलाके में लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। बरामद सामान में करीब तीन दर्जन लाइफबॉय साबुन तीन दर्जन लक्स साबुन 12 नौ रतन पाउच 10 चॉकलेट 5 टूथब्रश, चावल, सरसों का तेल एक बैटरी और 850 रुपये नकद शामिल है। खास बात यह है कि गिरफ्तार आरोपी सलमान उर्फ शाह आलम का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है उसके खिलाफ पहले से ही कई थानों में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं जिससे साफ है कि वह लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनसे अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है वहीं इस गिरफ्तारी से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्रवाई की सराहना की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव और कांस्टेबल कपिल मावी की अहम भूमिका रही।

## तीन दिनों से लगातार बारिश के चलते अन्नदाता किसान परेशान



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र मे जहाँ पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश और आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गरज-चमक के साथ हो रही बारिश से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। पिछले तीन दिनों से मौसम ने अचानक करवट ली है। तेज हवाओं और बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जमीन पर गिरा दिया है। कई स्थानों पर कटी हुई फसल भी खेतों में भीगकर खराब हो रही है। सरसों, चना और अन्य रबी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसल सड़ने का खतरा बढ़ गया है। कटाई और मड़ाई का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। किसानों ने बताया कि तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है, हमारी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। अब समझ नहीं आ रहा क्या करें। किसानों का कहना है कि यह समय उनकी साल भर की मेहनत का होता है, लेकिन बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। एक ओर जहां इस बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए यह भारी मुसीबत बना है। इधर सूचना यह भी मिली कि देर शाम तकिया चैराहा के पास ओला भी गिरे। वहां से निकल रहे राहगीरों ने जहां पर आसरा पाया वही पर रुककर ओला थमने का इंतजार करने लगे। फतेहपुर चैरासी क्षेत्र से लगे आसीवन थाना क्षेत्र में भी ओला गिरने की जानकारी आई है। इससे किसानों के लिए कही न कही बुरी खबर के रुप में देखा जा रहा है।

## स्टाफ नर्स पर फर्जी दस्तावेज से नौकरी पाने का सीएमएस का आरोप

**उन्नाव।** जिला महिला अस्पताल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ. अरविंद आनंद ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अस्पताल की एक आउटसोर्सिंग स्टाफ नर्स पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी करने का गंभीर आरोप लगाया है। सीएमएस के मुताबिक स्टाफ नर्स के शैक्षिक व पंजीकरण प्रमाणपत्र मेडिकल काउंसिल की जांच में फर्जी पाए गए हैं। डॉ. आनंद के अनुसार, यह मामला पिछले करीब डेढ़ महीने से चल रहा है। उन्होंने स्वयं इसकी जांच के लिए संबंधित विभागों को पत्राचार किया था। हालांकि जिस नर्स पर सीएमएस ने आरोप लगाया है। उसने कार्यवाहक सीएमएस पर अभद्रता सहित अन्य गंभीर आरोप लगा महिला आयोग से शिकायत की थी। जिसकी जांच चल रही है। सीएमएस ने बताया कि 23 मार्च को उन्होंने मेडिकल काउंसिल को एक स्टाफ नर्स के जीएनएम प्रमाणपत्र और मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन की सत्यता जांचने के लिए दस्तावेज भेजे थे। इसके बाद 25 मार्च को उनके सरकारी ईमेल पर मेडिकल काउंसिल से सूचना मिली कि प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी हैं। साथ ही, दिए गए रजिस्ट्रेशन नंबर पर किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज है। डॉ. अरविंद आनंद ने आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेजों का मामला सामने आने के बाद संबंधित कर्मचारी ने उन पर यौन उत्पीड़न का झूठा आरोप लगाया। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष- 2020 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के माध्यम से एक आउटसोर्सिंग एजेंसी से उक्त नर्स को नियुक्त किया गया था। वह पहले ए-स्क्वायर एजेंसी के तहत कार्यरत थीं। जो बाद में आशीष एंटरप्राइजेज में विलय हो गई। उसका मासिक मानदेय लगभग 23 से 24 हजार रुपये है। और वह करीब साढ़े पांच वर्षों से अस्पताल से वेतन प्राप्त कर रही थीं। डॉ. आनंद के अनुसार, संबंधित एजेंसी ने अब उनकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं। डॉ. अरविंद आनंद ने लखनऊ स्तर पर प्रमुख सचिव, सचिव, महानिदेशक, अपर निदेशक और मिशन निदेशक सहित कई अधिकारियों को पत्र भेजकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जांच और नियुक्ति प्रक्रिया की जिम्मेदारी सीएमओ स्तर की होती है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बिमौवा बुर्जुग विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बिमौवा बुर्जुग विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 09.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बिमौवा बुर्जुग के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 09.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बिमौवा बुर्जुग के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बिमौवा बुर्जुग कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बिमौवा बुर्जुग के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**दुर्गेश**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत बिमौवा बुर्जुग**
**सिद्धार्थनगर।**

**श्री प्रशान्त प्रजापति**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बिमौवा बुर्जुग**
**सिद्धार्थनगर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत जनिया जोत विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत जनिया जोत विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 09.04.2026 को 01.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय जनिया जोत के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 09.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत जनिया जोत के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत जनिया जोत कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत जनिया जोत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**रमेश**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत जनिया जोत**
**सिद्धार्थनगर।**

**ज्योत्सना**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत जनिया जोत**
**सिद्धार्थनगर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत गोठवा विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत गोठवा विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय गोठवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गोठवा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत गोठवा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत गोठवा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**विनोद वर्मा**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत गोठवा**
**सिद्धार्थनगर।**

**मनिराम वर्मा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत गोठवा**
**सिद्धार्थनगर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत कोड़री खास विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कोड़री खास विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 12.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय कोड़री खास के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 12.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कोड़री खास के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कोड़री खास कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कोड़री खास के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**राम नरेश**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत कोड़री खास**
**सिद्धार्थनगर।**

**महमूद अली**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत कोड़री खास**
**सिद्धार्थनगर।**

संक्षेप

## चीनी मिल में फिटर की गिरकर मौत

लखीमपुर खीरी। खंभारखेड़ा चीनी मिल में फिटर का काम कर रहे मोहल्ला काशीनगर सिकटीहा निवासी सुशील अवस्थी 59 की बुधवार की दोपहर में मौत हो गई खंभारखेड़ा चीनी मिल प्रशासन परिजनों से घटना छिपाते रहे। घटना के बाद जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि चीनी मिल के अधिकारी ने मृतक के कपड़े निकाल दिए वर्दी भी नहीं दी। पिछले करीब 20 वर्षों से चीनी मिल में फिटर के पद पर कार्यरत थे। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन चीनी मिल के अधिकारियों को बुलाने की मांग करते नजर आए। परिजनों का कहना था कि जब तक मील के अधिकारी यहां आकर बात नहीं करेंगे हम पोस्टमार्टम हाउस पर पीएम नहीं कराएंगे ना ही सब का अंतिम संस्कार करेंगे। चीनी मिल का काम देख रहे एच आर ने परिजनों से बात की परिजनों ने मांग रखी की मृतक के परिजन को एक नौकरी दी जाए बच्चों की पढ़ाई का खर्च किया जाए मृतक की बेटी की शादी का पूरा खर्च उठाया जाए। लेकिन समाचार लिखें जाने तक किसी भी प्रकार का मील प्रशासन द्वारा आश्वासन नहीं मिला था न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचा था।

## ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में अचानक मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। लखीमपुर बिजुआ, गोला क्षेत्र के रामलक्षना, राजगढ़, घोसयाना, रामापुर गदियाना में बारिश के साथ तेज ओलावृष्टि हुई। गेहूं की तैयार फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। करीब तीन घंटे से लगातार तेज बारिश से किसान बे हाल है। खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह गिर गई। ओलों की मार से बालियां टूट गईं और फसल बर्बाद हो गई, जिससे किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि इस बार गेहूं की फसल काफी अच्छी थी, लेकिन अचानक आई इस बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब किसानों के आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने सरकार और प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।

## तेज रफ्तार डंपर ने ली छात्र की जान

बिसवां/ सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसे में 17 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शौर्य गुप्ता (17) पुत्र आशीष गुप्ता, निवासी मोहल्ला गोपाल नगर, अपने चचेरे भाइयों को बाइक से मंशाराम स्थित एलपीएस स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि शौर्य स्वयं भी उसी स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र था।जैसे ही वह बिसवां के बड़े चौराहे पर स्थित सब्जी मंडी के पास, वाइन शॉप के निकट पहुंचा, तभी अचानक उसकी बाइक फिसल गई। बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई और इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि शौर्य की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम ने एएनएम का 15 दिन का वेतन काटा



सीतापुर, । जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास खंड खैराबाद के कंपोजिट विद्यालय गढ़ीपुर में संचालित वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्थाओं में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान एएनएम किरन त्रिवेदी के अनुपस्थित पाए जाने पर डीएम ने सख्त कार्रवाई करते हुए 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश संबंधित एमओआईसी को दिए इसके अलावा सत्र की तैयारियां संतोषजनक न मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सुनीता देवी और बीपीएम अनुज तिवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि जनसेवा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजिका जांची और कक्षा-2 के छात्रों से पढ़ाई का स्तर परखा। बच्चों के अपेक्षित स्तर पर न पढ़ पाने पर उन्होंने प्रधानाचार्य के प्रति नाराजगी जताते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। रसोईघर का निरीक्षण करते हुए डीएम ने भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही सभी छात्रों के ड्रेस में आने और उनके समुचित विकास पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिना एनओसी भूजल दोहन पर सख्ती: डीएम

सीतापुर, । जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जनपद के सभी भूजल उपयोक्ताओं को निर्देशित किया है कि बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के भूगर्भ जल का दोहन पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं विनियमन) अधिनियम-2019, राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1986 के तहत यह व्यवस्था लागू की गई है। डीएम ने कहा कि केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण की अधिसूचना-2020 के अनुसार सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को बोरवेल/ट्यूबवेल के माध्यम से जल दोहन से पूर्व एनओसी लेना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित उपभोक्ता 30 दिनों के भीतर निवेश मित्र पोर्टल ) अथवा भूगर्भ जल विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर पंजीकरण कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनपद में कार्यरत सभी ड्रिलिंग एजेंसियों अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराएं। आदेशों की अनदेखी करने पर संबंधित उद्योग, व्यवसाय या परियोजनाओं के विरुद्ध जुर्माना, पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति तथा विधिक कार्रवाई की जाएगी सहायता हेतु हाइड्रोलॉजिस्ट/नोडल अधिकारी आनंद प्रकाश से संपर्क किया जा सकता है।

## गर्भवती की मौत पर प्रशासन सख्तः नवजीवन क्लिनिक सील

सीतापुर। सिधौली क्षेत्र में गर्भवती महिला की मौत के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को बिसवां मार्ग स्थित नवजीवन क्लिनिक को सील कर दिया। इससे पहले इस मामले में मिश्रीख मार्ग स्थित किंग अस्पताल पर भी कार्रवाई करते हुए उसे सील किया जा चुका है और दो डॉक्टरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार अटरिया निवासी विवेक शुक्ला की गर्भवती पत्नी मानसी की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पीड़ित पति ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी का गर्भपात किंग अस्पताल में कराया गया था। हालत बिगड़ने पर उसे नवजीवन क्लिनिक में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे लखनऊ ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राखी वर्मा के नेतृत्व में पहले किंग अस्पताल पर कार्रवाई की गई थी। बुधवार को जिला स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने नवजीवन क्लिनिक को भी सील कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद सिधौली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के खिलाफ हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि लापरवाही और अवैध चिकित्सा संचालन पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर निकली रैली



धौरहरा खीरी। क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं संचारी रोगों से बचाव के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण को लेकर ब्लॉक स्तरीय रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम धौरहरा शशिकान्त मणि एवं खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय रहे। एसडीएम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां बच्चों ने शिक्षा और स्वच्छता से जुड़े नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रैली में प्रमुख रूप से तनुजा पाण्डेय, शिखा अवस्थी, खुशबू, शालिनी सिंह, बाल कृष्ण दीक्षित, रजोले प्रसाद, जुबेर, मुकेश, रामलखन, कंचन, संतकुमार, मुनीस सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हनुमत जन्मोत्सव पर तंबौर में निकली शोभायात्रा, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे



तंबौर (सीतापुर)। हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को तंबौर क्षेत्र में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।यह शोभायात्रा ग्राम हैंठा स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कई किलोमीटर की दूरी तय करते हुए कस्बे में प्रवेश की। यात्रा मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई आगे बढ़ी, जहां स्थानीय लोगों ने रामभक्तों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। हाथों में केसरिया ध्वज लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता शोभायात्रा में शामिल रहे।एक सुसज्जित वाहन पर भगवान हनुमान की प्रतिमा स्थापित थी, जिसके साथ चल रहे श्रद्धालु ‍‍‍ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष करते हुए पूरे मार्ग में भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए देवी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।इस अवसर पर शोभायात्रा के आयोजक शीनू बजरंगी ने लोगों से संगठित रहने और धर्म के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी ब्रजेश राय के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा, साथ ही क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए पीएसी जवान भी मौजूद रहे।शोभायात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, संदीप अवस्थी, गोपाल पांडेय, शैलेन्द्र मिश्र, दीपक गुप्ता, संदीप जीवन जायसवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर जनभागीदारी का संदेश दिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार के नेतृत्व में फूलबाबा आश्रम में सफाई की गई, जबकि जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में मां मंगला देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को सुदृढ़, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए जनभागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों को जागरूक किया जा सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि स्वच्छता राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है और जहां स्वच्छता होती है, वहां स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने अभियान में सहयोग करने वाले सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के कार्यकर्ता समाज सेवा के हर कार्य में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, रेखा मिश्रा, राजीव वर्मा, प्रवीण गुप्ता, राजेश आनंद मिन्नी, रामचंद्र राठौर, एसपी चौहान, गीता विश्वकर्मा, कैलाश गुप्ता, श्यामू कनौजिया, अंकुर वर्मा, बाल गोविंद वर्मा, ऋषि गुप्ता, मनोज गुप्ता, अन्नू दीक्षित, सचिन कनौजिया, सुमित शाह, संजय दीक्षित, रामकुमार वर्मा, रामपाल वर्मा, मोहित गुप्ता, दिनेश वर्मा, अजय गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता, रामनरेश वर्मा, राकेश शर्मा, सीमा वर्मा, सरिता गौढ़, गीता दुबे, लवकुश अवस्थी, रविंद्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीसीएस में चयनित धीरज वर्मा का सम्मान, दिए सफलता के मंत्र

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पीसीएस 2024 परीक्षा में सफलता हासिल कर कमर्शियल टैक्स अधिकारी बने ग्राम अलियापुर निवासी धीरज वर्मा का न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस में भव्य सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को सफलता के मंत्र देते हुए मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन को सबसे महत्वपूर्ण बताया।



संस्थान पहुंचने पर धीरज वर्मा का स्वागत माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान ईमानदारी और निरंतरता बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों को किताबों को सच्चा मित्र मानकर अध्ययन करने और समय-समय पर स्पीड टेस्ट के माध्यम से आत्म मूल्यांकन करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन नियमित पढ़ाई ही सफलता की कुंजी है और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाता है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वह समय-समय पर संस्थान आकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। संस्थान की ओर से धीरज वर्मा को पीसीएस परीक्षा में सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# गोला में बनेगा अत्याधुनिक बस स्टेशन, मंत्री परिषद ने दी स्वीकृति

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। प्रदेश सरकार ने छोटी काशी के लिए बड़ी सौगात दी है। क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि के प्रयासों से गोला में अत्याधुनिक रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। परिवहन विभाग के राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने पत्र जारी कर बताया कि विधायक अमन गिरि द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी की गोला विधानसभा में आधुनिक बस स्टेशन निर्माण के लिए किए गए अनुरोध पर मंत्री परिषद ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। पत्र के अनुसार, पीपीपी मॉडल पर अत्याधुनिक रोडवेज बस स्टेशन स्थापित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्रीय यातायात व्यवस्था मजबूत होगी। इससे पहले विधायक अमन गिरि ने परिवहन मंत्री को भेजे पत्र में बताया था कि गोला में शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। साथ ही रेलवे स्टेशन और वर्तमान बस स्टैंड की कम दूरी के कारण शहर में लगातार जाम की समस्या बनी रहती है। विधायक ने बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थापित करने की मांग की थी, जिससे ट्रैफिक समस्या का समाधान हो सके और शहर का समुचित विकास हो। राज्य मंत्री द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। लोगों का मानना है कि नए बस स्टेशन बनने से गोला क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## कांग्रेस ने पुराने कार्यकर्ताओं के परिवारों से जोड़ा संगठन का नया तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में ब्लॉक बांकेगंज एवं बिजुआ क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारियों ने घर-घर पहुंचकर पुराने कांग्रेस कार्यकताओं के परिवारों से संवाद स्थापित किया और उन्हें पार्टी की विचारधारा से पुनः जोड़ने का प्रयास किया। अभियान के दौरान कुसमी कॉलोनी, भटपुरवा, कमलापुर, हंडेला फार्म, गोपालपुर समेत कई गांवों में वरिष्ठ कांग्रेसजनों के परिवारों से मुलाकात की गई। इस दौरान विशेष रूप से उनके बेटों एवं युवा परिजनों को संगठन से जुड़कर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की मजबूत नींव उसके समर्पित कार्यकताओं पर टिकी है और नई पीढ़ी के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की स्थिति में सकारात्मक बदलाव के लिए कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। इसके लिए कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद करना होगा। अभियान के समापन पर ग्राम अलियापुर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर कमर्शियल टैक्स अधिकारी बने धीरज वर्मा को सम्मानित किया। उन्हें भारत का संविधान भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## लखीमपुर खीरी की तीन तहसीलों ने रचा कीर्तिमान, आईजीआरएस में प्रदेश में अव्वल

लखीमपुर खीरी। जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लखीमपुर खीरी ने एक बार फिर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। मार्च माह की आईजीआरएस रैंकिंग में जिले की मितौली, पलिया और निघासन तहसीलों ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे जनपद का नाम पूरे प्रदेश में प्रमुखता से उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में संचालित शिकायत निस्तारण प्रणाली में खीरी का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। जनपद बीते सात माह से लखनऊ मंडल में प्रथम स्थान पर बना हुआ है, जबकि प्रदेश स्तर पर भी टॉप-10 में अपनी स्थिति बनाई है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में जनपद में शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। शिकायतों के समयबद्ध समाधान, मौके पर जांच और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम अब रैंकिंग में सामने आया है। तहसील मितौली में एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, पलिया में एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार और निघासन में एसडीएम राजीव कुमार निगम के नेतृत्व में टीमों ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया। अधिकारियों-कर्मचारियों ने पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया। बताते चले कि मितौली तहसील लगातार दूसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त की है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस उपलब्धि को टीमवर्क और प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। कहा कि शासन की मंशानुरूप आमजन की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। सभी तहसीलों को इसी तरह कार्य करते हुए जनपद की रैंकिंग को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में मार्च माह की आईजीआरएस रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वां स्थान हासिल किया, और मंडल के सभी जनपदों में अव्वल बना रहा। अन्य जनपदों में हरदोई 13वें, उन्नाव 32वें, सीतापुर 35वें, रायबरेली 61वें और लखनऊ 75वें स्थान पर रहे। जनपद प्रशासन की समयबद्ध और पारदर्शी शिकायत निस्तारण प्रणाली का ही यह नतीजा है। मितौली, पलिया और निघासन तहसीलों ने प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर जिले का मान और

## एसआईआर 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान

सीतापुर। विशेष प्रगाढ़ पुनिरीक्षण (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत हरगांव विधानसभा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लेखपालों, शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए जॉइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी धामिनी एम दास द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि एसआईआर 2026 के सफल संचालन में क्षेत्रीय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पुनिरीक्षण कार्य को सफल बनाया है। इस दौरान कर्मचारियों की लगन, अनुशासन और समर्पण की सराहना की गई।जॉइंट मजिस्ट्रेट ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास प्रशासनिक कार्यों को गति देने के साथ ही जनसेवा की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाते हैं।इस मौके पर तहसीलदार सदर डॉ. अतुल सेन सिंह, नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और सम्मान से भरा रहा।स्कूल चलो अभियानः तंबौर और हरगांव में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

## तालाब की जमीन पर कब्जे का खेल खत्म, चला बुलडोजर

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को तहसील प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए तालाब की भूमि पर बने अवैध कब्जे पर बुलडोजर चला दिया। करीब 15 वर्षों से बने मकान को जेसीबी से जमींदोज कर प्रशासन ने साफ संदेश दिया कि सरकारी जमीन पर कब्जा अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कस्बा सदरपुर निवासी पहाड़ी पुत्र मुन्ना ने गाटा संख्या 379 की तालाब भूमि पर अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जा कर रखा था। इस मामले में पूर्व में कई शिकायतें दर्ज हुईं और मामला न्यायालय तक पहुंचा। बुधवार को उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रशासन हरकत में आया।एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार राकेश पाल, राकेश त्रिवेदी समेत राजस्व टीम मौके पर पहुंची। टीम में लेखपाल अजय सिंह, रंजना, प्रदीप शाह, ज्ञानेंद्र और अखिल प्रताप शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान सदरपुर व रामपुर मथुरा थानों की भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।मौके पर पहुंचते ही प्रशासन ने स्थिति का जायजा लिया और फिर जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। देखते ही देखते पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया और तालाब की भूमि को कब्जामुक्त करा लिया गया।तहसीलदार अनिल कुमार ने स्पष्ट कहा कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के तहत की गई है और आगे भी सार्वजनिक भूमि, विशेषकर तालाबों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप है और अन्य कब्जाधारियों में भी डर का माहौल बना हुआ है।

# पंजाबी नाइट में झूम उठा चैती मेला, गीत-संगीत पर थिरके दर्शक




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर पंजाबी नाइट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक पंजाबी गीत-संगीत की धुनों पर दर्शक झूमते नजर आए। रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुराग सारथी, कार्यक्रम अध्यक्ष सुखविंदर सिंह टोनी, विशिष्ट अतिथि रंजीत सिंह, सुधीर कोहली सहित अन्य अतिथियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि अनुराग सारथी ने कहा कि चौती मेले में इस बार सकारात्मक बदलाव साफ नजर आ रहा है और भविष्य में इसे और भव्य बनाने की उम्मीद है। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष सुखविंदर सिंह टोनी ने पहली बार पंजाबी कलाकारों को मंच देने के लिए पालिकाध्यक्ष का आभार जताया। पंजाब के गुरदासपुर से आए डायमंड जट म्यूजिकल ग्रुप ने कार्यक्रम की शुरूआत जोशीले गीतों से की। सिंगर डायमंड जट और रमन जोत ने अपने

**चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर धन निरंकार सत्संग का आयोजन आज सायं सात बजे से।**

ड्यूट सॉन्गस से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। नी तू मेले बिच आई३ जैसे गीतों पर युवाओं ने जमकर तालियां बजाईं और नृत्य किया।

मंच पर मैम हनी जोत सिंधू, पलक जोत मट्टू, रमन जोत मट्टू, प्रीत गिल और गोरा गिल ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। वहीं संगीत में राजा खुराना म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों ने ढोलक, ढोल और अन्य वाद्य यंत्रों के माध्यम से कार्यक्रम में जान डाल दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही और देर रात तक लोग पंजाबी गीतों का आनंद लेते रहे।

इस अवसर पर डॉ. पियूष शुक्ला, अजय शुक्ला, हरिओम श्रीवास्तव, हरजिंदर सिंह, मतीन अहमद, नरेन्द्र अग्निहोत्री, अतीश त्रिवेदी, प्रवीण बाजपेई, सूर्य प्रकाश मिश्रा, राजदीप शुक्ला, आशीष मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संयुक्त फायर सेफ्टी ड्रिल का आयोजन




जिला संवाददाता(vol)

पलियाकला खीरी। 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पलिया में फायर सेफ्टी मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया। रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी कमांडेंट, 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल पलिया, पलिया में संयुक्त फायर सेफ्टी ड्रिल का आयोजन किया गया। इस सत्र में फायर सर्विस विभाग, पलिया से आए राहुल कुमार एवं फायरमैन दीपक कुमार द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में अग्निशमन दल के साथ-साथ वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित सभी बल कार्मिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कार्मिकों को ह्यफायर फाइटिंगह्न अर्थात आग बुझाने की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। वाहिनी मुख्यालय में स्थापित सभी अग्निशामक यंत्रों की बारीकी से जांच की गई। इसके अतिरिक्त, सभी कार्मिकों को अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग एवं संचालन की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। आपातकालीन परिस्थितियों में तत्परता एवं दक्षता के साथ कार्य कर सकें।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सीतापुर। कमलापुर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दाऊदपुर गांव निवासी 18 वर्षीय रामू पुत्र नेकपाल के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामू मंगलवार शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। पूरी रात खोजबीन के बावजूद जब रामू का पता नहीं चला तो परिवार के लोग और अधिक चिंतित हो उठे।बुधवार सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए गांव के पश्चिम दिशा में स्थित एक आम के बाग में गए, जहां उन्होंने स्वर्गीय दिनेश तिवारी की बाग में एक पेड़ से युवक का शव लटका देखा। यह दृश्य देखकर लोगों के होश उड़ गए और तत्काल इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही कमलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

संक्षेप

## ट्रेन से कटकर महिला ने की आत्महत्या

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज गांव के पास भोर में एक महिला ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया। बताया गया कि महिला ने बीमारी से परेशान होकर यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी रमेश प्रजापति पुत्र मेवालाल प्रजापति की 45 वर्षीया बहन चन्दा देवी पत्नी दिनेश प्रजापति काफी दिनों से मायके में ही रह रही थी। चन्दा देवी की ससुराल जलालपुर के मई पराऊगंज में थी।बताया जाता है काफी दिनों से वह किसी बीमारी से काफी परेशान थी इसी से परेशान होकर उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही कर रही है इन्होंने बताया कि मृतका के भाई ने बताया कि चन्दा देवी बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर लिया।

## ठगी के शिकार पीड़ित को वापस मिले 18 हजार रुपये

आजमगढ़। जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तहबरपुर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए ठगी के शिकार एक पीड़ित के 18,000 रुपये वापस कराए हैं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को राहत मिली है। मामले के अनुसार, ग्राम सेमरी निवासी विकास को 28 मार्च 2026 को एक अज्ञात कॉलर ने फोन कर ब्लैकमेल किया। कॉलर ने आरोप लगाया कि वह ऑनलाइन आपत्तिजनक वीडियो देखता है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस डर से घबराकर पीड़ित ने 18,000 रुपये ठग के खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने एनसीआरपी पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही थाना तहबरपुर पुलिस सक्रिय हुई और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान उपनिरीक्षक सुलभ पाण्डेय ने संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित की पूरी धनराशि 18 हजार रुपये वापस कराई गई। पुलिस ने इस दौरान आम लोगों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में भी जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि फर्जी कॉल या मैसेज के जरिए डराकर या लालच देकर पैसे मांगना, फर्जी लिंक या ऐप के माध्यम से बैंक डिटेल हासिल करना, केवाईसी अपडेट, लॉटरी या नौकरी के नाम पर ठगी जैसे मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बचाव के लिए पुलिस ने सलाह दी है कि किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें।

# जनगणना के लिए बने कंट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आज एन0आई0सी0 में किया गया, उन्होने कहा कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई, 2026 से प्रारम्भ होकर 20 जून, 2026 तक सम्पन्न कराया जाना है। उक्त कार्य के सफल संचालन हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। प्रशिक्षण सम्मेलन में महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युजंय कुमार नारायण व निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश शीतल वर्मा द्वारा प्रदेश में संचालित जनगणना कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई,

उन्होंने जनगणना की समस्त प्रक्रिया, समय-सीमा एवं कार्य निष्पादन की पद्धति पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्य को शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने पर बल दिया। जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना-2026 में मई माह से प्रारम्भ होगी, पहली बार जनपद स्तर पर स्व-गणना की व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत निवासी स्वयं अपने घर एवं परिवार से संबंधित 34 प्रश्नों का उत्तर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भरकर प्रस्तुत कर सकेंगे। यह स्व-गणना प्रक्रिया एच0एल0ओ0 प्रक्रिया प्रारम्भ होने के 15 दिन पूर्व, दिनांक 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक संचालित की जाएगी। श्री नारायण ने हा कि स्व-गणना प्रक्रिया का क्रियान्वयन जनपद में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन एवं जिला पंचायतराज अधिकारी की देखरेख में कराया जाएगा। जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराये, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित जनगणना कन्ट्रोल रूम कक्ष का भी निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मूलभूत आवश्यक व्यवस्थायें उपलब्ध करायी जाये।

## विद्यार्थियों को सिखाये आग से बचाव के उपाय



बीजपुर/सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में सीआईएसएफ अग्नि शमन विभाग के उपनिरीक्षक फायर परमजीत सिंह, हेड कांस्टेबल फायर अशोक कुमार, कांस्टेबल फायर के सी बेहरा एवं कांस्टेबल डीसीपीओ भूप सिंह ने विद्यार्थियों को अग्नि शमन सुरक्षा के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अग्नि शमन के विभिन्न उपकरणों को चलाने का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। फायर इंस्टिंग्यूश के संचालन में छात्रों के साथ-साथ छात्राओं ने भी भाग लिया।

विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वयं फायर इंस्टिंग्यूश से जलती अग्नि को बुझाने का काम किया। उपनिरीक्षक परमजीत सिंह ने फायर के चार प्रकार ए,बी,सी एवं डी को बुझाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा घास-फूस में आग लगने पर पानी वाले उपकरण का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसी तरह अन्य प्रकार की अग्नि को बुझाने के लिए दूसरे उपकरणों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। तत्पश्चात विभिन्न प्रकार के आग को बुझाने का तरीका बताया। उदाहरण स्वरुप खरपतवार, पेट्रोल, मिट्टी तेल, एलपीजी गैस, इलेक्ट्रिक आदि से लगने वाली आग को बुझाने के अलग-अलग तरीकों के अपनाने का व्यवहारिक ज्ञान दिया। इस प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेट्स अंजली सिंह, खुशबू, अथर्व प्रताप सिंह, अभय मिश्रा, ध्रुव वत्स के साथ प्रकृति श्रीवास्तव, रितांशु गुप्ता, मोहित, प्रतीक, आयुष सेठ, सूरज, लव कुमार, आशीष, ऋषि शर्मा, अदिति यादव, अल्फिया, खुशबू पाल, समृद्धि सिंह, मो०आबीर, अरशद रजा, नुमान अख्तर आदि विद्यार्थियों ने विशेष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# पेंशनर्स नाराज, 21 को करेंगे प्रदर्शन



जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद कार्यकारिणी की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर मे जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष ने वर्तमान मे प्रधान मन्त्री भारत सरकार को पेंशनर्स की मांगो से सम्बन्धित भेजी जाने वाली हस्ताक्षर याचिका पर चलाये जा रहे पेंशनर्स हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा करते हुए सफलतापूर्वक कार्य संचालन मे सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किए। साथ ही पेंशनर्स के टर्मस रिफरेन्स को आठवे वेतन आयोग के राजपत्र मे सम्मिलित किए जाने , महगाई राहतध्महगाई भत्ता के सन्दर्भ मे जारी राजपत्र प्रकाशित निर्णय के अनुसार कर्मचारियो, पेंशनरो, शिक्षको के लिए अलग सी पी आई बनायी जाए ,पेंशन राशिकरण की कटौती दस बर्ष पर बन्द करने,65 वर्ष की उम्र पूरी होने पर प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन की वृध्दि की जाय ,पेंशन को नान कन्ट्रीब्यूटरी, अनफण्डेड का उल्लेख वेतनआयोग के राजपत्र से वापस लिया जाए, पेंशन को आयकर से मुक्त किये जाने आदि दस सूत्रीय मांग को लेकर आगामी दिनांक-21 अप्रैल को होने वाले अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आल इण्डिया प्रदर्शन के सर्मथन मे वडी संख्या मे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना-प्रदर्शन मे वडी संख्या मे उपस्थित होकर कार्य क्रम को सफल बनाने की अपील की गय ओकांर नाथ मिश्र, के के त्रिपाठी, अशोक प्रताप सिंह, कंचन सिंह, इ0प्रमोद कुमार सिंह, चन्द्र शेखर सिंह, श्याम बिहारी सिंह ,गोपाल लाल श्रीवास्तव, सुबेदार यादव, राम अवध यादव, शेष नाथ सिंह नन्दलाल सरोज, रमेश, बिक्रमाजीत यादव, पलकधारी, डॉक्टर भारत यादव,राजपति विश्र्वकर्मा, राम प्रताप यादव, शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, गोरखनाथ नाथ माली अशोक मिश्र आदि ने सम्बोधित किया.। संचालन संगठन के जिलामन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया।

# मनमानी फीस वसूली के विरोध में सौंपा ज्ञापन




जौनपुर । निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली और महंगी किताबों की अनिवार्य बिक्री के विरोध में शिवसेना ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। बुधवार को शिवसेना के जिला प्रभारी विकास पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर यह ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि निजी शिक्षण संस्थान जिला प्रशासन के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। शिवसेना ने निर्धारित फीस संरचना का उल्लंघन, महंगी पुस्तकों और स्टेशनरी की अनिवार्य बिक्री, तथा विकास शुल्क और स्मार्ट क्लास शुल्क जैसे अतिरिक्त शुल्कों के नाम पर अभिभावकों के शोषण को प्रमुख समस्या बताया। शिवसेना जिला प्रभारी विकास कुमार पांडेय ने कहा कि इन मनमानी गतिविधियों का सीधा असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि इससे बच्चों के शिक्षा के अधिकार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। शिवसेना ने मांग की है कि निजी स्कूलों पर निर्धारित फीस संरचना और पुस्तक मूल्य पर सख्ती से अमल कराने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और जिला स्तर पर एक निगरानी समिति गठित कर नियमित निरीक्षण की व्यवस्था की जाए।

## मीरजापुर के चंदन पाल का यूपीपीसीएस -2024 में जलवा

मीरजापुर। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बीच भी सफलता हासिल करना आसान नहीं होता, लेकिन समाज कल्याण मंत्रालय की निःशुल्क कोचिंग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े अभ्यर्थियों ने यह कर दिखाया है। कोचिंग और योजना से मिले मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और विशेषज्ञ शिक्षकों के सहयोग से मिजार्पुर के चंदन पाल ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा यूपीपीसीएस-2024 परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने सपनों को साकार किया। गौरतलब है कि समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में संचालित निःशुल्क आवासीय कोचिंग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

## शिव पुराण कथा से भक्तों को मिलती है आध्यात्मिक ऊर्जा

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव स्थित तालाब के बगल में अनंत श्री विभूषित काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामीनारायणानंद तीर्थ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित भव्य शिव शक्ति महायज्ञ एवं शिव पुराण कथा का पांचवा दिन अत्यंत भक्ति मय रहा।

बुधवार सुबह चरण पादुका पूजन के बाद झारखंड प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश के भक्तों ने गुरुजी से गुरु मंत्र लिया। इस दौरान पूज्य महाराज ने कहा कि शिव पुराण कथा शिव के कल्याणकारी स्वरूप और शक्ति के साथ संयुक्त रूप की महिमा का वर्णन करती है। जिससे भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। गुरुमंत्र लेने वालों में पार्वती पांडे गांगी, कुंदन पांडे गांगी, युगल किशोर पांडे गांगी, सुधीर कुमार दुबे गंगहरा, कविता मिश्रा मड़िहान, प्रवीण कुमार दुबे रेही, यज्ञ नारायण दुबे, देवनारायण दुबे, लक्ष्मीकांत दुबे, विभोर दुबे, गौरव दुबे, शशिधर दुबे कुरकुटिया सपत्निक गुरु मंत्र लिया। इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार दुबे, रामजतन दुबे, अमरेश चंद्र दुबे मुनि, रामगोपाल दुबे, भीम दुबे, जगत नारायण दुबे, प्रह्लाद दुबे, कामेश्वर दुबे, जीत नारायण दुबे राहुल पांडे, ज्ञानेंद्र दुबे, लवकुश त्रिपाठी, गुरु प्रसाद एसडीओ, प्रभाकर दुबे, डॉक्टर गोविंद दुबे, के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव विभिन्न पदों के लिए 15 नामांकन दाखिल

दुद्धी, सोनभद्र। बुधवार को नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन गहमा-गहमी के बीच नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई।मंगलवार और बुधवार को चली नामांकन प्रक्रिया में कुल 15 नामांकन दाखिल हुए।अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर मुकाबले को रोचक बना दिया हैं। अध्यक्ष पद के लिए शिवशंकर प्रसाद एड तथा रामलोचन तिवारी एड शामिल हैं, जबकि सचिव पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया हैं जिसमें अंजनी सिंह एवं ज्ञानी सिंह शामिल हैं।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष 20 वर्ष से ऊपर के लिए सत्यनारायण यादव एड, उपाध्यक्ष 10 वर्ष के लिए राजीव मिश्र एवं रामलखन सिंह तथा सह सचिव प्रकाशन के लिए अभिनाथ यादव, सह सचिव पुस्तकालय राहुल अग्रहरी ने नामांकन दाखिल किया हैं।कोषाध्यक्ष पद हेतु नीरज कुमार।कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु आदर्श कुमार और अभिनय तथा गर्वनिंग काऊंसिल कनिष्ठ परमानंद सिंह, देवकुमार शर्मा तथा राकेश कुमार ने अपना -अपना नामांकन दाखिल किया। इल्डर कमेटी चेयरमैनध्मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को नामांकन एवं दाखिला की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हैं। सहायक चुनाव अधिकारी मनोज मिश्रा, सुखसागर यादव, विनोद वर्मा व मोहर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 9 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी एवं आपत्ति ली जाएगी, जबकि 10 को नामांकन पत्रों की वापसी तथा को वैध उम्मीदवारों की सूचि जारी कर दी जाएगी।उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान होगा, मतदान के आधे घंटे बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी और उसी दिन परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी।

# फर्जी टोल प्लाजा को हटाने की मांग

मीरजापुर। जिले में वाराणसी-शक्तीनगर हाईवे पर बना टोल प्लाजा का विवादों से नाता खत्म होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है।

मंगलवार से जिला मुख्यालय पर जारी धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा है इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि 36 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी मौके पर कोई भी जिला प्रशासन का अधिकारी नहीं पहुंचा है। कहा यह धरना प्रदर्शन किसानों, सैकड़ों गांवों के उन किसानों से जुड़ा हुआ है जो टोल प्लाजा की मनमानी से त्रस्त हैं। बता दें कि मंगलवार से कांग्रेस कमेटी के सैकड़ों कार्यकताओं पदाधिकारियों, संग जिलाध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे हुए हैं। इस दौरान धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष ने कहा जनता के परिश्रम की कमाई को अहरौरा में फर्जी टोल टैक्स लगाकर सरकार के इशारे पर लूट किया जा रहा है, जिसमें सांसद-विधायक की मिली भगत की वजह से लूट हो रही है क्योंकि यह लोग मौन धारण किए हुए हैं। कहा मगर हम कांग्रेस के लोग इसके विरोध में और इसके लिए आंदोलन करते रहेंगे जबतक कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है। कहा मीरजापुर के लोगों को 20 किलोमीटर के एरिया में फ्री पास दिए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। यह तब तक जारी रहेगा जबतक की उनकी मांगे न मान ली जाती हैं। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक भगौती प्रसाद चौधरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष दीपचंद जैन, छोटे खान सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता धरना प्रदर्शन में शामिल होकर चेताया कि जब तक यह लूट बंद करने के साथ अहरौरा, अष्टभुजा विंध्याचल स्थित टोल प्लाजा को अन्यत्र नहीं ले जाया जाता है तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। आरोप लगाया कि जब 60 किलोमीटर की परिधी में दूसरा टोल प्लाजा नहीं होना चाहिए तो फिर यह मनमानी क्यों और किसके इशारे पर ?

### कार्यालय ग्राम पंचायत जीवा विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत जीवा विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय जीवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत जीवा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत जीवा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत जीवा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**नीरा देवी**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत जीवा**
**सिद्धार्थनगर।**

**श्री विकेन्द्र नाथ यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत जीवा**
**सिद्धार्थनगर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत लहरा विकास खण्ड मिठवल जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत लहरा विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय लहरा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत लहरा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत लहरा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत लहरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ममता**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत लहरा**
**सिद्धार्थनगर।**

**श्री विकेन्द्र नाथ यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत लहरा**
**सिद्धार्थनगर।**

## तालाब में डूबने से दो बालकों की मौत

जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताते है कि पराहित गांव निवासी अरविंद का 12 वर्षीय पुत्र मोनू उर्फ सत्यम और लालबहादुर का 9 वर्षीय पुत्र उमंग बिना बताए गांव के पास स्थित तालाब में नहाने चले गए। उस समय परिवार के सदस्य खेतों में गेंहू की कटाई के काम में व्यस्त थे। परिजन शाम को जब खेतों से लौटे तो दोनों बच्चे घर पर नहीं मिले। इसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद घर से करीब 500 मीटर दूर तालाब में दोनों के शव मिलने की सूचना मिली। आशंका जताई जा रही है कि नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए जिससे उनकी खोजबीन के बाद घर से करीब 500 मीटर दूर तालाब में दोनों के शव मिलने की सूचना मिली। आशंका जताई जा रही है कि नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ तालाब के पास जुट गई। ग्रामीणों ने ही दोनों बच्चों के शव पानी से बाहर निकाले। मौके पर पहुंची बच्चों की मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एक साथ दो बच्चों की मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। मोनू उर्फ सत्यम के पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 4 का छात्र था। वहीं उमंग के पिता मुंबई में काम करते हैं। उमंग दो भाइयों में बड़ा था और किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 7 में पढ़ता था। सूचना पर देर रात पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिली अधेड़ की लाश

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सिहौली गांव में बुधवार को प्रातः सवेरे उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर सैनिक गिरजा शंकर महाविद्यालय के ठीक सामने मुख्य सड़क से लगभग तीस मीटर दूर गांव के रास्ते पर एक मजदूर की संदिग्ध पारिस्थियों में शव देख कर लोगों की भीड़ लग गयी। बाद में मृतक की पहचान 50 वर्षीय मगरू पुत्र निहुरि बनवासी निवासी चोलापुर, वाराणसी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक केराकत क्षेत्र के बम्बावन गांव स्थित एक सिंह के ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता था। मंगलवार को शाम सगड़ी लेकर केराकत आया था, और काम खत्म कर घर जा रहा था। तभी तबियत बिगड़ने पर सड़क किनारे सगड़ी से गिर गया और वहीं पर देर रात्रि तक पड़ा रहा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। घटना से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुबारकपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बृजभान (उम्र करीब 25 वर्ष) और गौतम (उम्र करीब 29 वर्ष) निवासी ग्राम भटौरा थाना मुबारकपुर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी संगठित गिरोह बनाकर चोरी, नकबजनी समेत अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। इनका नेटवर्क जनपद स्तर पर सक्रिय था और इनके भय के कारण कई लोग खुलकर शिकायत करने से भी कतराते थे। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने इनके खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था।गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में 8 अप्रैल 2026 को वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीरेन्द्र यादव अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर सठियांव चौराहे के पास पहुंचे और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को सुबह करीब 9:45 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना मुबारकपुर सहित अन्य थानों में भी चोरी, नकबजनी और गैंगस्टर एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय भेजा जा रहा है।

## जिला प्रशासन का चला हंटर :अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई

मीरजापुर। नगर मजिस्ट्रेट, सचिव मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण अविनाश सिंह ने बताया कि ग्राम, मौजा-अनन्तराम पट्टी स्थित आराजी संख्या. 340, 341 व 342 तथा अन्य आस-पास के अन्य आराजियात पर काश्तकारों तथा अन्य अज्ञात सहयोगियों द्वारा लगभग 3 बीघे में बगैर ले-आउट मानचित्र स्वीकृत कराए एवं अवैध प्लाटिंग करने के कारण अवैध निर्माणकताओं के विरूद्ध उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अवैध निर्माण रोकने एवं कारण बताने की नोटिस जारी की गयी थी। परन्तु जारी नोटिस का अनुपालन न करने पर प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुपालन में आज 8 मार्च 2026 को प्राधिकरण के प्रवर्तन दल द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के सहयोग से उक्त स्थल पर किए गए अवैध प्लाटिंग को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराया गया। उक्त के आलोक में जन सामान्य को यह भी अवगत कराना है कि भवन, भूखण्ड,प्लाट कय किए जाने से पूर्व यह सुनिश्चित हो लें कि सम्बन्धित कालोनियों, स्थलों का ले आउट, भू विन्यास, प्लाटिंग मानचित्र विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत है या नहीं ? अन्यथा की दशा में नियमानुसार विकास प्राधिकरण द्वारा की जाने वाली ध्वस्तीकरण आदि की कार्यवाही से किसी भी प्रकार की क्षति, नुकसान इत्त्यादि के लिए मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण उत्तरदायी नहीं होगा।

## आज आयेंगे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरुवार 9 अप्रैल को आजमगढ़ के दौरे पर रहेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन को प्रोटोकॉल प्राप्त हो गया है और तैयारियां तेज कर दी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री सुबह करीब 11 बजे लखनऊ स्थित लामार्टिनियर कॉलेज के हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा आजमगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। उनका हेलीकॉप्टर बड़सरा खालसा में उतरेगा। यहां पहुंचने के बाद उपमुख्यमंत्री सबसे पहले समीप स्थित कोईनहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थल निरीक्षण करेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का जायजा लेंगे। इसके बाद वह करीब साढ़े 12 बजे एमएलसी विजय बहादुर पाठक के आवास पहुंचकर उनके पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और परिजनों से मुलाकात करेंगे। करीब आधे घंटे तक रुकने के बाद उपमुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से फतेहपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। दौरे को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग अलर्ट मोड में है तथा सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में गोदाम में लगी आग

मीरजापुर। नगर के चौबेटोला स्तिथ वोल्टास कम्पनी के गोदाम में लगी आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग की भयावहता और काले धुएं के गुबार से आसपास के रहवासियों सहित पूरा वातावरण प्रदुषित हो उठा था, लोग घरो से निकल कर बाहर आ गए। हालांकि आग लगने का ठोस कारण जहां कोई बता नहीं सका है वहीं सूचना पर शहर कोतवाली, कटरा कोतवाली पुलिस सहित मौके पर फायर ब्रिगेड कर्मी दमकल गाड़ी संग आग पर काबू पाने में लगे रहे हैं। बताया गया है कि नगर के प्रतिष्ठित अग्रवाल इलेक्ट्रॉनिक की एक दुकान चौबेटोला में है, जिसका गोदाम बगल में ही है। उसी गोदाम में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। हालांकि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। अभी तक आग पर काबू नही पाया जा सका है। तंग गलियों से होते हुए आग को काबू में करने का प्रयास जारी रहा है।

## पेड़ गिरने से बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर। जिले में बीती रात आई तेज आंधी-तूफान ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। मछलीशहर रोड स्थित सरकारी अस्पताल के पास अचानक नीम का पेड़ गिरने से बाइक सवार एक युवक उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पूरी घटना पास में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई, जिसने हादसे की भयावहता को उजागर कर दिया। मुंगरा बादशाहपुर क्षेत्र के पकड़ी गोदाम मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय मनीष कुमार गौतम अपनी बाइक से कहीं जा रहा था कि इसी दौरान तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया, जिसके चलते वह सड़क किनारे रुक गए। तभी अचानक सड़क किनारे खड़ा एक पुराना नीम का पेड़ उनके ऊपर गिर पड़ा। पेड़ की भारी डाल के नीचे दबने से मनीष गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि सड़कों के किनारे कई जर्जर और पुराने पेड़ खड़े हैं, जो आंधी-तूफान में कभी भी गिर सकते हैं और बड़ा हादसा हो सकता है।

संक्षेप

## भाजपा ने किया गांव चलो अभियान का शुभारंभ

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश गांव चलो वार्ड चलो अभियान के तहत नगर कार्यकताओं ने अभियान चला। नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष भारती शर्मा जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे एवं व्यापारी नेता हरेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में गरुड़ पार से शुभारंभ किया गया, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह के नेतृत्व में साकेत नगर से शुभारंभ किया गया, कार्यकर्ताओं ने वार्डों में घूमकर सरकार के 9 साल की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने हर वर्ग का विकास किया है। नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में महिला, दलित, शोषित वंचित और युवाओं का उत्थान किया है। नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा ने सभी से इस अभियान में जुड़ने की अपील की।

इस अवसर पर नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया, रविशंकरनाथ त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष अटल बरनवाल, रविंद्र राव, संजू सोनी, अजय कुमार सिंह, बजरंगी मणि, नगर मंत्री दीपू यादव, अमन वर्मा, हरेंद्र पाल, शक्ति केंद्र संयोजक सुशील जायसवाल, संतोष गुप्ता, साहिल, आकाश मिश्रा, सभासद सौरभ त्रिपाठी, पूर्व सभासद आनंद द्विवेदी, रवि पांडे, रूपम पांडे, दीपक वर्मा, अंकित वर्मा, पवन जायसवाल, बूथ अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सोनू गुप्ता, छोटे चौहान, संतोष शुक्ला, राहुल गौड आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आंधी पानी से रबी की कटाई,मड़ाई ठप्प

**देवरिया।** बीती रात आयी तेज आंधी और बौछार से गेहूं की कटाई,मड़ाई में जुटे किसानों को झटका लगा है और बेबस किसान खेतों, खलिहानों में खड़ी फसल, भूसा अनाज को लेकर चिंता में पड़ गया है। कटाई ,मड़ाई ,के ऐन मौके पर मौसम आये अप्रत्याशित बदलाव ने कटाई में रातदिन लगे कम्बाइन मशीनों, थ्रेशरो भूसा बनाने वाली मशीनों पर ब्रेक लगा दिया है। आसमान में छाए बदल ,मौसम विभाग की आंधी ,बारिश की भविष्यवाणी ने किसानों की नींद उड़ा दी है। मौसम में बदलाव को देखते हुए किसान रातदिन एक कर खेतो में खड़ी फसल को जैसे तैसे सुरक्षित करने जुटा था कि मौसम सबपर पानी फेर दिया है।

## आई टी कंपनी ए आई विरिंचि का भव्य उद्घाटन

**देवरिया।** जिले की प्रथम आई टी कम्पनी ए आई विरिंचि प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन पूज्य स्वामी श्री अच्युतानन्द सरस्वती जी महाराज एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गिरीश तिवारी जी द्वारा सोमवार 6 अप्रैल को दानोपुर मुहल्ले में हुआ इस अवसर पर देश विदेश के अनेक अभियन्ता गण उपस्थित थे ये सभी बिट्स पिलानी के पुरातन छात्र भी थे श्री नवनीत मालवीय , अर्जुन सिंह , दिग्विजय तिवारी , संजय राव , कौशलेन्द्र शाही , डब्लू शाही , श्री दयाशंकर पाण्डेय , मनोज यादव , नरेन्द्र उपाध्याय , शैलेन्द्र तिवारी , कवि राजेन्द्र उपाध्याय , श्री शिवेन्द्र जी ने इस दिन को देवरिया के इतिहास में ऐतिहासिक क्षण बताया ।

# एसडीएम ने नपं फाजिलनगर के नामित सभासदों को दिलायी शपथ



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** बुधवार को नगर पंचायत फाजिलनगर में शासन द्वारा मनोनीत तीन सभासदों को एक सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत परिसर में किया गया। जहां नामित सभासदों ने अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। बीते दिनों शासन द्वारा विजय शंकर तिवारी, ओमप्रकाश रौनियार तथा श्रीमती रेखा देवी पत्नी धीरज वर्मा को नगर पंचायत फाजिलनगर का सभासद मनोनीत किया गया था।बुधवार को उपजिलाधिकारी कसया डा. संतराज सिंह बघेल ने तीनों सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, प्रधान लिपिक शुभम मिश्रा, नन्दलाल पाठक, वरिष्ठ पत्रकार विनयकांत ऊर्फ मुन्ना मिश्र, ब्रजेश पांडेय सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ जायसवाल, कवि मनंजय तिवारी, निर्मल, सभासदगण जेपी सिंह,कमलेश वर्मा, रामसेवक सिंह, श्यामु प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव-नामित सभासदों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे नगर के विकास, स्वच्छता एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## नपा के नामित सभासदों को दिलायी गयी पद और गोपनीयता की शपथ

जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नपाप कुशीनगर के सभागार में समारोह पूर्वक नामित सभासद गणों को पद और गोपनीयता की शपथ उप जिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल द्वारा दिलाई गई।बुधवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शासन द्वारा नगरपालिका परिषद कुशीनगर में नामित सभासद रत्नेश श्रीवास्तव, गोपालजी राय, रविन्द्र मद्धेशिया पुत्र राम नाथ मद्धेशिया, श्रीमती अंजली कुशवाहा पत्नी कमलेश कुशवाहा, सुभाष प्रसाद गौतम पुत्र राम वृक्ष प्रसाद को शपथ दिलाई गई। पूर्व विधायक रजनीकांतनी मणि त्रिपाठी ने सभी नामित सभासदों को अपनी शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता नपा की अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला और संचालन स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी एवं दीपक शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदम्बा सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ टीएन राव, संतोष दत्त राय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, मिथिलेश यादव, शैलेन्द्र सिंह, सभासद राजेश मद्धेशिया, सभासद संघ अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, विनय राव, अमेरिकन सिंह, केशव सिंह, मुन्ना शर्मा, साबिर अली, विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, अजेंद्र सिंह, गिरिजेश सिंह, दुर्गेश शर्मा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## गड्ढे में गिरा साइकिल सवार, ब्रेन हेमरेज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के बाईपास रेलवे लाइन पर ग्राम साहोपार के पास बने रेलवे अंडरपास में गड्ढे के कारण एक साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम साहोपार के टोला महदेवा निवासी 55 वर्षीय रामनाथ प्रसाद पुत्र बंगाली प्रसाद, जो राजगीर मिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, मंगलवार सुबह रोज की तरह साइकिल से भटनी काम पर जा रहे थे। जैसे ही वह भरथुआ-भटनी मार्ग पर स्थित रेलवे अंडरपास में पहुंचे, डिवाइडर के नीचे बारिश के कारण बने गड्ढे में उनकी साइकिल का पहिया फंस गया।

इससे वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।गिरने के दौरान उनके सिर के पीछे गहरी चोट लगी, जिससे कान और नाक से खून बहने लगा और वह बेहोश हो गए। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने पर वहां से उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

चिकित्सकों के अनुसार, रामनाथ प्रसाद को ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसके चलते वह शुरूआत में बोल नहीं पा रहे थे, लेकिन अब उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है।

गौरतलब है कि रेलवे अंडरपास में बरसात के बाद से ही गड्ढा बना हुआ है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार रेलवे अधिकारियों से इसे ठीक कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते आए दिन इस स्थान पर दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## एएचटी/एसजेपीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक का हुआ आयोजन



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में एसजेपीयू व थाना एएचटी की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्रीमती हर्षिता तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसओपी में दिये गये दिशा निदेर्शों के अनुपालन हेतु थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव, पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व मानव तस्करी के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉक्सो एक्ट के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित लंबित अभियोग की समीक्षा की गयी, गुमशुदा/अपहृत में दर्ज अभियोगों के सबंध में विवेचकों से वार्ता प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र बरामदगी के सम्बन्ध में आदेश निर्देश दिये गये, साथ ही समस्त बाल कल्याण अधिकारी को जे0जे0 एक्ट 2015 की धारा 74 व धारा 75 की विस्तृत जानकारी दी गयी ।

आगामी अक्षय तृतीया पर्व के दृष्टिगत सभी थानों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए बाल विवाह सम्बन्धी प्रकाश में आये प्रकरणों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जाए। साथ ही बाल श्रम के प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी । बैठक में सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष श्री सतीश श्रीवास्तव, श्रम विभाग से श्री सूरज तिवारी, एसएसबी 42वीं बटालियन से निरीक्षक श्री यशवीर सिंह, एएचटी/एसजेपीयू टीम, आर0पी0एफ0, जी0आर0पी0, प्रभारी एण्टी रोमियो टीम तथा वन स्टॉप सेंटर, डीसीपीओ, चाइल्ड हेल्प लाइन, एन0जी0ओ0, समाज कल्याण के अधिकारी/कर्मचारी एवं सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

## युद्ध बंदी और वैश्विक शांति की स्थापना को लेकर निकाला गया कैंडल मार्च



**कुशीनगर।** अमरीका और ईरान में चल रहे युद्ध बंदी और वैश्विक शांति की स्थापना को लेकर भिक्षु संघ कुशीनगर और शांति सत्याग्रह द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया और शांति सभा का आयोजन कर विश्व कल्याण की कामना की गई।

मंगलवार की शाम को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर के मुख्य द्वार पर भिक्षु, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा बड़ी संख्या में पहुंचे और मुख्य मंदिर से रामा भार स्तूप तक कैंडल मार्च निकाला। भिक्षु संघ के सचिव डॉ नन्द रतन महाथेरो ने कहा कि आज दुनिया काफी अशांत है और देशों में निजी स्वार्थ को लेकर युद्ध हो रहे हैं। बुद्ध के उपदेशों करुणा, मैत्री, शांति की जरूरत मानवता को है।

युद्ध हर हाल में बंद होना चाहिए। शांति सत्याग्रह चला रहे डॉ संपूर्णा नन्द मल्ल गांधी ने कहा कि हमें युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए।यूएसए, संयुक्त राष्ट्र संघ, इजरायल शांति स्थापना के कदम उठाएं। सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी राय ने कहा कि पूरी दुनिया अमेरिकी तानाशाही की शिकार हो रही है। भारत को पश्चिम एशिया में शांति स्थापना के लिए सक्रिय हो राजनयिक प्रयास और सभी पक्षों से संवाद कर शांति स्थापना का विकल्प निकालना होगा। इस दौरान राम भवन राव, एडवोकेट जितेंद्र पटेल, गोरख सिंह, अरुण सिंह, राजेश्वर सिंह, भिक्षु डॉ कितिफान, भिक्षु विनय कीर्ति, भिक्षु आलोक सहित भिक्षु गण मौजूद रहे।

## मोहसिना किदवई के निधन पर कांग्रेसियों ने शोक व्यक्त किया

**देवरिया ।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर जनपद के कांग्रेसीयों ने शोक व्यक्त किया। आज बुधवार अल सुबह में कांग्रेस के कद्दावर नेता मोहसिना किदवई का दिल्ली के प्राइवेट हॉस्पिटल में उन्होंने आखिरी सांस ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई उत्तर प्रदेश के मेरठ संसदीय क्षेत्र से तीन बार लगातार सांसद रही। उनकी गिनती नेहरू गांधी परिवार के सबसे करीबी नेताओं में होती थी। मोहसिना किदवई ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की अगुवाई वाली केन्द्र की सरकारों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शहरी विकास, पर्यटन, परिवहन एवं ग्रामीण विकास जैसे अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली थी।2004 से 2016 तक छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य की भी जिम्मेदारी संभाली। शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, वरुण राय, आनन्ददेव गिरी चुन्नू, भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, चन्दन वर्मा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, आलोक त्रिपाठी राजन, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, मिर्जा खुर्शीद, ऋषिकेश मिश्रासुहेल अंसारी,, राजकुमार जायसवाल, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, सुनील यादव, विनोद दुबे, नागेंद्र शुक्ला, विजय शंकर मिश्रा, जुलेखा खातून, मधु शर्मा, शहनाज जफर, रीता देवी, दीनदयाल यादव, निर्मला वर्मा, सत्यप्रकाश मणि, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, डॉ.एस.के.पाठक, शाकिर हुसैन, डॉ.राजीव राय, पन्नालाल पाठक, दीनदयाल प्रसाद, कमलेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## अस्पताल में अनियमितताओं से सीएमएस को अवगत कराया



इटावा। जिला चिकित्सालय में पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी व वाचस्पति द्विवेदी प्रवक्ता कांग्रेस जनता के द्वारा अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं के बारे में पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी ने बताया कि महिला रैन बसेरा की छत टपक रही पंखों से पानी टपक कर सारे बिस्तरों पर गिर रहा था छत से प्लास्टर टपक रहा है इसी के साथ बगल मैं स्थित विकलांग महिला व पुरुष शौचालय पर ताले लगे हुए हैं दीवाल पर लिखा है अगर किसी विकलांग को शौचालय का प्रयोग करना हो तो वह इमरजेंसी से चाबी हासिल कर शौचालय का उपयोग कर सकता है क्या यह संभव है कि कोई विकलांग पहले चाबी लेने जाए इसी के साथ बगल में बने आरओ प्लांट बन्द पड़ा है पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है रैन बसेरा के सामने आधा सैकड़ा से अधिक दुपहिया वाहन पार्किंग किए हुए है पुरुष रैन बसेरा भी तारों से गेट को बंद कर रखा है कई डॉक्टर काफी समय से अस्पताल ड्यूटी पर नहीं आ रहे है तभी समस्याओं से पुरुष विभाग के सीएमएस को अवगत कराया गया तो उन्होंने इन सभी समस्याओं से पल्ला झाड़ लिया व इसकी जिम्मेदारी महिला विभाग के सीएमएस पर डाल दी जब महिला सीएमएस से बात की गई तो उन्होंने इसका जिम्मेदार पुरुष सीएमएस को बता दिया।

## मासिक पत्रिका समिति का निर्वाचन 15 को

इटावा। अंकलीकर वाणी मासिक पत्रिका समिति इटावा का निर्वाचन 15 को समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन की अध्यक्षता में समिति के कार्यालय 25. दबग्रान रोड पर समय 11 बजे सम्पन्न होगा। सभी प्रकार के सदस्यों, पदाधिकारियों से निर्वाचन में शामिल होने की अपील की गई है। उपरोक्त जानकारी संयुक्त रूप से समिति के निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार एडवोकेट एवं प्रबंधक, मंत्री विशुन कुमार ने दी।

## नगर पालिका के पांच नामित सभासदों ने ली शपथ




इटावा। बुधवार दोपहर नगर पालिका परिषद के पांच नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर ने सभी सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सदर विधायका सरिता भदौरिया, अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, अधिकारी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। मनोनीत सदस्यों में ललित कुमार बाल्मीक निवासी कटरा फतेह मेहमूद खां थाना कोतवाली, तेजपोल राजपूत पुत्र अहिरन सिंह निवासी सराय दयानत थाना सिविल लाइन, प्रीति जैन पुत्री जितेन्द्र जैन निवासी फूलनदेवी डंडा थाना कोतवाली, सतेन्द्र मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा निवासी फ्रेंडस कालोनी, शिवम प्रताप सिंह पुत्र अजय प्रताप सिंह निवासी आवास विकास कालोनी आदि रहे। वहीं जसवंतनगर मॉडल तहसील सभागार में बुधवार दोपहर नगर पालिका परिषद के पांच नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने पालिका अधिशासी अधिकारी श्यामबचन सरोज की उपस्थिति में सभी सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में जय शिव बाल्मीकि, राजवीर सिंह चैहान, भावना अग्निहोत्री, संदीप प्रजापति और उमेश शाक्य शामिल रहे। समारोह में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

## नशे में दो पक्षों में बवाल, पथराव से रामलीला मार्ग जाम, 16 गिरफ्तार



जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला कंजड़ बस्ती में बुधवार सुबह शराब के नशे में दंगा भड़काने के उद्देश्य दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पथराव हुआ। लाठी-डंडों, पत्थरों और गुलेल से हुए हमले के कारण रामलीला मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 महिलाओं समेत 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि 8 अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि फोन पर सूचना मिली थी कि कंजड़ कॉलोनी में दो पक्ष आपस में भिड़कर पथराव कर रहे हैं। मौके पर उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, शिवशंकर और लालजी पाल पुलिस बल के साथ पहुंचे तो दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर उपद्रवियों को काबू में लिया और थाने लाकर पूछताछ की। गिरफ्तार आरोपियों में ओम बाबू, मनोज, संजय, पिंटू, समीर, सचिन, अजय, कृष्णा, दीपक, सुमित तथा मधु, सोनम, भारती, पूनम, सुनीता और राखी शामिल हैं। सभी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कुल 19 नामजद और 8 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दबिश दी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## सहायक स्टेशन मास्टर लापता, पुलिस की तलाश जारी

इटावा। इकदिल रेलवे स्टेशन पर तैनात सहायक स्टेशन मास्टर प्रिंसराज यादव के अचानक लापता होने का मामला गंभीर होता जा रहा है। 5 अप्रैल की सुबह घर से बिना बताए निकले प्रिंसराज का दो दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। गुमशुदगी दर्ज होने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली है, जिससे परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है और पूरे इलाके में बैचेनी का माहौल है। 30 वर्षीय प्रिंसराज यादव सुबह करीब 6 अपने घर से निकले थे, लेकिन इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। परिवार ने पहले अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद थाना फ्रेंडस कालोनी में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। समय बीतने के बाद परिजनों की उम्मीदें कमजोर पड़ती जा रही है और हर गुजरता पल चिंता बढ़ा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि इटावा रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों में प्रिंसराज नजर आए है। हालांकि वह किस दिशा में गए और उनके लापता होने की वजह क्या है, इसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है, पुलिस लगातार संभावित स्थानों पर तलाश कर रही है और जल्द ही किसी ठोस जानकारी की उम्मीद जताई जा रही है।

## स्टंटबाजों पर 33 हजार का चालान

इटावा। सड़कों पर स्टंट कर रहे युवाओं के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बुलेट और अन्य दुपहिया वाहनों पर खतरनाक करतब दिखाना, युवाओं को भारी पड़ रहा है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अभियान चलाकर स्टंट करते पकड़े गए युवकों पर कुल 33 हजार रुपये का चालान काटा है। इस कार्रवाई के बाद शहर में हड़कंप मचा हुआ है। शहर में पिछले कुछ समय से बाइक स्टंट की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। खासतौर पर बुलेट मोटरसाइकिल पर खतरनाक करतब दिखाने के वीडियो भी सामने आ रहे थे। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने युवाओं और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सड़कें स्टंट के लिए नहीं होतीं, बल्कि सुरक्षित यात्रा के लिए होती हैं। उन्होंने कहा कि युवा जोश में आकर अपनी और दूसरों की जिंदगी खतरे में न डालें। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने को कहा गया है।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रीकाशी दास बाबा की पूजा सम्पन्न

भटनी ( देवरिया ) ।विधानसभा क्षेत्र रामपुर कारखाना के ग्रामसभा जिरासो, वीरसिंहपुर व परसौनी में श्रीकाशीदास बाबा की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शामिल हुए, जिनका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।इस दौरान रामपुर कारखाना की पूर्व विधायक गजाला लारी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

**● सपा प्रदेश अध्यक्ष काहुआ भव्य स्वागत**

सभी ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत कर कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजकों द्वारा पारंपरिक कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया गया, जिसमें पहलवानों ने दमखम दिखाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, गीत-संगीत के कार्यक्रम में गायक एवं समाजवादी नेता धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल ने कहा कि क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं और ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है।

उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक गजाला लारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष सिंह ने भी अपने संबोधन में कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कथा के श्रवण से कष्टों से मुक्ति और आनंद, मोक्ष की होती है प्राप्तिः पं.अजय शास्त्री



**कसया, कुशीनगर।** तहसील के ग्राम चैनपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंङ्ग अजय शास्त्री ने कहा कि कथा के श्रवण से कष्टों से मुक्ति और आनंद के साथ मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कथा व्यास पंङ्ग अजय शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए भगवान व्यास , सुखदेव एवं परीक्षित की जन्म की कथा का सुंदर प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि भगवान इतने दयालु है कि अपने भक्त की रक्षा के लिये अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ देते है । कहा कि अर्जुन के ऊपर जब भीष्म पितामह मर्मारक बाण का प्रहार करने लगे तो भगवान कृष्ण अर्जुन के प्राण को बचाने के लिए रथ के टूटे हुए पहिए को लेकर पितामह भीष्म को मारने के लिए दौड़े। जबकि भगवान कृष्ण प्रतिज्ञा किए थे कि युद्ध में मै अस्त्र शस्त्र नहीं उठाऊंगा इस प्रकार भगवान अपने भक्त की प्रतिज्ञा रखने के लिए अपनी ही प्रतिज्ञा तोड़ दी। यजमान आरती देवी , ब्रह्मानंद गुप्त एवं कंचनलता व्यास गद्दी की पूजा की ।कलाकार नितिन ने मां काली की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। जिसको देख श्रद्धालुगण मां काली की जयकारा लगाए। कथा व्यास के साथ संगीताचार्य पवन एवं भजन ने संगत किया। आचार्य सत्यप्रकाश पाण्डेय एवं उप आचार्य अनुराग दुबे ने पूजन अर्चन कराया। इस अवसर पर पूर्व प्रवक्ता सुरेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व प्रवक्ता बसंत लाल, नन्द कुशवाहा, लक्ष्मी गुप्ता, रामायण गुप्त, हरी लाल, रमाकांत गुप्त, नथुनी गुप्त, द्वारिका कुशवाहा, अभिषेक विष्णु, प्रेम आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रजिस्टर्ड पत्र में सादा कागज कुशीनगर में शिक्षा तंत्र पर बड़ा सवाल

**कुशीनगर।** जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग में एक ऐसा सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। मामला पडरौना नगर के रामकोला रोड संचालित गोस्वामी तुलसी दास इंटर कॉलेज के निलंबित प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक व विद्यालय के प्रधानाचार्य से जुडी है। निलंबित प्रधान लिपिक ज्ञानप्रकाश पाठक ने विद्यालय के प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप लगाया है। अगर आरोप सच है तो यह पूरे सिस्टम के लिए गंभीर चेतावनी है ।निलंबित कर्मचारी ज्ञानप्रकाश पाठक के आरोप के मुताबिक, कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा भेजा गया पंजीकृत पत्र (ईयू 653892915 आईएन) जब 4 अप्रैल 2026 की शाम पोस्टमैन की मौजूदगी में खोला गया, तो उसमें किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं, बल्कि सिर्फ एक सादा कागज मिला। हैरानी की बात यह है कि इस तथ्य की पुष्टि खुद पोस्टमैन ने लिखित में की है ।अब सवाल यह है कि क्या यह महज इत्तेफाक है या लापरवाही या फिर एक सुनियोजित षड्यंत्र ? पंजीकृत डाक, जिसे कानूनी रूप से प्रमाणिक संचार माना जाता है, उसमें खालीपन आखिर किस मंशा की ओर इशारा करता है ?क्या लिफाफे मे दस्तावेज जानबूझकर नहीं भेजे गए? क्या विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा भविष्य में यह दिखाने की तैयारी थी कि ह्लसूचना भेजी जा चुकी थी ? या फिर यह पूरा मामला किसी को फंसाने की रणनीति का हिस्सा है? मामले की संवेदनशीलता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह पत्र एक निलंबित कर्मचारी को भेजा गया है। ऐसे में यह सवाल और गहरा हो जाता है कि क्या प्रक्रिया का पालन सिर्फ कागजों में दिखाने के लिए किया जा रहा है ? ज्ञान प्रकाश पाठक का कहना है कि उन्हें झूठे और कुटरचित आरोपों में फंसाकर निलंबित किया गया और सबसे चिंताजनक बात यह कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी बिना उनका पक्ष सुने ही इस निलंबन को हरी झंडी दे दी। पीड़ित ने स्पष्ट तौर पर मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

**● क्या निलंबन की स्क्रिप्ट पहले ही लिखी जा चुकी थी**

# आयात पर निर्भरता

मध्य पूर्व में युद्ध की धधकती आग फिलहाल आस्थायी युद्ध विराम के कारण थम गयी है, लेकिन कब तक युद्ध विराम रहेगा, इस पर कोई भी भरोसे के साथ कुछ कह नहीं सकता है। युद्ध रुकेगा या फिर बम-बारुद बरसेंगे यह तो युद्धरत पक्षों को तय करना है, लेकिन 40 दिन के मिडिल ईस्ट वार ने भारत को कई सबक दिये हैं। अगर यह युद्ध स्थायी रूप से नहीं थमा, तो सरकार ने अपनी उज्ज्वला योजना के तहत और आसान कनेक्शन के जरिए एलपीजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाकर 35 करोड़ तक जो पहुंचा दी है, वह बड़ा सिरदर्द बन जायेगा। इसी तरह क्रूड आयात का बिल इतना अधिक होगा कि चालू खाते का घाटा इतना बढ़ जायेगा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का मूल्य तीन अंकों तक गिर जायेगा। उर्वरकों का आयात और इस पर सब्सिडी का बिल इतना अधिक होगा कि राजकोषीय घाटा बेकाबू होने लगेगा। और यह सब हमारी दूसरों पर निर्भरता का परिणाम होगा। हम आत्मनिर्भर भारत की लफ्फाजी दिन भर करते हैं लेकिन सच यह है कि भारत उर्वरक, खाद्य तेल, डिफेंस, तेल एवं गैस और एडवांस इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के मामले में पूरी तरह आयात पर निर्भर है। यह गंभीर संकट भी है और चिंता का विषय भी। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने के लिए और गंभीर प्रयास करने चाहिए। भारत कच्चे तेल की अपनी खपत आवश्यकता का 85 फीसदी आयात करता है। इसका बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है और यह क्षेत्र भू-राजनीतिक अनिश्चितता को लेकर बहुत अधिक संवेदनशील है। भू-राजनीतिक उथल-पुथल मचते ही आयात की लागत अचानक बढ़ जाती है, मुद्रास्फीति का दबाव उत्पन्न हो जाता है और उद्योग जगत के लिए भी हालात अनिश्चित हो जाते हैं। जैसा कि वर्तमान संकट दर्शाता है। बात केवल कीमतों की नहीं बल्कि उपलब्धता की भी है जिस पर गहरा असर पड़ सकता है। ऊर्जा कीमतों और आयात बिल में तेज इजाफा वृहद आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। अतीत में कई अवसरों पर हम ऐसा होते देख चुके हैं। ऐसे में निरंतर भू-राजनीतिक उथल-पुथल वाली दुनिया में अपने दीर्घकालिक हितों को सुरक्षित करने के लिए भारत को ऊर्जा आयात पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी। इसे हासिल करने के लिए अलग-अलग मोर्चों पर एक साथ काम करना होगा। यह दलील दी गई कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना होगा और इसके साथ ही उसे तेल एवं गैस आयात के स्त्रोतों में विविधता लानी होगी। हालांकि, इस चरण में भारत को नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन की भी आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई कारोबार गैस की अनुपलब्धता के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से उत्पादन बंद कर चुके हैं। यह जानना जरूरी है कि क्या उनमें से कुछ अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को बिजली पर स्थानांतरित कर सकते हैं। ऐसे बदलाव, संभवतः राज्य की मदद से, मांग का एक स्थिर स्त्रोत बना सकते हैं। विश्वसनीय औद्योगिक सुधार नवीकरणीय क्षमता के उपयोग में सुधार कर सकता है, निजी निवेश आकर्षित कर सकता है और भंडारण जैसी एंसीलरी अधोसंरचना के विकास को तेज कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के हालिया आंकड़े बताते हैं कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार है। हालांकि, कुल ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान अभी भी बहुत कम है और इसे पर्याप्त रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है। यह पहल रोजगार निर्माण की दृष्टि से भी बेहतर है। कुल मिलाकर मध्यपूर्व में अगर शांति वापस लौटती है, तो देश बड़े आर्थिक संकट से बच जायेगा लेकिन जो संकट बीते 40 दिनों में सरकार और देश को देखना पड़ा, उसके मद्देनजर अब देश का हित इसी में कि ऊर्जा और उर्वरकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता अपनाये। देश में सोलर, पवन और जल विद्युत के साथ बायोगैस, बायोफ्यूल और उरर्वक उत्पादन पर फोकस बढ़ाये।



मध्य पूर्व का संकट भारत के लिए एक सबक है। अब देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का प्रयास करना चाहिए।

## विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

–स्वामी विवेकानन्द.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक–दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

–महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

–वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ–स्थान से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

–गेटे.

# मिलकर देश की नारी शक्ति को करें सशक्त



पीएम नरेन्द्र मोदी

अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराये जायें। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाये।



## चिंतन

इक्कीसवीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी है। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाये। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरूआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं।

इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है। लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी।

यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## सोशल मीडिया

मुस्लिम लीग के साथ केरलम में लंबे समय से गठबंधन करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खुले मंच से मुसलमनों को हिंसा करने को भड़का रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.



नॉर्थ 24 परगना और नादिया ने आज जोरदार और साफ आवाज में अपनीबात कह दी है। उनका फैसला पहले ही आ चुका है। बंगाल के लोग झूठे के आगे नहीं झुकेंगे। ममता बनर्जी.



बदलता हुआ गोरखपुर आज स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी एक नयी पहचान स्थापित कर रहा है, माफिया मुक्त यू पी में व्यापारी सुरक्षित हैं, बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रहीं। सीएम योगी.



# मानवीय गुणों का महत्व

## अंतर्दृष्टि

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिा पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी। कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं का भाव नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

# बाथरूम के बड़े-बड़े फायदे

## व्यंग्यलोक


आजकल लगभग मैं बाथरूम में ही पाया जाता हूँ। मैंने बाथरूम से बाहर रूम में रहकर देख लिया, सिवाय परेशानियों के और कुछ नहीं है। बाथरूम के बड़े फायदे हैं। पत्नी का यह तकिया कलाम स्थायी हो गया है कि मैं बाथरूम में हूँ। मेरे कई भय है। जिनके कारण मुझे इसमें जाना पड़ा है। खासतौर से जब से फोन लगा है, तब से मैं इसमें समाहित हो गया हूँ। सुबह-सुबह मेरे एक प्रकाशक मित्र का फोन आता है, जिनसे सिवाय वाहियात वार्तालाप के अलावा कुछ हासिल नहीं हो पाता। रायल्टी का हिसाब-किताब करीब-करीब क्लीयर-सा है, ऐसी स्थिति में मेरा बाथरूम में चले जाना ही श्रेष्ठ है-सो से मिलते हैं तो यही शिकायत प्रमुखता से करते हैं कि मैं बाथरूम में क्यों चला गया हूँ। उनसे तो असलियत क्या बताऊँ, यही कह पाता हूँ कि डॉक्टर ने साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने को कहा है, सो ज्यादा समय वहीं रहना पड़ता है। वे रहस्यमयी मुस्कान के साथ कहते हैं-थोड़ा लिखना-पढ़ना रेगुलर करो। इस तरह कैसे चलेगा। इस तरह तो आपका लेखक मर जायेगा।



पूरन सरमा

मैं मन में सोचता हूँ कि उनकी बकवास से मरने की एवज बिना लिखे-पढ़े मर जाना ज्यादा बेहतर है। उधार माँगने वालों से पूरी तरह सुरक्षित हूँ। वे फोन पर ही - चिल्लाते हैं-उन्हें निकालिये बाथरूम से। पूरा एक साल गुजर गया-कब देंगे हमारी उधारी? पत्नी घाघ हो गयी है, कहती है-उन्हें पहले बाथरूम से बाहर आने दो, पता करती हूँ कि उन्होंने आप जैसे अव्यावहारिक आदमी से उधार क्यों ली? उधार ली है तो मर थोड़े ही रहे हैं हम। एक-एक पाई चुका देंगे, लेकिन बातचीत ढंग से किया करो। थोड़ी तमीज सीखो। उधार उगाहने वाले दुर्जन ठण्डे पड़ जाते हैं-वह क्या था? जब भी फोन करता हूँ, तब वे बाथरूम में होते हैं। कभी बाहर भी तो मिलें। पत्नी कह देती है-अब आप फोन ही तब करते हैं, जब वे बाथरूम में होते हैं। वे कहते हैं- अच्छा थोड़ी देर बाद में फोन कर लूँगा। वे पुनः फोन करते हैं, तब तक मैं ऑफिस चला जाता हूँ। कुछ लोग मुझे मेरे दफ्तर के काम से फोन करते हैं। उन्हें भी मैं बाथरूम में मिलता हूँ। उनकी माँग होती है कि उन्हें जरूरी काम था। पत्नी कहती है कि जरूर होगा आपको जरूरी काम अन्यथा आप टेलिफोन करते ही क्यों। वे कहते हैं-कब तक बाहर आयेंगे वे। पत्नी कहती है कि बाहर आ गये तो बीमार हो जायेंगे तथा ऑफिस नहीं जायेंगे। इस तरह की पहेलीबाजी से मैं इनसे बचा रहता हूँ। यही क्यों और भी शुभचिंतक हैं, जो मुझे कुछ लिखवाना चाहते हैं, माँगना चाहते हैं, सलाह मशविरा करना चाहते हैं अथवा यों ही गप्प मारकर समय जाया करना चाहते हैं। उन सबके लिए मैं बाथरूम मैं हूँ।

# वन्यजीवों पर सबसे बड़ा संकट है अवैध शिकार



वन्यजीवन

के.पी.सिंह

वन्य जीवों का अवैध शिकार इनके अस्तित्व के लिए बड़ा संकट बन गया है। इस संदर्भ में अवैध शिकार के आंकड़े स्थिति की गंभीरता को प्रकट करते हैंः

- साल 2025 में 166 बाघों की मौत हुई, जिनमें 52 मामलों में उनके शिकार की आशंका और पुष्टि हुई। 2024 में 26, 2023 में 56, 2022 में 39 बाघ अज्ञात अवैध शिकारियों द्वारा मौत के घाट उतार दिए गए।
- साल 2021 से 2025 के बीच 157 से ज्यादा हाथी बिजली का करंट लगने से या ट्रेन की दुर्घटना से अथवा अन्य तरीकों से मारे गये। इनमें भी बड़ी संख्या में अवैध शिकारियों के द्वारा या तो मारे गये या उसके लिए स्थितियां बनायी गईं।
- काजीरंगा, असम में अकेले साल 2000 से 2021 के बीच 191 गैंडे अवैध शिकारियों द्वारा मारे गये।
- अगर साल 2020 से 2024 के दौरान वन्यजीव अपराध में दर्ज हुए मामलों को देखें तो 2700 से ज्यादा अपराध दर्ज हुए जिसमें सबसे ज्यादा 2020 में 820 मामले थे। अगर दुनियाभर के आंकड़े देखें तो साल 2000 से अब तक अकेले 3800 से ज्यादा बाघ ही अवैध शिकारियों के हत्थे चढ़ चुके हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत या दुनिया के घने जंगलों में जब रात उतरती है, तो सिर्फ जानवरों की हलचल ही नहीं होती, कहीं दूर बंदूक की धीमी आवाज, बिछाये गये जाल के फंदे और अंधेरे में छिपे सक्रिय शिकारी भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं।

वन्य जीव समस्या का सबसे बड़ा सच है, अवैध शिकार। वन्यजीव दिवस जैसे अवसर हमें बार-बार याद दिलाते हैं कि जंगलों का संकट केवल पेड़ों के कटने तक सीमित नहीं है, असली खतरा उन नेटवर्क से हैं, जो जानवरों को उत्पाद में बदल देते हैं। हर साल छोटे-बड़े सभी जीवों के अवैध शिकार को गिना जाए तो एक अनुमान के मुताबिक 10 लाख से ज्यादा जानवर चोरी छुपे अवैध शिकारियों के द्वारा मारे जाते हैं। भारत में बाघ, गैंडा, हाथी, तेंदुआ जैसे जानवर हमेशा से शिकारियों के हत्थे चढ़ते रहे हैं। बाघ की खाल और हड्डियां, गैंडे का सींग और हाथी के दांत हमेशा अंतर्राष्ट्रीय काले बाजार में भारी कीमत पर बिकते रहे हैं। यही कारण है कि कई तरह के कड़े कानून बनाने और निगरानी की कई तरह की व्यवस्थाएं करने के बाद भी, न देश में, न दुनिया में वन्यजीवों के सिर पर मंडरा रहा अवैध शिकार का खतरा नहीं टल रहा। दुनियाभर के काले बाजार में अवैध शिकार किये गये जानवरों के विभिन्न अंगों की भारी मांग है, जिसके कारण सरकारें और वनजीव संगठन तरह-तरह की कोशिशों के बाद भी वन्यजीवों को अवैध शिकारियों से नहीं बचा पा रहे। आज चाहे दुनिया का कोई गरीब देश हो या अमीर देश, हर जगह यह एक बड़ी समस्या है। हाल के सालों में भारत में बाघों की संख्या बढ़ने के बावजूद अवैध शिकार की घटनाएं पूरी तरह खत्म नहीं हुईं। कई मामलों में तो शिकार अब और अधिक संगठित तथा तकनीकी हो चुका है। जीपीएस, ड्रोन और एन्क्रिप्टेड तकनीकों का इस्तेमाल तक होने लगा है। वास्तव में वन्यजीवों का अवैध शिकार किसी एक देश की समस्या नहीं है। यह अंतर्राष्ट्रीय समस्या है, क्योंकि वन्यजीवों को अवैध शिकार करके इसके कारोबार का जाल पूरी दुनिया में फैला हुआ है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध उद्योग बन चुका है, जिसकी जड़ें एशिया, अफ्रीका और यूरोप तक फैली हुई हैं। यही कारण है कि वन्यजीव जहां एक तरफ जलवायु परिवर्तन और तमाम दूसरी प्राकृतिक आपदाओं का लगातार शिकार बन रहे हैं, उसी तरह वो अवैध शिकारियों के चंगुल में भी फंसे हुए हैं। इस व्यापार को नियंत्रित करने के लिए कई तरह की संधियां हैं, फिर भी वन्यजीवों को शिकार से नहीं बचाया जा पा रहा। दुनिया के नक्शे में हर साल तकरीबन 10 लाख विभिन्न छोटे-बड़े वन्यजीव अवैध शिकारियों के हत्थे चढ़ जाते हैं और यह संकट दिन पर दिन गहराता जा रहा है।

सवाल है आखिर जब दुनिया के ज्यादातर देश वन्यजीवों की संरक्षण की बात कर रहे हैं, तो फिर इनके अवैध शिकार को क्यों नहीं रोक पा रहे? इसके पीछे सबसे बड़ा कारण वन्यजीव क्षेत्रों पर बड़े पैमाने में फैली गरीबी और स्थानीय दबाव हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के सीमित संसाधन हैं और लोग शिकारियों के नेटवर्क का हिस्सा बन जाते हैं। भारत में विशाल वन क्षेत्र हैं, लेकिन वनरक्षकों की संख्या बेहद सीमित है। इस कमी को दूर करने की जरूरत है।

## आप की बात

### महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### छात्रों को टेबलेट, स्मार्टफोन

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट रही है। कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है इससे सही लोगों को लाभ नहीं मिल पाता।

**प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## मानक को ताक पर रखकर राज्यमार्गो किनारे बेचे जा रहे प्लॉट

**बांदा।** शहर के राज्य मार्ग के किनारे धड़ल्ले से जमीनों की प्लाटिंग मानक को ताक में रखकर की जा रही है। इसमें विक्रेता मुख्य मार्ग से मात्र 55 फिट छोड़कर कब्जा जमीन खरीदार को दे रहे हैं। एक जनसूचना के तहत लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में मार्ग के मध्य से 60 फिट व ग्रामीण क्षेत्र जैसे बांदा-बिसंडा मार्ग में 70 प्लस फाइव अर्थात 75 फिट छोड़कर ही विक्रेता निर्माण कार्य करें इससे भविष्य की परेशानी से बचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह मार्ग फोर लेन स्वीकृत है। ग्रामीण क्षेत्र में 75 प्लस व अर्बन क्षेत्र में 60 फिट के बाद यदि जमीन का अधिग्रहण किया जाता है तो नियमानुसार मुआवजा भूमि स्वामी को देय होता है। उन्होंने कहा कि यदि प्लाट खरीदते समय खरीदार इस बात का ध्यान रखेंगे तो भविष्य में किसी तरह की समस्या नहीं होगी। बताते चलें कि प्लाट बेंचने वाले खरीदार को अनभिज्ञ रखते हैं और वह सड़क से कुछ फीट जमीन छोड़कर उसे नापकर प्लाट बेंच देते हैं लेकिन बाद में इसका खामियाजा प्लाट खरीदार को ही भुगतना पड़ता है।

## प्रयोगात्मक परीक्षा आज से

**ललितपुर।** श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजब सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भूगोल विषयों के छूटे/वंचित हुए जिले के सभी परीक्षार्थियों की बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा 9, 10 अप्रैल को समय प्रातः 8 बजे से वर्णी जैन इंटर कॉलेज में सम्पन्न होगी। विषयों के छूटे/वंचित हुये परीक्षार्थी प्रयोगात्मक रिकॉर्ड लेकर विषय अध्यापक के साथ आईबी 234 दो प्रति में लेकर परीक्षा में उपस्थित रहें।

## तेज रफ्तार टैक्सी ने मोटरसाइकिल को रौंदा, मौत

**ललितपुर।** लापरवाही भरी ड्राइविंग की एक दर्दनाक घटना ने एक परिवार को हमेशा के लिए सूना कर दिया। राजघाट रोड पर टैक्सी की तेज रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 106, धारा 281 और धारा 324(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। बताया जा रहा है कि 1 अप्रैल 2026 को बुधवार की शाम करीब 7.30 बजे ग्राम देवरी निवासी पवन कुमार अपनी मोटरसाइकिल (नंबर यू.पी.94 ई.एल. 1513) पर ललितपुर से राजघाट की ओर जा रहे थे। ग्राम मड़वारी के पास राजघाट रोड पर पिसनारीबाग इलाके की संदिग्ध टैक्सी (नंबर यू.पी. 94 टी 9274) ने तेज गति और लापरवाही से सामने से उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पवन कुमार मौके पर ही गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और उन्हें जिला सरकारी अस्पताल ललितपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजाराम ने 7 अप्रैल 2026 को थाना कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि टैक्सी की लापरवाही से उनकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने टैक्सी चालक (अभी अज्ञात) के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पॉलिटेक्निक तालबेहट में हुआ पूल कैम्पस ड्राइव

ललितपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संस्थान में आयोजित पूल कैंपस ड्राइव में विभिन्न जिलों के छात्रों ने अपना कौशल दिखाया, जिसमें अंतिम रूप से 14 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। प्रधानाचार्य विवेक मेहरोत्रा ने जानकारी दी कि 07 अप्रैल 2026 को आयोजित इस ड्राइव में एक प्रतिष्ठित कंपनी ने हिस्सा लिया। कंपनी के प्रतिनिधि राकेश नायक ने छात्रों को कंपनी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया और इंटरव्यू की प्रक्रिया संपन्न की। इस पूल कैंपस ड्राइव में कुल 65 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। संस्थान के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस ड्राइव की विशेषता यह रही कि इसमें केवल स्थानीय छात्र ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के पॉलिटेक्निक छात्रों ने भाग लिया। 08 अप्रैल को घोषित परिणाम के अनुसार, 14 योग्य छात्रों को कंपनी द्वारा नौकरी का प्रस्ताव दिया गया। संस्थान अब तक सफलता पूर्वक 04 पूल कैंपस ड्राइव आयोजित कर चुका है।

# चोरी और टप्पेबाजी का आरोपी गिरफ्तार, नौ लाख के जेवर जब्त



जिला संवाददाता

**बांदा।** थाना कालिंजर व एसओजी की संयुक्त टीम ने चोरी लूट व टप्पेबाजी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह इरानी गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर लगभग 9 लाख रुपए चोरी के आभूषण भी बरामद किए गये है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिले में आरोपियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस ने यह कार्रवाही की। बीती 5 जनवरी को कालिंजर निवासी बृजनंदन ने थाने में सूचना दी कि उसकी शराफ़ की दुकान में अज्ञात लोगों ने सोने के गहने दिखाने को कहा इस दौरान उन्होंने एक पीस खरीदने का बहाना बनाकर बातों में उलझाकर काउंटर में रखे डिब्बे से जेवर निकाल कर चोरी कर भाग गये। सर्राफ की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई। एसपी पलाश बंसल ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया था। सीसीटीवी फूटेज के जरिए आरोपियों की पहचान की गई पुलिस ने संदिग्ध खानू हुसैन पुत्र फरजन्द निवासी ग्राम बुरहार को पूंछतांछ के लिए थाने लाया गया। कड़ाई से पूंछतांछ करने पर उसने स्वीकार किया कि वह अन्य साथियों जुबेर अहमद तकवीर खान एवं सरताज अली के साथ मिलकर संगठित गिरोह के रूप में कई जिलों व राज्यों में ज्वैलर्स की दुकानों को निशाना बनाकर चोरी तथा टप्पेबाजी को अंजाम देता है। यह भी बताया कि गिरोह का एक सदस्य जुबेर अहमद को भोपाल पुलिस जेल भेज चुकी है। आरोपी के पास से सोने के 6 मंगलसूत्र 2 नाक की नथ 7 जोड़ी कान की बाली व अन्य जेवर बरामद हुए है।

# डीएम ने भोजन परोसकर 11वें वर्ष का शुभारंभ किया



**ललितपुर।** जरूरतमंदों के लिए चल रही अन्नपूर्णा भोजशाला में 11वीं वर्ष में प्रवेश करने पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने भोजन परस कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल 2016 को अन्नपूर्णा सेवा संघ द्वारा संचालित अन्नपूर्णा भोजनशाला का शुभारंभ जिला अस्पताल परिसर ललितपुर में जरूरतमंदों के निशुल्क भोजन हेतु ईश्वर की अनुकंपा और आप सभी के सहयोग से शुरू किया गया था और 10 वर्ष से दोनों समय सेवा चल रही है जिसके लिए सभी दानदाता तारीफ के पात्र है। जो इतनी करुणा के साथ जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा कर रहे हैं यह संस्था भी प्रशंसा की पात्र है जो अनवरत दोनों समय इस भोजनशाला को चल रही है निश्चित रूप से प्रत्येक जिले में इस तरह की भोजशाला होनी चाहिए। इन 10 वर्षों के सफर में अन्नपूर्णा सेवा संघ द्वारा अन्नपूर्णा भोजनशाला के साथ-साथ अन्नपूर्णा ऑक्सीजन बैंक, अन्नपूर्णा एंबुलेंस सेवा ,अन्नपूर्णा नेकी की दीवार ,अन्नपूर्णा क्लॉथ बैंक, अन्नपूर्णा शव वाहन, अन्नपूर्णा मुक्तिरथ का संचालन भी आवश्यकताओं को देखते हुए संपूर्ण रूप से निशुल्क चल रहा है जिसका लाभ अधिकतम लोगों को मिल रहा है जो की हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है और हमारी भावना है कि हमारे साथ भी और हमारे बाद भी यह सेवाये निशुल्क चालू रहें।

- **अन्नपूर्णा सेवा संघ ललितपुर का 11वां स्थापना दिवस मना**

# प्रकरणों के पूर्ण विवरण सहित संबंधित अधिकारी स्वयं बैठक में प्रतिभा करें: डीएम

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उ0प्र0 विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय प्रकरणों से संबंधित पूर्ण विवरण के साथ आख्या आज शाम तक जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि विनियमन समीक्षा समिति द्वारा बिजनौर में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोटोकॉल काल का पालन, संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण, भ्रष्टाचार सहित अन्य संबंधित प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने उक्त बैठक के संबंध में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबन्धित प्रकरणों के संपूर्ण विवरण, कृत कार्यवाही एवं जानकारी के साथ स्वयं बैठक में प्रतिभा करना सुनिश्चित करें तथा अपने स्थान पर किसी अपने अधीनस्थ अधिकारी को बैठक में भाग लेने के लिए न भेजें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# आईजीआरएस में जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश के सभी थानों की रैकिंग में जनपद के 14 थाने रहे अव्वल

ललितपुर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो० मुश्ताक के निर्देशन में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में माह मार्च-2026 की प्रदेश रैंकिंग में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में जनपद ललितपुर के 14 थानों को शत-प्रतिशत कार्यवाही के लिये प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, ऑनलाईन प्राप्त शिकायतों, समाधान दिवस, उच्चाधिकारीगण आदि पटलों से प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारीगणों की प्रशंसा करते हुये 25 हजार रुपये की धनराशि के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रथम रैंक प्राप्त थानों में जाखलौन, जखौरा, बानपुर, मदनपुर, नाराहट, पूराकला, बार, पाली, महरौनी, तालबेहट, सौजना, मड़ावरा, महिला थाना ललितपुर एवं थाना बालाबेहट शामिल हैं।

## रोजगार मेले में 327 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

**देवरिया।** जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया एवं राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रामजी सहाय पीजी कॉलेज, रुद्रपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ पूर्वाह्न 10 बजे हुआ।रोजगार मेले में प्रधानाचार्य बृजेश कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के प्रबंधक कुमार रोहित, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा तथा धीरज कुमार मद्धेशिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य एवं प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक चयन प्रमाण पत्र प्रदान किए।मेले में अपराह्न 3 बजे तक कुल 545 रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 327 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में प्रारंभिक चयन किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवायोजन कार्यालय एवं एनएसआईसी देवरिया के कार्मिकों–सिद्दीकी, हिमांशु, आनंद मणि त्रिपाठी आदि का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी तथा अन्य अभ्यर्थियों को निराश न होकर सतत प्रयास एवं परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया।

# सड़क पर मिट्टी होने से फंसी रोडवेज बस, यात्री परेशान



**बांदा।** मौरंग खदान के मुख्य रास्ते पर मिट्टी पड़ी होने की वजह से रोडवेज बस फंस गयी जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पैलानी तहसील के अमलोर गांव में केवल दो चक्कर चलाई जा रही रोडवेज बस के रास्ते में मौरंग खदान से निकले पूरे रास्ते में टायरों से छोड़ी गयी मिट्टी एवं बारिश होने से ट्रकों ने पूरे रास्ते में टायरों से छोड़ी गई मिट्टी एवं बारिश होने की वजह से बस सड़क से फिसलकर किनारे पहुंच गयी।

जिससे बस में बैठे यात्री भयभीत होकर बीच रास्ते में ही उतर गए और बस कीचड़ भरे रास्ते में फंस गयी। बस में सवार यात्रियों को गांव तक पैदल सफर करना पड़ा। ग्रामीणों को जैसे ही इस बात का पता चला तो ट्रैक्टर चालक चंदन सिंह तथा अनिल सिंह को लेकर मौके पर पहुंचे और रोडवेज बस को निकाले जाने का भर्षक प्रयत्न किया परंतु बस नहीं निकल सकी। गांव के जयकरण सिंह रहिमन राम अवतार नंदपाल तथा ग्राम प्रधान भूपेंद्र सिंह उर्फ गोरे ने बताया कि यह सड़क ग्रामीण अभियंत्रण सेवा प्रखंड विभाग द्वारा मेंन रोड से अम्लोर 5 किलोमीटर तक बनाई गई थी। जिस पर लगातार मौरंग खदान के ट्रकों के चलने से रास्ते में कई जगह गड्ढे हो गए हैं एवं पीपल के पास बनाई गई पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस सड़क की ग्राइंडर से सफाई कराई जाए अन्यथा की स्थिति में एकमात्र चल रही रोडवेज बस किसी भी समय बंद हो सकती है और यात्रियों को आवागमन में भीषण असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

# आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य मिलकर बनाते हैं हमें स्वस्थः डॉ. मयंक

**ललितपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 का विषय है ,स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें। 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह अभियान वैज्ञानिक सहयोग, साक्ष्य-आधारित नीतियों और एक स्वास्थ्य, दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है, जो एक स्वस्थ भविष्य के निर्माण के लिए मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य को आपस में जोड़ता है।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, स्वच्छ वातावरण एवं नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। इस अवसर पर डॉ. रवि पचोरी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा उपस्थित जनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में सुधार करके हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

- **विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**



डॉ. पवन सूद ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग और ध्यान पर जोर दिया। डॉ. श्रुति सिंह ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, प्रिंसिपल डॉ. मयंक कुमार शुक्ला ने आध्यात्मिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य पर जोर दिया। इसके साथ ही, द्वितीय वर्ष के छात्र दिव्यदीप गोस्वामी, दिव्यांश पांडे, दिव्यांश यादव, द्वारिका शुक्ला, गोविंद शर्मा ने पोस्टर भी प्रस्तुत किए।यह कार्यक्रम मुख्य रूप से डॉ. मयंक कुमार शुक्ला (प्रिंसिपल) के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, डॉ. मधुरेंद्र, डॉ. रजनी, डॉ. अभिषेक, डॉ. रविकांत वर्मा, डॉ. प्रद्युम्न वर्मा, डॉ. अंकित, डॉ. आशीष निरंजन, डॉ. मनोज सोनी, तथा अन्य चिकित्सक और कर्मचारी सदस्य भी उपस्थित थे। अंत में सभी उपस्थित चिकित्सकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरूआत सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देने से हुई, जिस पर एडीएम ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से की जाए तथा मिलावट के स्त्रोतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

- **खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में अधिकारियों ने रखे अपने विचार**

समिति सदस्य मनीष ने सुझाव दिया कि चाय की दुकानों पर कुल्हड़ या कांच के गिलास में चाय परोसने के लिए दुकानदारों को जागरूक किया जाए। साथ ही, कागज व प्लास्टिक कप के दुष्प्रभावों को दर्शानें वाले पम्पलेट और स्टीकर दुकानों पर लगाने की बात कही। जिला पूर्ति अधिकारी ने ब्रांडेड पानी की बोतलों से मिलते-जुलते नामों वाले उत्पादों की सघन जांच कर नमूने संग्रहित करने का सुझाव दिया, जिससे पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक माह कम से कम 10 मिड-डे मील के नमूने लेने और जांच के समय शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शासकीय अधिवक्ता ने पानी-पूड़ी में उपयोग होने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच कराने और दूध उत्पादन का आकलन कर मिलावट वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का सुझाव दिया। अपर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं समाज कल्याण से सभी आवासीय विद्यालयों को ईट राइट स्कूल के अंतर्गत प्रमाणित कराने के निर्देश दिए। साथ ही, सरकारी संस्थानों में संचालित कैंटीनों को ईट राइट कैम्पस योजना के अंतर्गत प्रमाणन कराने पर भी बल दिया।

## कवि करण सिंह की पुण्यतिथि 12 को

**इटावा।** प्रसिद्ध साहित्यक संस्था युगांतर के संयोजक वरिष्ठ कवि नरेंद्र वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जसवंतनगर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि करण सिंह शैवाल की प्रथम पुण्य स्मृति 25 फरवरी 2025 के उपलक्ष में 12 अप्रैल 2026 दिन रविवार को प्रभु मैरिज होम में क्षेत्र के 22 वरिष्ठ साहित्यकारों, कवियों को सम्मानित करेगा। समारोह दो चरणों में होगा प्रथम चरण 11 बजे से 1 पीएम तक साहित्यकारों का अलंकरण तथा पुरूस्कार वितरण, 1 बजे 2 बजे तक स्वरुचि भोज द्वितीय पाली 2 बजे से देर शाम 6 बजे तक सरस काव्य संगोष्ठी सम्पन्न होगी।

## फोटोग्राफर्स सम्मेलन का समाज कल्याण मंत्री ने किया शुभारंभ



**बांदा।** फोटोग्राफर्स एसोसिएशन का गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश के अनेक जनपदों से 500 से अधिक फोटोग्राफर्स ने भाग लेकर अपने पेशे से जुड़ी समस्याओं और चुनौतियों को संगठन के सामने रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा ने प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिया कि फोटोग्राफर्स के हितों की रक्षा के लिए शीघ्र ही प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होने संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। चित्रकूट धाम मण्डल प्रभारी सुनील सक्सेना ने फोटोग्राफर्स से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। महासचिव सुरेन्द्र सिंह विष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास बाबू, रूप श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता दीपक कपूर के अलावा अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन में राजेश गुप्ता, राधेश्याम साहू, धीरेन्द्र गुप्ता, अमृतलाल, मोहम्मद सफीक व बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा का 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम बस्ती अभियान

**फतेहपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर ग्राम बस्ती सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत बुधवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के शहर स्थित रेडईया बस्ती में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा भ्रमण किया गया, जिलाध्यक्ष द्वारा बस्ती के कार्यकताओं के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों को पटका पहनाकर स्वागत किया गया, उपस्थित लोगों को जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी गई, जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज हम सभी को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गांव गरीब किसान मजदूर व विभिन्न क्षेत्रों के हितों को लेकर संजीदगी बिल्कुल स्पष्ट दिखाई दे रही है , समाज के सभी लोगों को बिना भेदभाव सकारात्मक के साथ आच्छादित किया जा रहा है, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के उपरांत 7से12 अप्रैल के मध्य ग्राम बस्ती अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत पार्टी के सभी पदाधिकारियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता, वरिष्ठ कार्यकर्ता व बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य लोग से सम्पर्क व उनका सम्मान किया जा रहा है, आज के कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष कुलदीप भदौरिया, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, मंडल प्रभारी ओम मिश्रा,विनोद गौतम , श्याम सिंह परिहार, दीपक मौर्य, आशुतोष मिश्रा, विनोद सिंह चन्देल, अतुल सिंह शीलू, सर्वेश श्रीवास्तव, भुवनेश्वर मौर्य,रवी गुप्ता, राम सुचित विश्वकर्मा ,मन्टू गुप्ता,शिव प्रसाद, मुन्ना लाला, प्रांजल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग



**फतेहपुर ।** भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र के जिला अध्यक्ष पवन द्विवेदी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने बताया कि बे मौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के लिए उचित मुआवजा दिलाने के संबंध में आसपास के क्षेत्र में किसानों की फसले भारी मात्रा में नष्ट हो गई है इससे किसानों को अत्यधिक आर्थिक क्षतिका सामना करना पड़ा है तथा उनकी स्थिति अत्यंत देनी हो गई है इसके अतिरिक्त गंगा नदी में अचानक जल स्तर बढ़ जाने के कारण गंगा कटरी क्षेत्र में लगी तरबूज लौकी खीरा कद्दू पड़ी आदि फैसले होकर नष्ट हो गई है इस आपदा के कारण किसान कर्ज के बोझ चले दब गए हैं और उनके सामने जीविको पार्जन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है उक्त परिस्थिति को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान किया जाना आवश्यक है जिससे वे अपने परिवार का भरण पोषण कर सके एवं पुण्यतिथि कार्य प्रारंभ कर सके। इस मौके पर डॉक्टर धनंजय पटेल प्रेम सागर मिश्रा कल्लू राजाराम लालता प्रसाद दुबे शमशुल अली अखिल रामकिशोर अब्दुल नादिर शहंशाह मोहम्मद इलियास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना कबरई का किया औचक निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा थाना कबरई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, आवासीय बैरक सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने थाना क्षेत्र के प्रमुख अपराधों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों एवं मुख्य मार्गों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही भूमि विवाद एवं अन्य आपराधिक प्रकृति के मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्देश दिए एवं आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, फ्लाईशीट एवं टॉप 10 रजिस्टर का गहन परीक्षण किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया सहित समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वच्छ भारत मिशन में धन का दुरुपयोग प्रधान, सचिव को नोटिस

**बांदा।** स्वच्छ भारत मिशन, एसबीएम के तहत ग्राम पंचायत बबेरू ग्रामीण में वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है। उप निदेशक पंचायती राज परवेज आलम खां ने इस मामले में बीते 3 अप्रैल को मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय को रिपोर्ट भेजी है। सीडीओ ने रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान व सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ग्राम पंचायत बबेरू ग्रामीण को वर्ष 2022-23 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक 1 22 लाख 49 हजार 163 रुपये आवंटित किए गये थे।

उप निदेशक ने सत्यापन में पाया कि इसमें महज 81,81,000 रुपये खर्च किए गये हैं जबकि बैंक खाते में 17,92,827 रुपये शेष हैं। जांच में 22,75,000 रुपये का कोई लेखा-जोखा नही मिला। इसके अलावा साढ़े चार लाख रुपये की सेप्टिक टैंक सफाई महज ग्राम प्रधान और सचिव के एक गवाह के बयान पर दर्ज की गयी थी। 30 हैंडपंपों के चबूतरे के निर्माण के लिए साढ़े तीन लाख रुपये दर्शाए गये जबकि मौके पर एक भी चबूतरा मौजूद नही था। इसमें 11 लाख रुपये के दुरूपयोग का खुलासा हुआ है। तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार और ग्राम प्रधान पर आरोप है कि उन्होने मिली भगत कर 5 लोगों के खातों में व्यक्तिगत लाभ के लिए 10 लाख 74 हजार रुपये से अधिक की धनराशि भेजी। कंसल्टिंग इंजीनियर अनिल सिंह पर भी स्वयं विकास कार्यों में ठेकेदारी करने का आरोप है।

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि उप निदेशक की रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों के विरूद्ध पंचायती राज अधिनियम के तहत नोटिस जारी की गयी है। कहा कि इस मामले में आगे कार्रवाई होगी।

संक्षेप

## टीटीके प्रेस्टीज का ट्राई-प्लाई ऑरम कुकवेयर रेंज लॉन्च

नयी दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपनी नई ट्राई-प्लाई ऑरम कुकवेयर रेंज को लॉन्च किया है। यह रेंज आधुनिक भारतीय किचन में बेहतर परफॉर्मेंस और बेजोड़ खूबसूरती को एक साथ लाने के लिए तैयार की गई है। यह रेंज आधुनिक किचन के लिए तैयार की गई है, जिसमें शानदार लुक और बेहतर कुकिंग परफॉर्मेंस का अच्छा मेल देखने को मिलता है। इस रेंज में दो मुख्य प्रोडक्ट्स शामिल हैं– ग्लास लिड के साथ कड़ाही और फ्राई पैन। दोनों ही रोजमर्रा की कुकिंग जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। ट्राई-प्लाई तकनीक की वजह से इसमें हीट बराबर फैलती है, जिससे खाना जल्दी और अच्छे से पकता है। इसके अंदर स्टेनलेस स्टील की परतों के बीच एल्यूमिनियम कोर दिया गया है, जो गर्मी को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है।

## वनप्लस ने पेश किया वनप्लस नॉर्ड 6

नयी दिल्ली। आज वन प्लस ने नॉर्ड 6 पेश किया। यह स्मार्टफोन रोजमर्रा के इस्तेमाल में बढ़त प्रदान करने के लिए बनाया गया है। इसमें सेगमेंट का पहला 165 एफ.पी.एस गेमिंग अनुभव दिया गया है, जो बेजोड़ ग्राफिक स्मूथनेस प्रदान करता है। साथ ही, 9,000 एम.ए.एच की सिलिकॉनकार्बन बैटरी अपनी श्रेणी में सबसे अधिक शक्तिशाली है, जो पॉवर की चिंता को खत्म कर देती है। इसलिए वनप्लस नॉर्ड 6 मिड-रेंज स्मार्टफोन की अपेक्षाओं से बढ़कर है। इसमें फ्लैगशिप ग्रेड का ए.आई, अल्ट्रा-ड्यूरेबल कंस्ट्रक्शन, व्यवहारिक और शक्तिशाली कैमरा है तथा इसके डिजाईन की प्रेरणा फ्लैगशिप वनप्लस 15 से ली गई है।

## आर्थिक नीति केंद्र शुरू

हैदाराबाद। महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय आर्थिक महत्व के विषयों पर अनुसंधान, संवाद और नीतिगत जुड़ाव के लिए एक नये मंच- आर्थिक नीति केंद्र शुरू करने की आज घोषणा की। उन्होंने जीसीसी के लिए एक जबरदस्त पारितंत्र तैयार करने में राज्य स्तरीय नीति की अहम भूमिका रेखांकित की। हैदराबाद अपने मजबूत आधारभूत ढांचा, प्रगतिशील नीतिगत वातावरण और गहन प्रतिभा पूल के बल पर वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए एक आकर्षक स्थल के रूप में उभरा है। जैसा की वैश्विक कंपनियां मजबूत और भविष्य के लिए तैयार परिचालन स्थापित करने की संभावना तलाश रही हैं, नवप्रवर्तन, अनुसंधान और उद्योग के साथ गठबंधन के जरिए अपने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## निक इंडिया और अनन्या पांडे की सो पॉजीटिव पहल ने की साझेदारी

मुंबई। अक्सर देखा जाता है कि परीक्षाओं का असर पूरे परिवार पर पड़ता है। कई घरों में परीक्षा का सीजन अपने साथ ढेरों उम्मीदें और दबाव लेकर आता है। इसी बात को समझते हुए, निक इंडिया और अनन्या पांडे की 'सो पॉजीटिव' पहल ने हाथ मिलाया है। इस पहल को बच्चों और परिवारों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, ताकि वे परीक्षा के तनाव को स्वीकार करें और सरल व मजेदार तरीकों से इसे दूर भगा सकें। यह पहल निक इंडिया के चल रहे प्रेशर को बोलो बाय अभियान का हिस्सा है। यह माता-पिता को प्रोत्साहित करती है कि वे अपने बच्चों की अनोखी क्षमताओं और उनके सीखने के तरीके को पहचानें। यह अभियान बच्चों की तुलना दूसरों से करने के बजाय, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर देता है।

## जी5 ने जारी किया एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा का ट्रेलर

मुंबई। जी5 ने अपनी आने वाली फिल्म एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह एक स्टाइलिश मर्डर मिस्ट्री फिल्म है, जिसे अपलॉज एंटरटेनमेंट और मिथ्या टॉकीज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म के लेखक और निर्देशक प्रसिद्ध फिल्ममेकर और अभिनेता रजत कपूर हैं। यह फिल्म सीधे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी और 10 अप्रैल से हिंदी जी5 पर स्ट्रीम होगी। इस फि ल्म में नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले और जबरदस्त परफॉर्मर कलाकारों की एक दमदार टीम है – जिसमें विनय पाठक, रणवीर शौरी, वालुशा डिसूजा, सौरभ शुक्ला, नील भूपालम, कोयल पुरी, चंद्रचूड़ राय, पालोमी घोष और खुद रजत कपूर शामिल हैं। यह फि ल्म एक क्लासिक हूडनिट वाली कहानी है, जिसे एक बिल्कुल नए, आज के जमाने के और थोड़े गहरे-मजेदार नजरिए से दिखाया गया है।

# सेंसेक्स में 2989 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को जोरदार तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के करीब पहुंच गया। पश्चिम एशिया में दो सप्ताह के युद्ध विराम की घोषणा से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

व्यापारियों ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय, सभी क्षेत्रों में भारी लिवाली और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती से भी निवेशकों की धारणा में सुधार आया है। बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,946.32 अंक यानी 3.95 प्रतिशत बढ़कर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 3,018.96 अंक चढ़कर 77,635.54 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 873.70 अंक यानी 3.78 प्रतिशत बढ़कर 23,997.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 901.5 अंक चढ़कर 24,025.15 अंक पर पहुंच गया था। अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम की घोषणा के बाद वैश्विक धारणा में सुधार के कारण यह तेजी आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में काफी गिरावट आई और मुद्रास्फीति तथा वैश्विक वृद्धि को लेकर चिंताएं कम हुईं। भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दर और तटस्थ रुख को यथावत रखने के निर्णय से भी धारणा मजबूत हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इंटरग्लोब एविएशन में सबसे अधिक 8.22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और मारुति भी प्रमुख रूप से लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थीं। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और पावर ग्रिड में गिरावट रही। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 4.93 प्रतिशत चढ़ा, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 4.01 प्रतिशत के लाभ में रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 13.89 प्रतिशत टूटकर 94.09 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 47 पैसे मजबूत होकर 92.59 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को स्थिर बंद हुए थे। युद्धविराम की घोषणा से जोखिम से बचने की धारणा में काफी कमी आई है। इससे भारत का अस्थिरता सूचकांक 20 प्रतिशत से अधिक गिर गया है, जो अनिश्चितता में तेजी से कमी का संकेत देता है।

# रुपया 47 पैसे की बढ़त के साथ 92.59 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बुधवार को 47 पैसे की बढ़त के साथ 92.59 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ दो सप्ताह के लिए सैन्य हमले स्थगित करने की घोषणा करने और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के फैसले से घरेलू मुद्रा को बल मिला है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.92 पर खुला। यह शुरुआती कारोबार में 92.56 प्रति डॉलर तक पहुंचा और अंत में 92.59 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को 93.06 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.90 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 2,946.32 अंक चढ़कर 77,562.90 अंक पर जबकि निफ्टी 873.70 अंक बढ़त के साथ 23,997.35 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 13.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 94.27 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 8,692.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम से कच्चे तेल का वायदा भाव 18 प्रतिशत टूटा

नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बाद वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच बुधवार को कच्चे तेल के वायदा भाव में भारी गिरावट आई और यह 18 प्रतिशत लुढ़ककर 8,775 रुपये प्रति बैरल पर आ गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंध का वायदा भाव छह प्रतिशत टूटकर 10,029 रुपये प्रति बैरल पर खुला था। बाद में यह और लुढ़कता हुआ ।,894 रुपये या 17.75 प्रतिशत फिसलकर 8,775 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। यह मंगलवार को करीब चार प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,990 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह मई में आपूर्ति वाला अनुबंध भी ।,413 रुपये या 15 प्रतिशत फिसलकर 8,012 रुपये प्रति बैरल के निचले सर्किट स्तर पर पहुंच गया। तनाव कम होने से आपूर्ति बाधित होने की आशंकाएं घटने के बीच बाजार में तेज बिकवाली देखी गई। वैश्विक बाजारों में भी अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद तेल कीमतों में गिरावट आई। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है। यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के करीब पांचवें हिस्से के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है।

# सोना 3007 रुपये बढ़कर 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम पर



नयी दिल्ली। कमजोर डॉलर और वॉशिंगटन और तेहरान के दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत होने के बाद राहत के कारण बुधवार को वायदा कारोबार में सोने की कीमतें 3,007 रुपये बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 3,007 रुपये यानी दो प्रतिशत की तेजी के साथ ।,53,296 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। राष्ट्रपति ट्रंप के ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्धविराम की घोषणा के बाद, जिससे होने वाली सैन्य लड़ाई टल गई, डॉलर के कमज़ोर होने से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि ईरान के नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले रोकने का फ़ैसला एक ज़रूरी समयसीमा से कुछ घंटे पहले आया, जिससे भू-राजनीतिक तनाव कम हुआ और पूरे बाजार का माहौल बेहतर हुआ। वैश्विक स्तर पर, जून अनुबंध वाला सोना वायदा 129.12 डॉलर या लगभग 3 प्रतिशत बढ़कर 4,813.82 डॉलर प्रति औंस हो गया। मजबूत वैश्विक रुख तथा अमेरिका और ईरान के दो हफ्ते के युद्धविराम के ऐलान के बाद निवेशकों का रुझान बढ़ने से बुधवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमतें 15,028 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के मई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 15,028 रुपये यानी 6.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,46,376 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 2,31,348 लॉट का कारोबार हुआ। बुधवार को चांदी की कीमतों में अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखी गई, जो बढ़ते जोखिम से बचने के बीच मज़बूत मांग को दिखाता है। वैश्विक स्तर पर, मई अनुबंध वाला चांदी वायदा 5.07 डॉलर या 7.05 प्रतिशत बढ़कर 77.06 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# रेपो दर स्थिर रहने से रियल एस्टेट क्षेत्र को मिलेगा समर्थन

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनियों तथा विशेषज्ञों ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय एक संतुलित और सकारात्मक कदम है। इससे खास तौर से मध्यम-आय एवं किफायती आवास वाले खंड में मांग को बढ़ावा मिलेगा। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को 5.25 प्रतिशत बरकरार रखा है।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच केंद्रीय बैंक के संतुलित और सकारात्मक कदम से बाजार को स्थिरता मिलेगी। यह कदम देश में आर्थिक स्थिरता को सुनिश्चित करेगा और सभी क्षेत्र में विकास की गति में योगदान देगा। नीतिगत स्थिरता रियल एस्टेट क्षेत्र में अहम योगदान देगी क्योंकि इससे डेवलपर और घर खरीदने वालों, दोनों का भरोसा बढ़ता है। इससे डेवलपर जहां नई परियोजनाएं लाने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। वहीं आवास की मांग को भी बढ़ावा मिलता है खासकर मध्यम-आय एवं किफायती आवास वाले खंड में क्योंकि ब्याज दरों में बदलाव से ये खंड जायदा प्रभावित होते हैं। आरबीआई का रेपो दर को स्थिर रखने का निर्णय बदलती हुई व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम से भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव कम होने के आसार

नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम के बाद बुधवार को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में सुधार की उम्मीद जगी है। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा गलियारे के जरिये आपूर्ति सामान्य होने की संभावना बढ़ गई है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता और चौथा सबसे बड़ा गैस उपयोगकर्ता है। देश अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और करीब 60 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है। इस आयातित कच्चे तेल का आधे से अधिक हिस्सा, लगभग 40 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 85-90 प्रतिशत एलपीजी खाड़ी देशों से मंगवाई जाती है। यह आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, जो पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बंद था। अब अमेरिका और ईरान दो सप्ताह के सशर्त युद्धविराम पर सहमत हुए हैं, जिसमें जहाजों की आवाजाही के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना भी शामिल है। खाड़ी देशों से आपूर्ति प्रभावित होने के कारण भारत ने शुरू में होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को होने वाली एलपीजी आपूर्ति में कटौती की थी, लेकिन अब संकट-पूर्व की तुलना में 70 प्रतिशत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। इसी तरह, परिवहन के लिए सीएनजी और घरों में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) की मांग पूरी करने के लिए उर्वरक संयंत्रों सहित अन्य उद्योगों की गैस आपूर्ति में कटौती की गई थी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण उर्वरक संयंत्रों को अब औसत खपत की 95 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है। साथ ही, एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक संस्थानों को पीएनजी कनेक्शन देने को प्राथमिकता दी जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

# बिहार में खरीफ विपणन सत्र 2025-26 में 36.79 लाख टन धान, 12 लाख टन चावल की खरीदः मंत्री

पटना। बिहार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने बुधवार को कहा कि खरीफ विपणन सत्र 2025-26 में राज्य सरकार ने 36.85 लाख टन के लक्ष्य के विरुद्ध 36.79 लाख टन धान तथा 25 लाख टन के लक्ष्य के मुकाबले 12 लाख टन चावल की खरीद की है।

उन्होंने कहा कि शेष चावल की खरीद 15 जून तक सुनिश्चित की जाएगी। रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए केंद्र सरकार ने राज्य के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 18,000 टन निर्धारित किया है। राज्य के सभी जिलों में एक अप्रैल से खरीद शुरू हो चुकी है और यह 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल तक 591 किसानों से 2,617 टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार के लिए मसूर की खरीद का लक्ष्य 32,000 टन तय किया है, जिसकी खरीद 10 अप्रैल से 31 मई के बीच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस फसल का एमएसपी 7,000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

# स्नैपचैट ने क्षेत्रीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए क्रिएटर कनेक्ट का आयोजन किया

लखनऊ। भारत में तेजी से बढ़ रहे क्रिएटर इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्नैपचैट ने लखनऊ में अपना मल्टी-सिटी कार्यक्रम क्रिएटर कनेक्ट आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य खास तौर पर उत्तर भारत के क्रिएटर्स को बेहतर अवसर और सपोर्ट देना है। इस कार्यक्रम में क्रिएटर्स, एजेंसी पार्टनर्स और बड़े पब्लिशर्स को एक मंच पर लाया गया, जहां अगली पीढ़ी के स्टोरीटेलर्स को जरूरी संसाधन, सही मार्गदर्शन और नए मौके उपलब्ध कराए गए। मकसद साफ था–क्रिएटर्स को अपने आइडिया को आगे बढ़ाने, उससे कमाई करने और उसे बड़े स्तर तक पहुंचाने में मदद करना। डायरेक्टर और हेड- एआर एवं कंटेंट पार्टनरशिप्स, साकेत झा सौरभ ने कहा कि लखनऊ में क्रिएटर एजेंसियों और पब्लिशर्स के लिए पहला इन-पर्सन इवेंट इस समिट में 80 से ज्यादा टॉप क्रिएटर्स, टैलेंट एजेंसियां और इंडस्ट्री पार्टनर्स शामिल हुए। करीब दो घंटे तक चले इस गहन सेशन में खास तौर पर रॉ टैलेंट और प्रोफेशनल कंटेंट क्रिएशन के बीच के अंतर को कम करने पर फोकस किया गया।

# शेयर बाजार में दीर्घकालिक निवेश की संभावना मजबूत

बंगलुरु। भारत के शेयर बाजार में इस समय काफी उतार-चढ़ाव है। इसकी वजह मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और टैरिफ को लेकर अनिश्चितता है। इन सब कारणों से भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है और निवेशकों के निवेश के लिए फैसले लेना मुश्किल हो गया है। हालांकि, बंधन लाइफ इंश्योरेंस का मानना है कि ऐसे समय में निवेशकों के लिए अच्छे अवसर भी उभरते हैं।₹सबसे जरूरी है अनुशासन बनाए रखना, और बाजार की स्थिति चाहे जैसी भी हो, नियमित रूप से निवेश करते रहना, ताकि समय के साथ लागत संतुलित हो सके। पिछले 15 महीनों में मिड और स्मॉल कैप शेयरों में अच्छा-खासा सुधार देखने को मिला है, जिससे उनकी वैल्यूएशन अब अधिक संतुलित हो गई है।

पेज एक का शेष

## अमेरिका, इजराइल

कि कोई अन्य देश इस शर्त पर सहमत है या नहीं। पाकिस्तान, जिसने समझौते में मध्यस्थता करने में मदद की, और अन्य देशों ने कहा कि वे लेबनान में लड़ाई रोक देंगे, जहां इजराइल ने ईरान समर्थित हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह के खिलाफ जमीनी आक्रमण शुरू किया है। इजराइल ने कहा कि वह हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले जारी रखेगा। युद्धविराम की घोषणा के बाद ईरान की राजधानी की सड़कों पर सरकार समर्थक प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका मुर्दाबाद, इजराइल मुर्दाबाद, समझौता करने वाले मुर्दाबाद के नारे लगाए। आयोजकों ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की लेकिन वे लगातार नारे लगाते रहे। उन्होंने सड़क पर अमेरिकी और इजराइल के झंडे भी जलाए। युद्धविराम की शर्तों को लेकर अलग-अलग खबरें आई हैं

ट्रंप ने शुरू में कहा था कि ईरान ने एक व्यवहार्य 10-सूत्री योजना का प्रस्ताव दिया है जो 28 फरवरी को अमेरिका, इजराइल के हमले के साथ शुरू युद्ध को समाप्त करने में मदद कर सकता है। लेकिन, जब ईरान का संस्करण सामने आया तो ट्रंप ने बिना विस्तार से बताए इसे धोखाधड़ी करार दिया। ईरान के संस्करण में संकेत दिया गया था कि उसे यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की अनुमति दी जाएगी-जो परमाणु हथियार बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिकी युद्धपोत होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बने रहेंगे, जिससे शांति काल में कुल तेल और प्राकृतिक गैस व्यापार का 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता था। आने वाले दिनों में यह एक संभावित तनाव का कारण बन सकता है। युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान की मांगों में क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू बलों की वापसी, प्रतिबंधों को हटाना और उसकी जब्त संपत्तियों को जारी करना शामिल है। ये सभी प्रस्ताव ट्रंप और अन्य पश्चिमी देशों के लिए शायद ही स्वीकार्य हों।

## भारतीयों को

कई शीर्ष कमांडर मारे गए। इस्लामिक गणराज्य की जवाबी कार्वाई ने युद्ध को पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैला दिया।

## इजराइल ने

धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। हमले में कम से कम एक आवासीय इमारत और कई वाहनों में आग लग गई। आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए आपातकालीन दल और एंबुलेंस मौके पर पहुंचे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन हमलों में कितने लोग मारे गए या घायल हुआ। लेकिन कई हमले व्यस्त वाणिज्यिक क्षेत्रों में हुए, जिससे सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई। इजराइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों, कमान केंद्रों और खुफिया बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। उसने हिजबुल्ला पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सेना ने एक बयान में कहा, लेबनान और उसके नागरिकों को हिजबुल्ला को आवासीय क्षेत्रों में अपने ठिकाने और हथियार निर्माण क्षमताएं विकसित करने से रोकना होगा।

## अब खेत

26 के अंतर्गत 15 वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। वहीं, वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान अकादमी के 30 वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक एवं नवाचार पर विचार-विमर्श भी हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई पुस्तिकों का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन में कृषि के विभिन्न आयामों पर गंभीर विचार-विमर्श होगा, जिसमें जमीनी स्तर के अनुभवों, नवाचारों और सफल प्रयोगों को साझा किया जाएगा। यह मंच केवल चर्चा का नहीं, बल्कि ठोस एक्शन प्लान तैयार करने का माध्यम बनना चाहिए, जिससे किसानों को वास्तविक लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की कृषि क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य देश की लगभग 16-17 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान है, जबकि यहां केवल 11 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि उपलब्ध है। इसके बावजूद यूपी देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 21 प्रतिशत का योगदान देता है। यह योजनाबद्ध प्रयासों, किसानों की मेहनत और प्रभावी नीतियों का परिणाम है। राज्य ने कृषि विकास दर को 8 प्रतिशत से बढ़ाकर लगभग 18 प्रतिशत तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक आर्थिक शक्ति का आधार कृषि रहा है। एक समय ऐसा था जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भागीदारी 44-45 प्रतिशत तक थी और इसका मूल कारण यहां का सशक्त कृषि तंत्र था। उन्होंने बताया कि उस समय किसान केवल उत्पादक नहीं था, बल्कि वह कारीगर और उद्यमी भी था।

## फसलों का

सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाए, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार का विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं किसानों से संपर्क कर उन्हें बीमा योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे अधिकतम राहत उपलब्ध हो सके। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से प्रत्येक जनपद को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रभावित किसानों को त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से सहायता प्रदान की जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां राहत शिविर स्थापित किए जाएं तथा मंडी समितियों के माध्यम से भी किसानों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए। अग्निकांड की घटनाओं पर विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनहानि एवं पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत शीघ्र लाभान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी और इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस आपदा की घड़ी में प्रत्येक किसान, कृषक परिवार एवं बटाईदार के साथ पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## चित्रकूट में

लिमिटेड की ओर से लगभग 562.5 करोड़ रुपये का निवेश करते हुए अत्याधुनिक राडार एवं वायु रक्षा प्रणालियों के निर्माण के लिए एक उन्नत विनिर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। यह पहल न केवल रक्षा क्षेत्र में उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित उत्पादन को सुदृढ़ करेगी, बल्कि प्रदेश में औद्योगिक दक्षता और तकनीकी क्षमताओं के विस्तार को भी नई दिशा देगी। इसके परिणामस्वरूप 300 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है, जबकि सहायक एवं संबद्ध क्षेत्रों में अप्रत्यक्ष रूप से व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन से स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में इस उच्च-प्रौद्योगिकी इकाई की स्थापना से स्थानीय युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे रोजगार के लिए अन्य क्षेत्रों में पलायन करने की आवश्यकता में उल्लेखनीय कमी आएगी।

## पीएंडके उर्वरकों

पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की ओर से अतिरिक्त इक्विटी निवेश को भी मंजूरी दी गई है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) परियोजना की संशोधित लागत पहले के 43,129 करोड़ रुपये के अनुमान से काफी अधिक है।

## मकान तोड़ने

ने इस निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसने तहसीलदार की अदालत को मामले की दोबारा सुनवाई करने का आदेश दिया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद तहसीलदार की अदालत ने पूरे मामले की पुनः सुनवाई की और एक बार फिर बेदखली का आदेश दिया गया। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ गांव पहुंची और उसने सरकारी भूमि से कब्जा हटाने को कहा। उन्होंने बताया कि इससे तैश में आया धनपाल और उसके बेटे दुर्गेश और विवेक फांसी लगाने के लिए पेड़ पर चढ़ गये और गले में फंदा डाल लिया।

## उत्तराखण्ड में

को बेहतर अनुभव मिल सके। आगामी हरिद्वार कुंभ को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने गंगा की स्वच्छता, घाटों के उन्नयन और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, उपाध्यक्ष अवस्थापना परिषद् विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, बृजेश संत, धीराज गर्ब्याल, रणवीर सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

## आरबीआई ने

एमपीसी के नीतिगत दर को यथावत रखने के निर्णय के कारणों का जिक्र करते हुए कहा पिछली नीतिगत बैठक के बाद से, वैश्विक अनिश्चितताएं काफी बढ़ गई हैं। हालांकि, कुल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और लक्ष्य से नीचे है, लेकिन ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि के दबाव और खाद्य कीमतों को प्रभावित करने वाली संभावित मौसम संबंधी गड़बड़ियों के कारण मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए जोखिम बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति का दबाव कम बना हुआ है।

## यूपी : आंधी

कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड,बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाके में 30-40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं।

बांदा, फतेहपुर, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाके।

गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़,बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाके।




# गुजरात ने दिल्ली को दिया 211 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : गिल-बटलर और सुंदर के अर्धशतक, 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट

एजेंसी



नयी दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने कढछ-2026 के 14वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 211 रन का टारगेट दिया है। दिल्ली ने अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 45 बॉल पर 70, जोस बटलर ने 27 बॉल पर 52 और वॉशिंगटन सुंदर ने 32 बॉल पर 55 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लिया। 19वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने टी नटराजन की बॉल पर छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, वे 20वें ओवर में 55 रन बनाकर आउट भी हो गए। 18वें ओवर की तीसरी बॉल पर कप्तान शुभमन गिल फिफ्टी बनाकर आउट हुए। उन्होंने 45 बॉल पर 70 रन बनाए।

उन्हें लुंगी एनगिडी ने नीतीश राणा के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने लुंगी एनगिडी के खिलाफ चौका लगाया और 33 गेंद पर हाफ सेंचुरी लगा दी। 14वें ओवर की दूसरी बॉल पर शुभमन गिल को जीवनदान मिला। अक्षर पटेल की बॉल पर डेविड मिलर से लॉन्ग ऑन पर कैच ड्रॉप हो गया। हालांकि, इसे हाफ चांस ही कहेंगे। 12वें ओवर में विपराज निगम ने 23 रन खर्च कर दिए। इनमें दो छक्के, एक चौका और एक्स्ट्रा के 5 रन शामिल रहे। इसी ओवर में गिल और सुंदर ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। 10वें ओवर में गुजरात ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। कुलदीप यादव के ओवर की आखिरी बॉल पर वॉशिंगटन सुंदर ने एक रन लिया और टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 8वें ओवर की तीसरी बॉल पर गुजरात ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर जोस बटलर 27 बॉल पर 52 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड कर दिया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 7वें ओवर में जोस बटलर ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने अक्षर पटेल की बॉल पर दो लिए और अर्धशतक पूरा किया। बटलर ने 24 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने गिल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी भी की। 19 रन के टीम स्कोर पर साई सुदर्शन 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मुकेश कुमार ने बोल्ड कर दिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही गुजरात ने पावरप्ले में मजबूत शुरुआत की है। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में एक विकेट पर 68 रन बना लिए हैं। जोस बटलर फिफ्टी के करीब हैं। वे गिल के साथ 49 रन की साझेदारी कर चुके हैं। 5वें ओवर में जोस बटलर ने मुकेश कुमार की बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने पहली बॉल पर स्कूप शॉट खेला।

उसके बाद दूसरी बॉल पर सामने की दिशा में छक्का लगाया। इस छक्के के सहारे गुजरात की टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इसके बाद बटलर ने 5वीं बॉल पर भी छक्का लगाया। मुकेश के इस ओवर से 23 रन आए। तीसरी ओवर में विकेटकीपिंग के दौरान केएल राहुल की उंगली पर बॉल लगी। उनके ट्रीटमेंट के लिए मेडिकल टीम को मैदान पर आना पड़ा। हालांकि, उन्होंने विकेटकीपिंग करना जारी रखा। गुजरात ने तीसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है। मुकेश कुमार ने अपने दूसरे ओवर की पहली बॉल वाइड डाली। उसके बाद उन्होंने अगली ही बॉल पर साई सुदर्शन को बोल्ड कर दिया। साई सुदर्शन 7 बॉल पर 12 रन ही बना सके। इनमें दो चौके शामिल रहे। पारी का दूसरा ओवर लेकर आए लुंगी एनगिडी ने अपने पहले ओवर में महज 7 रन दिए। उनकी पहली बॉल पर साई सुदर्शन ने चौका लगाया था। इसके बावजूद एनगिडी ने आखिरी की 5 बॉल पर 3 रन दिए। दिल्ली और गुजरात का मैच शुरू हो चुका है। मुकेश कुमार ने पारी का पहला ओवर डाला। उन्होंने इस ओवर में 11 रन खर्च कर दिए। हालांकि, उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने चौके लगाकर अपना-अपना खाता खोला। वहीं दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाजी कोच कार्ल को ने खुलासा किया कि अनुभवी मोहम्मद शमी ने भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण के साथ मिलकर अभिषेक शर्मा को चकमा देने के लिए नई गेंद का इजाद किया था।

शमी ने ऑफ स्टंप के बाहर निकलती धीमी गेंद पर टी20 रैंकिंग के शीर्ष बल्लेबाज को चकमा देकर आउट किया था। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी बंगाल के लिए शानदार घरेलू सत्र के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के सितारों से सजे शीर्ष क्रम को ध्वस्त करते हुए चार ओवरों में 18 डॉट गेंदों सहित सिर्फ नौ रन खर्च कर दो विकेट लिए। को ने कहा, '(गेंदबाजी कोच) भरत अरुण और शमी ने मैच से चार दिन पहले गेंदबाजी में नई तरह की गेंद का इजाद किया था। उन्होंने उसी गेंद का इस्तेमाल अभिषेक को आउट करने के लिए किया।

अभिषेक ऑफ स्टंप से बाहर की ओर निकल रही धीमी गेंद को समझने में चूक कर गए और शॉर्ट थर्ड मैन पर लपके गए। शमी ने ओवर की शुरुआत में फुल-लैंथ की गेंदबाजी से ट्रेविस हेड को परेशान किया और अभिषेक के स्ट्राइक पर आने के बाद क्षेत्ररक्षकों की जमावट में बदलाव करते हुए चतुराई से धीमी गेंद फेंकी। अभिषेक ने ड्राइव शॉट खेला और गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए शॉर्ट थर्ड मैन पर एम. सिद्धार्थ के हाथों में चली गई। शमी ने अगले ओवर में हेड को चलता किया, जिससे सनराइजर्स की टीम नौ विकेट पर 156 रन ही बना सकी। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस मैच को पांच विकेट से अपने नाम किया। शमी ने 2025-26 के घरेलू सत्र में बंगाल के लिए सभी प्रारूपों में 68 विकेट लिए हैं। इसमें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 16, विजय हजारे ट्रॉफी के 15 और रणजी ट्रॉफी के 37 विकेट शामिल हैं। इसके बावजूद मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति उन्हें नजरअंदाज कर रही है। वनडे विश्व कप 2027 को ध्यान में रखते हुए उनकी वापसी की मांग उठ रही है।

## संक्षेप


### टेबल टेनिस : भारतीय लड़कों और लड़कियों ने किया जीत से आगाज

शिमला। भारतीय लड़कियों (अंडर-19) और लड़कों (अंडर-15) की टीमों ने आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में बुधवार को क्रमशः श्रीलंका और मालदीव पर एक समान 3-0 से जीत हासिल करके अपना दबदबा कायम किया। बेहतर रैंकिंग वाली जेनिफर वर्गीज, अनन्या मुरलीधरन और प्रिशा गोयल की तिकड़ी ने सीधे या चार गेम में जीत दर्ज कर श्रीलंका के खिलाड़ियों को कोई मौका नहीं दिया। अंडर-19 लड़कियों की टीम एकमात्र ऐसी टीम है जो एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। महाद्वीपीय प्रतियोगिता का आयोजन जून में मस्कट में होना था, लेकिन पश्चिम एशिया संकट के कारण इसे टाल दिया गया है। भारत ने अंडर-15 लड़कों के वर्ग में दूसरे दौर में मालदीव को 3-0 से हराकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आदित्य दास, अक्षय किरिकारा और आकाश राजवेलु ने अपने मुकाबलों में एकतरफा जीत दर्ज की।

### खालिन आंध्र ओपन गोल्फ में शीर्ष पर

विशाखापत्तनम। खालिन जोशी लगातार दूसरे दिन तीन अंडर 68 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को यहां आंध्र ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। बेंगलुरु के रहने वाले 33 वर्षीय एशियाई टूर के पूर्व विजेता खालिन ने कुल छह अंडर 136 के स्कोर के साथ शुरुआती दिन शीर्ष स्थान पर रहे ध्रुव श्योराण पर एक शॉट की बढ़त बना ली। श्योराण एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे स्थान पर हैं। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई में 14 बार के विजेता एस. चिक्करंगप्पा ने भी 70 का स्कोर बनाकर कुल चार अंडर 138 के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में खालिन ने चार बर्डी के साथ एक बोगी की। उनकी बोगी आखिरी होल पर आई। श्योराण ने दूसरे दिन ईगल (दो अंडर वाला शॉट) के साथ मजबूत शुरुआत की, लेकिन 16वें और 17वें होल में बोगी करने के बाद वे शीर्ष स्थान से नीचे आ गए।

# दीपिका अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय टीम में वापसी



एजेंसी

नयी दिल्ली। सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी अर्जेंटीना दौरे पर जाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के बुधवार को घोषित 24 सदस्यीय दल में ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका और अनुभवी गोलकीपर सविता की वापसी हुई है। डिफेंडर ज्योति और अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी मुमताज खान की भी वापसी हुई है, जिससे टीम के रक्षण और आक्रमण दोनों विभागों को मजबूती मिलेगी। भारतीय टीम 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैच खेलेगी। यह दौरा इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले अहम तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा कि यह दौरा टीम संयोजन को परखने और खिलाड़ियों के विकल्प बढ़ाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

उन्होंने हॉकी इंडिया से जारी बयान में कहा, यह दौरा हमारे लिए अधिक खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने और अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उन्हें परखने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा, टीम के लिए वैकल्पिक खिलाड़ियों को तैयार करना हमारे लिए जरूरी है। इस तरह के अनुभव युवा खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर की हॉकी की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। इसके साथ ही यह हमें विभिन्न संयोजनों को आजमाने का मौका भी देता है। टीम के लिए सबसे बड़ी मजबूती फिट होकर लौटी फॉरवर्ड दीपिका की वापसी है, जो पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) के बाद फिर से टीम की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका निभाने को तैयार हैं। उनकी अनुपस्थिति में नवनीत कौर, मनीषा चौहान, उदिता और अनु ने क्वालीफायर मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया था। दीपिका की वापसी से अब आक्रमण में अनुभव और गहराई दोनों बढ़ेंगे। गोलकीपर सविता की वापसी से अर्जेंटीना आक्रमण के खिलाफ टीम की रक्षापंक्ति को मजबूती मिलेगी। सविता की अनुपस्थिति में विश्व कप क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बिछू देवी खारिबाम ने भी टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है।

भारतीय टीमः

गोलकीपरः सविता, बिछू देवी खारिबाम।

डिफेंडरः निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, मनीषा चौहान, ललथंतलुआंगी, ज्योति, उदिता।

मिडफील्डरः वैष्णवी विट्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, दीपिका सोरेंग, ऋतुजा दादासो पिसल, इशिका। फॉरवर्डः बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेम्सियामी, मुमताज खान।

# 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' आगाज आज से

खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ अब तेज रफ्तार और दमदार टक्कर वाले खेल हैंडबॉल के रोमांच के लिए तैयार है। यहां गुरुवार नौ अप्रैल से 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' का आगाज होगा, जहां खेल प्रेमियों को छह दिनों तक हैंडबॉल का हाई-वोल्टेज एक्शन देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस लीग में हर मैच तेजी, ताकत और रणनीति का शानदार संगम पेश करेगा। लीग के सभी मैच 9 से 14 अप्रैल 2026 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय हॉल में खेले जाएंगे। यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के संस्थापक व प्रबंध निदेशक अमित पाण्डेय के अनुसार, सभी टीमें लखनऊ पहुंच चुकी हैं और खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह व जोश अपने चरम पर है। यहां हर टीम जीत की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में करना चाहती है। लीग का भव्य उद्घाटन नौ अप्रैल को सुबह 10 बजे होगा। समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक ओपी श्रीवास्तव (लखनऊ पूर्वी विधानसभा) भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। लीग का उद्घाटन मुकाबला भी काफी रोमांचक होगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस मैच में काशी किंग्स और गोरखपुर राउडीज आमने-सामने होंगी, जहां पहले ही मैच से कड़ी टक्कर और जोश की असली झलक देखने को मिलेगी। उद्घाटन समारोह में यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के सीईओ डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय के साथ एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट की ट्रस्टी उपमा पाण्डेय, चेयरमैन संतोष कुमार पाण्डेय व अध्यक्ष प्रखर शुक्ला सहित कई विशिष्ट हस्तियां विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। खास बात यह है कि ब्रांड एंबेसडर और जानी-मानी अभिनेत्री सबिता कलवार की मौजूदगी से खेल के साथ ग्लैमर का आकर्षण भी जुड़ जाएगा। कुल मिलाकर, लखनऊ के खेल प्रेमियों के लिए ये सिर्फ एक लीग नहीं, बल्कि तेजी, टक्कर और जुनून का ऐसा उत्सव बनने जा रहा है, जो हर दिन नए रोमांच का वादा करता है।

**उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 10 बजे करेंगे शुभारंभ**



**काशी किंग्स व गोरखपुर राउडीज के बीच टक्कर हाई-वोल्टेज एक्शन की शुरुआत**

पहले दिन के मैचः

काशी किंग्स बनाम गोरखपुर राउडीज (सुबह 11:00 बजे)

मथुरा ब्रज स्टार बनाम बर्बरीक वॉरियर्स (दोपहर 3:30 बजे)

नोएडा ब्लास्टर्स बनाम गाजियाबाद पैंथर्स (शाम 4:30 बजे)।

# एलएसजी के खिलाफ व्यापक बदलाव कर सकता है केकेआर



कोलकाता। लय हासिल करने के लिए जूझ रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए अपनी अंतिम एकादश में व्यापक बदलाव कर सकता है। केकेआर के लिए वापसी करना आसान नहीं होगा क्योंकि उसका सामना मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज से होगा जिन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में चार ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने लगातार ओवरों में अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड को आउट किया था। घरेलू क्रिकेट में बंगाल की तरफ से खेलने वाले शमी यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। वह सीधी सीम गेंदबाजी और गेंद की स्विंग कराने में माहिर हैं तथा वह ईडन गार्डन्स की परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। केकेआर ने अभी तक तीन मैचों में जीत हासिल नहीं की है। यहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार हो सकती है। बारिश के कारण रद्द कर दिए गए पिछले मैच में पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने दिखाया कि अधिक घास वाली पिच पर सीधी सीम गेंदबाजी कितनी प्रभावी हो सकती है। उन्होंने तीन गेंद के अंदर फिन एलन और कैमरन ग्रीन को आउट करके केकेआर के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया था। केकेआर भाग्यशाली रहा कि यह मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इससे उसने अंक तालिका में अपना खाता भी खोला। पश्चिमी बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र



...मन्नार की खाड़ी तक निम्न दबाव बनने के कारण यहां पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बुधवार देर रात और गुरुवार की सुबह बारिश होने की संभावना है। हालांकि मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होने के कारण इस पर ज्यादा असर पड़ने की संभावना नहीं है। केकेआर के लिए शमी पावरप्ले में बड़ा खतरा साबित होंगे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी का सामना करना भी आसान नहीं होगा। एलएसजी की ताकत उनकी पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी करना है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद दोनों के खिलाफ पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन किया था। केकेआर ने अभी तक अजिंक्य रहाणे और फिन एलन की सलामी जोड़ी को आजमाया है जो अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। वह इस मैच में एलन और टिम सीफर्ट की न्यूजीलैंड की जोड़ी को आजमा सकते हैं।

न्यूजीलैंड के एक अन्य खिलाड़ी रचिन रवींद्र भी मध्य क्रम में जगह बनाने के दावेदार हैं। इससे केकेआर को स्पिन का एक अतिरिक्त विकल्प भी मिल जाएगा। केकेआर की सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण (आठ ओवर में 69 रन देकर एक विकेट) और भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का खराब प्रदर्शन रहा है, जिन्होंने अभी तक एक भी विकेट नहीं लिया है। यह दोनों खिलाड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में अस्वस्थ होने के कारण टीम में शामिल नहीं थे। इन दोनों की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है जबकि मिस्ट्री स्पिनर दक्ष कामरा को भी मौका मिल सकता है। केकेआर के लिए एक और चिंता का विषय कैमरन ग्रीन का नहीं चल पाना है जिन्हें उसने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह केवल बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं लेकिन अभी तक तीन मैच में 18, दो और चार रन ही बना पाए हैं। जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसकी टीम पिछले मैच में जीत दर्ज करने से आत्मविश्वास से भरी होगी। उसके कप्तान ऋषभ पंत ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पिछले मैच में नाबाद 68 रन बनाए थे और वह अपनी इस फॉर्म को जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एलएसजी की टीम में पंत के अलावा शीर्ष तीन में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श और दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम भी शामिल हैं। वह केकेआर के गेंदबाजों पर शुरू से ही हावी होने की कोशिश करेंगे। मैच शुरू होने का समयः शाम 7.30 बजे।

टीमः

केकेआरः अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कैमरून ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, ब्लेसिंग मुजाराबानी, सौरभ दुबे और नवदीप सैनी।

एलएसजीः ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

# राष्ट्रमंडल खेल का प्रतिनिधिमंडल अहमदाबाद के दौरे पर

अहमदाबाद। राष्ट्रमंडल खेलों की सर्वोच्च वैश्विक संस्था कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने अहमदाबाद में 2030 में होने वाले इन खेलों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को गुजरात का अपना चार दिवसीय दौरा शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आठ से 11 अप्रैल तक राज्य में रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी भी शामिल हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की आम सभा की पिछले साल नवंबर में हुई बैठक में अहमदाबाद को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार दिया गया था। भारत ने इससे पहले 2010 में नयी दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी।

### निशानेबाजी : 25 मीटर में महिला दावेदार, पुरुषों ने किया निराश

ग्रेनाडा (स्पेन)। मिश्रित टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष निशानेबाजों ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निराश किया जहां तीनों प्रतिभागी फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे। युवा मुकेश नेलावल्ली ने मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। वह 579 के स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। विश्व के शीर्ष नंबर के एक हुआई भी संघर्ष करते हुए 578 के स्कोर के साथ 15वें स्थान पर रहे। मुकेश क्वालीफाइंग के शुरुआती और अंतिम चरण में 94 और 95 के दो कमजोर स्कोर के कारण पिछड़ गए। उन्होंने बीच के चारों चरणों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 98, 98, 97 और 97 के स्कोर बनाए थे। पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता यू शी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग में 588 के स्कोर से शीर्ष स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने 98, 99, 97, 98, 99 और 97 के स्कोर बनाए।

# आयुष ने ली शी को हराया सिंधू और प्रणय भी जीते

एजेंसी

निंगबो (चीन)। भारत के उभरते हुए स्टार आयुष शेट्टी ने बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उलटफेर करते हुए दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी चीन के लिन शी फेंग को हराया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू और अनुभवी एचएस प्रणय भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। अमेरिकी ओपन 2025 चैंपियन आयुष ने चीन के स्टार लिन को 51 मिनट में 21-13, 21-16 से हराया। दोनों गेम में लिन की अच्छी शुरुआत के बावजूद आयुष दबदबा बनाते हुए अंतिम 16 में पहुंच गए।

लिन ने शुरुआत में ही 4-1 की बढ़त बना ली लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4-1 से बढ़त हासिल की और फिर इसे 12-9 तक पहुंचाया लेकिन आयुष ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का रुख पलट दिया और स्कोर 18-13 कर दिया। लिन ने अंतर कम करते हुए स्कोर 16-18 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और लगातार तीन अंक के साथ खिताब के दावेदार माने जा रहे लिन को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

सिंधू ने महिला एकल में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग को 57 मिनट में 15-21, 21-11, 21-19 से हराया। अब सिंधू का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झी यी से होगा। दोनों का पिछले मुकाबलों में जीत-हार का रिकॉर्ड 3-3 का रहा है। पुरुष एकल में अनुभवी प्रणय ने वियतनाम के एनगुएन हई डांग को 47 मिनट में 24-22, 21-12 से हराया। दूसरे दौर में उनका सामना चीन के हॉंग यांग से होगा जिन्हें पहले दौर में वॉकओवर मिला। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, मालविका बंसोड़ और तन्वी शर्मा पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गए हैं।

### सहजा को पैचरिन ने हराया थाईलैंड से हारा भारत

नयी दिल्ली। सहजा यमलापल्ली की तीन सेट तक चले मुकाबले में पैचरिन चीपचंदेज से शिकस्त के कारण भारत बुधवार को यहां बारिश से प्रभावित बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के पहले मुकाबले में थाईलैंड से हार गया। विश्व रैंकिंग में 384वें स्थान पर काबिज सहजा पर बहुत कुछ निर्भर था। यह मैच बारिश के कारण मंगलवार को बीच में रोकना पड़ा था। भारत पहला एकल मुकाबले हारने के कारण सहजा से वापसी करने की उम्मीद कर रहा था लेकिन वह 25 वर्षीय खिलाड़ी उसे मुकाबले में बनाए रखने में नाकाम रही। वह विश्व रैंकिंग में 449वें नंबर पर काबिज पैचरिन से 4-6, 6-1, 4-6 से हार गई। यह मैच दो घंटे 25 मिनट तक चला। सहजा ने निर्णायक सेट में 3-4 के स्कोर पर खेल फिर से शुरू करते हुए फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया और पैचरिन ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए 5-3 की बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने अपनी सर्विस बरकरार रखी जब पैचरिन का बैकहैंड स्लाइस शॉट नेट पर जा लगा। इससे स्कोर का अंतर 4-5 हो गया।

# मुद्रा योजना उद्यमियों को सशक्त बनायेगी : वित्त मंत्री



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ऐसे लोगों को वित्त उपलब्ध कराने पर केंद्रित है, जिन्हें ऋण नहीं मिला है। यह योजना उद्यमियों को सशक्त बनाना जारी रखेगी।

उन्होंने कहा कि इन उद्यमियों की 2047 तक राष्ट्र को विकसित भारत बनाने की यात्रा में सक्रिय भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने एक मौन बदलाव देखा है, जहां करोड़ों आम नागरिक नए आत्मविश्वास के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में आगे आए हैं। सीतारमण ने कहा कि इसके केंद्र में आठ अप्रैल, 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई पहल पीएमएमवाई है, जिसका उद्देश्य हो जिन्हें ऋण नहीं मिला, उन्हें वित्त उपलब्ध कराना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने लाखों लोगों को सपने देखने के आत्मविश्वास और उन्हें पूरा करने के साधनों से सशक्त बनाकर ऋण तक पहुंच को फिर से परिभाषित किया है। बाधाओं को दूर करके और हमारे लोगों की आकांक्षाओं पर भरोसा करके, इसने पूरे भारत में उद्यम की भावना को मजबूत किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 11 साल बाद, यह योजना देश में एमएसएमई और अनगिनत व्यक्तिगत उद्यमियों के लिए ऋण परिदृश्य को नया आकार देने में सहायक रही है। ये वे उद्यमी थे जो अब तक औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से बाहर थे। इस पहल के साथ, ऋण की बाधाओं को दूर करके उद्यमिता का वास्तव में लोकतंत्रीकरण हुआ है। लाखों लोगों को सशक्त बनाने और समावेशी विकास के दृष्टिकोण को पूरा करने में पीएमएमवाई की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 57.79 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिसके तहत 40.07 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दो-तिहाई ऋण महिला उद्यमियों को स्वीकृत किए गए हैं। कुल कर्ज का लगभग पांचवां हिस्सा पहली बार उद्यमी बनने वाले व्यक्तियों को दिया गया। संख्या के हिसाब से देखें तो नए उद्यमियों को 12 लाख करोड़ रुपये की राशि के 12.15 करोड़ ऋण दिए गए हैं। वित्त मंत्री ने इस योजना को आम आदमी तक पहुंचाने और इसे बड़ी सफलता बनाने के लिए बैंकों, विभिन्न वित्तीय संस्थानों और हितधारकों की भी सराहना की। इस अवसर पर वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि वित्तीय समावेशन सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है, क्योंकि यह समावेशी विकास हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पीएमएमवाई छोटे उद्यमियों को बैंकों, एनबीएफसी और एमएफआई से ऋण सहायता पाने के लिए एक मंच देता है।

उन्होंने कहा कि इसने समाज के वंचित वर्गों सहित देश भर में स्वरोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इनमें अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (कुल लाभार्थियों का 51 प्रतिशत) और महिलाएं (कुल लाभार्थियों का 67 प्रतिशत) शामिल हैं।

# मुद्रा योजना ने छोटे व्यापारियों स्टार्टअप को मजबूत बनाया: शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 11 वर्षों में छोटे कारोबारियों और स्टार्टअप को बिना गारंटी ऋण देकर उन्हें मजबूत बनाया है और स्वरोजगार तथा छोटे उद्योगों को नई गति दी है।

अमित शाह ने कहा कि मुद्रा योजना के 11 वर्षों में 58 करोड़ ऋण वितरित किए गए हैं, जिनकी कुल राशि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इससे 12 करोड़ युवाओं को लाभ मिला है और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा को नई गति मिली है। मुद्रा योजना के 11 वर्षों में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना गारंटी ऋण देकर छोटे कारोबारियों और नए उद्यमों को सशक्त बनाया है, जिससे स्वरोजगार और छोटे उद्योगों को नई ताकत मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि हर तीन में दो मुद्रा ऋण महिलाओं को दिए जाना महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को शुरू की थी। इसके जरिए बिना किसी गारंटी के 20 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है।

## संक्षेप

### मेरे जीवन में सब कुछ यहीं से शुरू हुआ: ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बुधवार को कालीघाट स्थित अपने आवास से मार्च किया और इस निर्वाचन क्षेत्र को ध्रुवीकरण की चपेट में आए मिनी इंडिया के रूप में पेश किया। नामांकन के लिए उनका यह अलग तरीका राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परिवर्तन के आह्वान के खिलाफ एक राजनीतिक जवाब है। बनर्जी ने ममता बनर्जी जिंदाबाद, जय बांग्ला और तृणमूल कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते समर्थकों की भीड़ के बीच अलीपुर सर्वे बिल्डिंग तक रैली का नेतृत्व किया तथा यहां नामांकन पत्र दाखिल किया। बनर्जी ने 2021 में भवानीपुर सीट से जीत हासिल की थी। वह अपनी चिर परिचित मुस्कान के साथ हाथ जोड़े लगभग 600 मीटर तक चलीं। उनके साथ उनकी महिला समर्थक शंख बजाती और जयकारे लगाती रहीं तथा पार्टी कार्यकर्ता तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहराते रहे। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पिछले सप्ताह इस सीट पर नामांकन पत्र दाखिल करते हुए अपनी पार्टी का शक्ति प्रदर्शन और परिवर्तन का आह्वान किया था। बुधवार को बनर्जी का रोड शो इसके विपरीत अपनी विचारधारा के प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

# हिज्बुल्ला के खिलाफ लड़ाई, जमीनी अभियान जारी : इजराइल की सेना

यरुशलम। इजराइल की सेना ने बुधवार को कहा कि लेबनानी मिलीशिया हिज्बुल्ला के खिलाफ युद्ध में उसकी लड़ाई और जमीनी अभियान जारी है।

सेना ने एक बयान जारी कर स्वीकार किया कि युद्ध जारी है, जबकि मध्यस्थ पाकिस्तान ने कहा था कि ईरान युद्ध में दो सप्ताह के युद्धविराम के तहत इजराइल अपने हमलों को रोक देगा। इजराइल ने युद्धविराम से पहले तक ईरान पर किए गए हमलों को अलग से स्वीकार किया। इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल ईरान के साथ हुए युद्धविराम का सम्मान करता है और हिज्बुल्ला से उसकी लड़ाई जारी रहेगी। हिज्बुल्ला ने अब तक इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरानी सभ्यता को नष्ट करने की अपनी धमकियों से पीछे हटने के बाद ईरान, अमेरिका और इजराइल बुधवार को दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए।

### युद्ध विराम की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद ईरान की तेल रिफाइनरी पर हुआ हमला

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद बुधवार को ईरान के लावन द्वीप पर स्थित एक तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने एक खबर में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं और हमले में किसी को चोट नहीं आई है। हालांकि, खबर में यह नहीं बताया गया कि हमला किसने किया है।


# बंगाल के लोगों के भूमि अधिकार छीन कर घुसपैठियों को दे दिये : नवीन



अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों की जमीन छीनकर घुसपैठियों को दे दी, जिससे राज्य की जनसांख्यिकी बदल गई।

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने पर, वह जनसांख्यिकीय परिवर्तनों को ठीक करेगी और बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकाल देगी। नवीन ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों के भूमि अधिकार छीनकर उन्हें घुसपैठियों को दे दिया है, जिससे राज्य की जनसांख्यिकी बदल गई है। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति और अराजकता के कारण बंगाल के निवासी राज्य छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने तृणमूल सरकार पर राज्य के लोगों को पलायन के लिए मजबूर करने और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल में बसने में मदद करने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल में एक खास जगह रखता है और कहा, बंगाल में विकास की रफ्तार धीमी हो गई है। तृणमूल सरकार ने राज्य की पहचान और जनसंख्या को ही बदल डाला है। नवीन ने आरोप लगाया, पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी और अब तृणमूल। जो राज्य कभी उद्योगों से लेकर संस्कृति तक, हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करता था, वह अब अंधकार में है।

# नीतिगत निर्णय में ईरान युद्धविराम को ध्यान में रखा गया: आरबीआई



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को सुखद समाचार बताया और कहा कि कुछ ही घंटों बाद लिए गए नीतिगत निर्णय में इसे ध्यान में रखा गया।

मल्होत्रा ने नीतिगत समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सुबह साढ़े पांच बजे हमें कुछ सुखद समाचार मिले, जो शायद पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि युद्धविराम को कुछ हद तक ध्यान में रखा गया है। इसके पूर्ण प्रभाव का आकलन बाद में होगा, लेकिन मौद्रिक नीति के निर्णय में युद्धविराम को शामिल किया गया है। हालांकि, यह एक पूर्व-निर्धारित समीक्षा थी, लेकिन युद्धविराम की खबर के बाद दुनिया के किसी भी केंद्रीय बैंक द्वारा लिया गया ऐसा पहला फैसला है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रिजर्व बैंक की यह पहली नीतिगत घोषणा है। पिछले 39 दिन से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताएं बनी हुई थीं, जो ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों और उस पर ईरान की प्रतिक्रिया के बाद शुरू हुआ था। मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यीय दर-निर्धारण समिति (एमपीसी) सुबह 10 बजे सार्वजनिक रूप से निर्णय की घोषणा करने से पहले बैठक करती है। केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने के पक्ष में मतदान किया। समिति ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल, कमजोर होते रुपये और व्यापार प्रवाह में आए व्यवधान के बाद बढ़ी अनिश्चितता का जिक्र किया।

# उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर एक और मिसाइल दागी

सियोल। उत्तर कोरिया ने दो दिनों में दूसरी बार बुधवार को समुद्र की ओर छोटी दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। उत्तर कोरिया के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सियोल के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की उम्मीदों के विपरीत शर्मनाक टिप्पणियां जारी करने के कुछ घंटों बाद यह घटना हुई। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र वॉनसन से दागी गईं जो लगभग 240 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए उत्तर कोरिया के पूर्वी जलक्षेत्र की ओर गईं। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका के साथ अपने मजबूत सैन्य गठबंधन के तहत उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी प्रकार की उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर है। दक्षिण कोरिया ने बाद में कहा कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर एक और बैलिस्टिक मिसाइल दागी लेकिन उसने इसके बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसे मंगलवार को उत्तर कोरिया की राजधानी के आसपास एक अज्ञात मिसाइल के प्रक्षेपण का पता चला है। उसने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया एजेंसियां मंगलवार के प्रक्षेपण के विवरण का विश्लेषण कर रही हैं। दक्षिण कोरिया के मीडिया ने बताया कि पहले दागी गई मिसाइल संभवतः एक बैलिस्टिक मिसाइल थी। प्रक्षेपण के प्रारंभिक चरण में दक्षिण कोरियाई सैन्य रडारों पर असामान्य गतिविधि दिखने के बाद यह रडार से गायब हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, इससे संकेत मिलता है कि प्रक्षेपण विफल रहा।

## इंटरटेनमेंट...

# रजनीकांत की 'जेलर 2' में नहीं दिखेंगे शाहरुख




**कैमियो ऑफर ठुकराया, बेटी सुहाना की 'किंग' पर फोकस, नहीं चाहते फिल्म से पहले बड़े पर्दे पर दिखें**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान ने रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' में कैमियो करने से मना कर दिया है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म 'किंग' पर पूरा ध्यान देना चाहते हैं। वे नहीं चाहते कि 'किंग' की रिलीज से पहले वे किसी भी फिल्म में बड़े पर्दे पर नजर आएं। शाहरुख ने रजनीकांत और फिल्म के मेकर्स से बात कर इस ऑफर को विनम्रता के साथ ठुकरा दिया है। बेटी सुहाना के डेब्यू की वजह से लिया फैसला शाहरुख खान के लिए फिल्म 'किंग' कई मायनों में खास है। इसी फिल्म के जरिए उनकी बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'जेलर 2' के मेकर्स चाहते थे कि शाहरुख 5 दिनों का कैमियो शूट करें। शाहरुख को यह आइडिया पसंद भी आया था, लेकिन वे 'किंग' की एक्सक्लूसिविटी बनाए रखना चाहते हैं। 'किंग' में शाहरुख का एक खास लुक है और वे नहीं चाहते कि उस फिल्म से पहले उनका वही लुक किसी और मूवी में दिखे। अगस्त में रिलीज होनी है 'जेलर 2' फिल्म 'जेलर 2' के मेकर्स इसे अगस्त 2026 में रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं, जबकि शाहरुख की फिल्म 'किंग' दिसंबर 2026 के लिए शेड्यूल है।

दोनों फिल्मों की टाइमलाइन अलग होने की वजह से शाहरुख और मेकर्स ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। शाहरुख ने खुद रजनीकांत से फोन पर बात की और उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। शाहरुख ने आश्वासन दिया कि वे भविष्य में उनके साथ काम करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। रजनीकांत की फिल्म का काम लगभग पूरा नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बन रही 'जेलर 2' का काम काफी तेजी से चल रहा है। खुद रजनीकांत ने अप्रैल 2026 में कन्फर्म किया था कि फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

# रामायण फिल्म में विद्वान और योद्धा दिखेगा रावण



**मुंबई।** डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' टीजर रिलीज के बाद से चर्चा में है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और यश रावण के किरदार में नजर आएंगे।

हाल ही में लॉस एंजिल्स में फिल्म के प्रमोशन के दौरान नितेश तिवारी ने यश के किरदार यानी रावण के कैरेक्टर को लेकर कई अहम जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में रावण को केवल एक 'वन-डायमेंशनल' विलेन के रूप में नहीं, बल्कि एक विद्वान और योद्धा के तौर पर भी पेश किया जाएगा। सिर्फ विलेन नहीं, विद्वान और योद्धा भी होंगे यश नितेश तिवारी ने बताया कि रावण के जीवन के कई पहलू थे जिन्हें पर्दे पर उतारना जरूरी है। उन्होंने कहा, रावण एक महान योद्धा, कुशल संगीतकार और प्रकांड विद्वान था। वह एक उदार राजा और भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त भी था। इसलिए उसके किरदार में सिर्फ बुराई (ब्लैक कैरेक्टर) दिखाने के बजाय उसके व्यक्तित्व के इन अलग-अलग पहलुओं को दिखाना हमारे लिए जरूरी है। नितेश तिवारी ने रावण के मानवीय और विद्वान पक्ष को दिखाने के पीछे का असल कारण भी बताया।

### सलमान के बाद मीका भी राजपाल के सपोर्ट में उतरे

**मुंबई।** एक्टर राजपाल यादव का स्क्रीन अवार्ड्स 2026 के दौरान मजाक उड़ाए जाने का मामला अब तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। सलमान खान के बाद अब सिंगर मीका सिंह भी राजपाल यादव का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने वार्ड शो के मंच पर राजपाल के कर्ज और उनकी निजी जिंदगी को लेकर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई है। सलमान खान ने भी पहले कहा था कि राजपाल 30 साल से काम कर रहे हैं और वे इंडस्ट्री के लिए एक 'वैल्यू' लेकर आते हैं। दरअसल, अवॉर्ड सेरेमनी में राजपाल यादव ने डॉलर के रेट बढ़ने पर बात की थी।

# 'सूबेदार' मेरे लिए सिर्फ फिल्म नहीं, बड़ा मौका : गौरव



**अनिल कपूर सर के साथ काम करना सपना पूरा होने जैसा था**

**मुंबई।** रायबरेली से निकलकर हिंदी और तेलुगु सिनेमा में अपनी पहचान बना रहे गौरव कुमार एक बहुमुखी अभिनेता और फिल्ममेकर हैं। हाल ही में वे अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में नजर आए हैं। अपनी सफल फिल्म 'रायबरेली' के बाद अब वे 'प्रधानी, 'लाल दाना' और 'सूअर' जैसे प्रोजेक्ट्स के जरिए नई संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं। सच कहूं तो यह एक इत्तेफाक जैसा था। 'कास्टिंग बे' ने लखनऊ में पांच दिन का ऑडिशन रखा था। मुझे लगा शायद यह फेक होगा, क्योंकि पांच दिन लंबा ऑडिशन? लेकिन एक दोस्त जबरदस्ती ले गया। वहां कास्टिंग डायरेक्टर्स को मेरा लुक पसंद आया, फिर दो बार और ऑडिशन हुआ। जब उन्होंने बताया कि फिल्म में अनिल कपूर जी हैं, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बचपन से उनकी 'नायक' जैसी फिल्में देखी हैं, हम उनके काम के कायल रहे हैं। ऑडिशन के दौरान मैंने किसी को यह नहीं बताया था कि मैं पहले भी 2-3 फिल्में कर चुका हूं।

'रायबरेली' नाम की फिल्म में मैंने सोलो रोल किया है। आज भी वे 20-25 साल के लड़के जैसी एनर्जी रखते हैं। मेरा 15 दिन का शेड्यूल था, जिसमें उनके साथ स्क्रीन स्पेस मिला। वे अपने काम के प्रति बेहद ईमानदार और गंभीर हैं। डायरेक्टर जो कहते हैं, वही करते हैं। शूट के बाद वे मस्ती-मजाक भी करते थे। उन्होंने मुझसे 'नायक' फिल्म के कई किस्से साझा किए, खासकर कीचड़ वाला सीन, बताते थे कि वह कितना मेहनत भरा था। फिल्म में मुझे अच्छा-खासा स्क्रीन स्पेस मिला है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com